सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 22 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 22, पेज 16, 3.50 रुपये


www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 271 अंकों की गिरावट

वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक उतार-चढ़ाव के बाद 270.84 अंक गिरकर 81,909.63 अंक पर बंद हुआ। }14

## भारत-स्पेन को आतंकवाद से मिलकर लड़ना होगा : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों से मिलकर लड़ने के लिए दोनों देशों को संसाधनों और क्षमताओं को साझा करना चाहिए। }16



## यूपी राजभवन का नाम अब जन भवन

### गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने जारी किया नाम परिवर्तन का आदेश



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम बदलकर जन भवन कर दिया गया है जिसे पहले राज भवन के नाम से जाना जाता था। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कार्यालय से बुधवार को जारी एक बयान से यह जानकारी मिली। बयान में कहा गया है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम परिवर्तित किया गया है। इसमें कहा गया है कि पूर्व में राज भवन के नाम से ज्ञात राज्यपाल के आधिकारिक आवास को अब जन भवन नाम दिया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश में राज्यपाल का आधिकारिक आवास तत्काल प्रभाव से समस्त शासकीय एवं वैधानिक प्रयोजनों के लिए जन भवन के नाम से अभिहित एवं संबोधित किया जाएगा।

## बांग्लादेश को 'भारत में खेलने या बाहर होने' का अल्टीमेटम

### आईसीसी ने बीसीबी की सभी मांगों को किया खारिज, 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का दिया समय

एजेंसी

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2026 की शुरूआत से पहले हुए विवाद पर आज हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया गया। उन्हें बहुमत के आधार पर भारत में खेलो या बाहर होने का निर्देश मिला है। इस पर बांग्लादेश को 24 घंटे में फैसला लेना होगा। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा का हवाला देते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से उनके मुकाबले भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने आईसीसी को ग्रुप बदलने का भी विकल्प दिया था। हालांकि, अब आईसीसी ने बुधवार को हुई बैठक में उनकी सभी मांगों को खारिज करते हुए एक दिन में फैसला लेने का अल्टीमेटम दे दिया है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में सभी फुल मेंबर देशों के डायरेक्टर ने हिस्सा लिया। इसमें आईसीसी




चेयरमैन जय शाह के अलावा, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड, जिम्बाब्वे क्रिकेट अध्यक्ष तवेंगा मुकुहलानी, क्रिकेट वेस्टइंडीज अध्यक्ष किशोर शैलो, क्रिकेट आयरलैंड के चेयरमैन ब्रायन मैकनीस, क्रिकेट न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि रोजर ट्वास, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रिचर्ड थॉम्पसन, क्रिकेट साउथ अफ्रीका के प्रतिनिधि मोहम्मद मूसाजी और मीरवाइस अशरफ, क्रिकेट अफगानिस्तान के चेयरमैन शामिल रहे। इसके अलावा बैठक में आईसीसी प्रबंधन के शीर्ष अधिकारी और एंटी-करप्शन के हेड एंड्रयू एफग्रेव ने भी हिस्सा लिया। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, 'आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा है कि अगर बांग्लादेश 2026 टी20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से मना करता रहता है, तो उसकी जगह टूनार्मेंट में दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। यह फैसला वोटिंग के बाद लिया गया, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीबी को भारत में खेलने के अपने रुख पर आईसीसी को जवाब देने के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### अब्बास अंसारी के खिलाफ आरोप तय

मऊ। जिले की एक विशेष सांसदाविधायक अदालत ने 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान चुनाव आचार संहिता के कथित उल्लंघन के मामले में मऊ सदर से विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ बुधवार को आरोप तय किए। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अंसारी, दक्षिण टोला थाने में दर्ज मामले के सिलसिले में अदालत में पेश हुए। यह मामला फरवरी 2022 में दर्ज किया गया था। वकील दरोगा सिंह ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के लिए 2022 में अंसारी के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 133 (चुनावों में अवैध रूप से वाहन किराए पर लेने या खरीदने पर दंड) के तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आरोप मुक्त करने का आवेदन दायर किया गया, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया।

### संभल हिंसा के मुख्य आरोपी की संपत्ति कुर्क

संभल। संभल में पिछले साल 24 नवंबर को हुई हिंसा के मुख्य आरोपी शारिक साठा की संपत्ति बुधवार को कुर्क की गई। यह कार्रवाई साठा की चल एवं अचल संपत्तियों को कुर्क करने का एक अदालत द्वारा एक वारंट जारी करने के बाद की गई। अधिकारियों ने बताया कि भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नखासा पुलिस थानाक्षेत्र के दीपा सराय स्थित साठा के मकान पर कुर्की की कार्रवाई की गई। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह कार्वाई फरार आरोपी के खिलाफ अदालत के आदेशों का पालन करते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 84 के तहत की जा रही है। हमने आरोपी के मकान की पहचान कर ली है और कुर्की की कार्रवाई कर रहे हैं। जिला पुलिस बल और राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद हैं।

## लोकतंत्र की आत्मा हैं न्याय, समता व बंधुत्व : योगी

### ज्वलंत मुद्दों पर लगातार चर्चा-परिचर्चा चलाती है उत्तर प्रदेश विधानसभा व विधान परिषद




विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में बुधवार को तीन दिवसीय 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह में कहा कि विधायिका लोकतंत्र की आधारभूत इकाई है। संविधान संरक्षक के रूप में यह अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए देश में न केवल विधायी कार्यों के लिए रूपरेखा तैयार करती है, बल्कि यह समग्र विकास की कार्ययोजना का मंच भी होती है। संविधान के तीन शब्द (न्याय, समता और बंधुता) भारत के लोकतंत्र की आत्मा के रूप में काम करते हैं। न्याय कैसे प्राप्त होना है, इसका कानून विधायिका के मंच पर तैयार होता है। समतामूलक समाज की स्थापना में सरकार की योजनाएं योगदान दे सकें, उसकी कार्ययोजना का स्थल भी विधायिका का मंच बनता है। विधायिका बंधुता का उदाहरण प्रस्तुत करती है, जहां सहमति व असहमति के बीच भी संवाद के माध्यम से समन्वय होता है। सीएम योगी ने कहा कि देश में लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था अत्यंत मजबूत है और यह दुनिया के लिए प्रेरणा है। सदन में जनप्रतिनिधि के माध्यम से अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की आवाज मजबूती से सुनी जा सकती है और संसद इसकी प्रेरणा का केंद्रबिंदु है। उसके माध्यम से देश में योजनाएं बनती हैं। पांच बार लोकसभा सदस्य रहे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संसद में रहकर सीखा कि सामान्य जीवन में सरकार की गतिविधियों, आपसी व्यवहार और नियम के अंतर्गत इन कार्यक्रमों को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। विधान सभा-विधान परिषद केवल संसद ...शेष पृष्ठ 14 पर

### डिजिटल होंगी देश की सारी विधानसभाएं : बिरला




लखनऊ। लखनऊ में 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का बुधवार को समापन हो गया। तीन दिन के इस सम्मेलन में देश के 24 राज्यों से कुल 36 सदस्य शामिल हुए, जिनके साथ तीन प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। सम्मेलन के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पहला विषय था पारदर्शी, कुशल और जनकेन्द्रित विधायी प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग। दूसरा कार्यकुशलता ...शेष पृष्ठ 14 पर

### जनभागीदारी से और भव्य होगा यूपी दिवस

लखनऊ। प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सक्रिय सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास की साझा चेतना के साथ उत्तर प्रदेश दिवस-2026 इस वर्ष एक भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश दिवस को जनोत्सव के रूप में आयोजित किया जाए, जिसमें प्रदेश की आत्मा हर स्तर पर दिखाई दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान प्रदान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रयागराज में वायु सेना का विमान हादसे का शिकार

जिला संवाददाता

प्रयागराज। वायु सेना का एक अत्यंत हल्का, दो सीट वाला विमान इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हादसे का शिकार हो गया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि विमान में सवार पायलट सुरक्षित हैं।

यह माइक्रो लाइट विमान सामान्यतः प्रशिक्षण, पक्षी सर्वेक्षण और निरीक्षण कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हादसा तब हुआ जब विमान एक नियमित उड़ान पर था। विमान की रिकवरी प्रणाली सक्रिय की गई और दोनों पायलटों को सुरक्षित बचा लिया गया। विमान को शहर से दूर एक खुले क्षेत्र से सुरक्षित तरीके से निकाल लिया गया। प्रयागराज पुलिस ने घटना स्थल को घेर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रयागराज के पुलिस उपायुक्त (नगर) मनीष शांडिल्य ने बताया कि विमान फफामऊऔर संगम क्षेत्र की ओर उड़ान भर रहा था, तभी इसके इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। विमान में दो पायलट सवार थे, जिन्होंने के.पी. कॉलेज के पास जॉर्ज टाउन पुलिस क्षेत्र में स्थित एक तालाब में विमान को नियंत्रित और सुरक्षित तरीके से उतारा। पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों की मदद से पायलटों को सुरक्षित निकाला गया। शांडिल्य ने बताया कि इस दौरान गोताखोरों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी भी जनहानि की सूचना नहीं है।

## गीता प्रेस ने सनातन संस्कृति व धर्म की रक्षा की

### गृहमंत्री शाह व सीएम धामी ने कल्याण पत्रिका के शताब्दी अंक का किया विमोचन




प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश (देहरादून)। ऋषिकेश में गीता प्रेस शताब्दी समारोह के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि गीता प्रेस ने सौ वर्षों से सनातन संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक चेतना की रक्षा का कार्य किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश में गीता प्रेस द्वारा आयोजित कल्याण पत्रिका के शताब्दी अंक का विमोचन किया। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि जब समाज वैचारिक भ्रम और सांस्कृतिक विघटन से गुजर रहा था, तब गीता प्रेस ने धर्म और सदाचार के माध्यम से राष्ट्र को दिशा दी। गीता प्रेस ने वैचारिक संघर्ष के दौर में भी भारतीय संस्कृति को अक्षुण्ण रखा। गीता प्रेस ने हर चुनौतीपूर्ण दौर में भारतीय संस्कृति ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रहा है यूरोप : डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी

दावोस। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के मंच से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपनी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और वैश्विक भू-राजनीति पर तीखा रुख स्पष्ट कर दिया है। दावोस में वैश्विक नेताओं और कॉर्पोरेट जगत के दिग्गजों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने जहां अमेरिकी अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार का दावा किया, वहीं यूरोपीय संघ की वर्तमान दिशा और दशा पर गंभीर सवाल उठाए।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप स्विट्जरलैंड पहुंच चुके हैं। राष्ट्रपति का विमान एयर फोर्स वन ज्यूरिख में उतरा। इसके बाद वह दावोस रवाना हुए, जहां उनका कार्यक्रम पहले कारोबार जगत के नेताओं से मुलाकात और फिर वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भाषण देने का है। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब यूक्रेन युद्ध, वैश्विक मंदी और सुरक्षा मुद्दों पर दुनिया की निगाहें अमेरिका की भूमिका पर टिकी हैं। दावोस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा है कि यूरोप सही दिशा में नहीं बढ़ रहा है। कुछ जगहों की तो पहचान ही नहीं बची है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावोस में विश्व यूरोपीय संघ की वार्षिक बैठक में अपना भाषण शुरू करते हुए 'बहुत सारे दोस्तों' और 'कुछ दुश्मनों' का अभिवादन किया। ट्रंप ने दावोस में कहा है कि मुझे चुनकर अमेरिकी लोग बहुत खुश हैं। दो साल पहले हम एक ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

अधिकतम : 21.06 डिसे.
न्यूनतम : 11.00 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- आदर्श है यूपी विजन डॉक्यूमेंट: हरिवंश (पृष्ठ-02)
- 24 को हर न्याय पंचायत में होगी शिक्षा चौपाल (पृष्ठ-02)
- असम को मिले एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव (पृष्ठ-14)
- राजस्थान में सेमीकंडक्टर नीति को मंजूरी (पृष्ठ-14)
- 67 पैसे टूटकर 91.64 के निचले स्तर पर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने राजधानी लखनऊ में जगह-जगह जलवाये अलाव, लोगों को मिली बड़ी सहूलियत

## जाड़े में जलवाते रहेंगे अलाव, चलता रहेगा सेवा अभियान : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने बुधवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाए। इससे लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से राहत पाई। बुधवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास की









इस मानवीय पहल का हृदय तल की गहराइयों से स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर सर्दी से राहत पाई। गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव उन्हें सर्दी से जूझने की ताकत देता है। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा अलाव जलवाए जा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने सोमवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, ...शेष पृष्ठ 14 पर



# बीबीडीयू में दो दिवसीय उद्गम 2026 का आयोजन



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा अपने स्नातकोत्तर छात्रों के आधिकारिक मंच उदघोष के अंतर्गत दो दिवसीय वार्षिक प्रबंधन महोत्सव उद्गम 2026 का आयोजन 20 एवं 21 जनवरी 2026 को कैंपस स्थित डॉ अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में किया गया।

यह आयोजन श्रीमती अलका दास गुप्ता, चांसलर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, विराज सागर दास, प्रो-चांसलर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, सुश्री सोनाक्षी दास वाइस प्रेसिडेंट, एवं श्रीमती देवांशी दास वाइस प्रेसिडेंट, बीबीडीईजी की प्रेरणा से हुआ एवं वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव और प्रो वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस. सी. शर्मा, बीबीडीयू के मार्गदर्शन में किया गया। उद्गम 2026 ने पारंपरिक शिक्षण से आगे बढ़ते हुए विद्यार्थियों को उनके प्रबंधकीय कौशल, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ, जिससे आयोजन को सांस्कृतिक और प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) सचिन कुमार श्रीवास्तव, डीन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, प्रोफेसर (डॉ.) विनितेंद्र पी. सिंह, प्रोफेसर (डॉ.) आंचल रस्तोगी सहित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के अनेक वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी उद्घाटन भाषण में कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव ने उद्गम को विद्यार्थियों के समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने हार्वर्ड के लेख Emotional Intelligence for Leadership का उल्लेख करते हुए कहा कि भावनात्मक बुद्धिमत्ता आज के समय में प्रभावी नेतृत्व और प्रबंधन की सबसे आवश्यक क्षमता है, जो आत्म-नियंत्रण, अंतर-व्यक्तिगत संबंधों एवं संगठनात्मक सफलता में अहम भूमिका निभाती है।

शैक्षणिक एवं प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों की शुरूआत फाइनेंस क्लब की प्रतियोगिता फिन फंबल से हुई, जिसमें प्रतिभागियों के तकनीकी ज्ञान एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का दो चरणों में परीक्षण किया गया।

इस प्रतियोगिता में निधि मिश्रा विजेता रहीं। मार्केटिंग क्लब द्वारा आयोजित विजन एंड वॉयस प्रतियोगिता में ब्रांड निर्माण एवं संप्रेषण पर नवाचारी सोच को प्रोत्साहित किया गया। इसमें प्रथम चरण में वंशिता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय चरण में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के हर्षा नंबुरी, इशु सिंह एवं रेयान अशरफ ने उत्कृष्ट प्रस्तुति के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। एचआर केस स्टडी प्रतियोगिता में टीम मानुषी सिंह एवं वंशिता यादव विजेता रहीं।

वहीं उद्यमिता प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित क्विज-ओ-ब्रेन प्रतियोगिता ने स्टार्टअप इकोसिस्टम पर प्रतिभागियों की विश्लेषणात्मक समझ को परखा।

शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें एकल नृत्य, एकल गायन, समूह नृत्य, कॉर्पोरेट वॉक, रंगोली, पोस्टर मेकिंग एवं मेहंदी जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन प्रो. (डॉ.) सैफ अब्बास आबिदी, संयोजक, उद्गम 2026 द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों, आयोजकों एवं छात्रों के उत्साह, सहयोग और निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उनके अनुसार, सभी के सामूहिक प्रयासों से उद्गम 2026 एक यादगार और अत्यंत सफल आयोजन सिद्ध हुआ।

# लोकतांत्रिक संस्थाओं को जवाबदेह, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने का संकल्प

## मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में मजबूत हुए लोकतांत्रिक मूल्य : बिरला, नवाचार, संवाद और प्रौद्योगिकी से लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता के और नजदीक लाया जाये

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक प्रभावी, जवाबदेह, पारदर्शी तथा जन-आकांक्षाओं के अनुरूप बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी सम्मेलनों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता की आशाओं और आकांक्षाओं से जोड़ने हेतु व्यापक विचार-विमर्श हुआ है और इन चर्चाओं से ठोस परिणाम भी सामने आए हैं। अब समय है कि नवाचार, संवाद और प्रौद्योगिकी के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता के और नजदीक लाया जाए।

समारोह में अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्य सशक्त हुए हैं। राज्य ने सुशासन, सामाजिक कल्याण, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। ओम बिरला ने कहा कि सम्मेलन के दौरान सभी पीठासीन अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने लोकतंत्र को सार्थक चर्चा के माध्यम से और मजबूत बनाने तथा विधायी संस्थाओं को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए अपने-अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन चर्चाओं का उद्देश्य केवल संवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि इनके ठोस और सकारात्मक परिणाम सामने आएं तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं में नवाचार को अपनाया जाए।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस सम्मेलन में यह संकल्प लिया गया है कि सभी विधायी संस्थाएं विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप अपने-अपने राज्यों को विकसित राज्य बनाने की दिशा में संवाद और चर्चा को आगे बढ़ाएं। इसके लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विकास और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों पर निरंतर संवाद आवश्यक है। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यहां विजन-2047 समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर 36 घंटे तक लगातार चर्चा हुई, जिसमें विधायकों ने अपने विचार रखे। यह एक अनुकरणीय पहल है, जो यह दशार्ती है कि किस प्रकार सार्थक बहस और संवाद से दीर्घकालिक विकास की दिशा तय की जा सकती है। ओम बिरला ने विधायी संस्थाओं में बैठकों की संख्या में आ रही कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में कई निर्णय लिए गए और उनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए, लेकिन अब और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि राज्य विधानमंडलों में न्यूनतम 30 दिन सदन की बैठकें हों, सकारात्मक चर्चा हो और राजनीतिक मतभेदों के बावजूद राज्य के विकास के लिए अनुकूल वातावरण बने। उन्होंने कहा कि विधानसभाएं वह मंच हैं जहां अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज सदन के माध्यम से सरकार तक पहुंचती है। मतदाता यह अपेक्षा करता है कि उसका प्रतिनिधि उसकी समस्याओं और चुनौतियों को सदन में उठाएगा तथा समाधान की दिशा में पहल करेगा। न्यायपालिका का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जैसे लोगों को न्यायालय पर विश्वास होता है, वैसे ही यदि विधायक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सदन में अपनी बात रखें तो विधानसभाओं के माध्यम से भी सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायी संस्थाओं को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग आवश्यक है। आज सभी राज्य विधानसभाएं पेपरलेस हो चुकी हैं और पुरानी बहसों, बजट तथा विधायी कार्यवाहियों का डिजिटलीकरण किया गया है। इससे विधायकों की क्षमता-वृद्धि होगी और शोध-आधारित चर्चा को बल मिलेगा। इसी उद्देश्य से विधानसभाओं में रिसर्च विंग का गठन भी किया गया है।

### गतिरोध लोकतंत्र के लिए उचित नहीं

ओम बिरला ने कहा कि डिजिटलीकरण से कानून निर्माण के समय सार्थक बहस के लिए आवश्यक संदर्भ आसानी से उपलब्ध होंगे। मिलकर कार्य करने से जन प्रतिनिधियों में क्षमता निर्माण होगा और विधायिकाएं अधिक जवाबदेह बनेंगी। इससे शासन-प्रशासन पर निगरानी भी प्रभावी होगी। सदनों में बार-बार होने वाले गतिरोध पर चिंता व्यक्त करते हुए ओम बिरला ने कहा कि सदन का प्रत्येक क्षण बहुमूल्य होता है। सदन चर्चा, संवाद और समिति कार्यों के लिए होते हैं, न कि गतिरोध के लिए। विरोध राजनीतिक रूप से हो सकता है, लेकिन शब्दों और तर्कों का मंच सदन होना चाहिए, ताकि सार्थक परिणाम निकलें और जनता का विश्वास बना रहे। लोकसभा अध्यक्ष ने लेजिसलेटिव इंडेक्स की अवधारणा पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे विधानसभाओं की उत्पादकता, कार्यप्रणाली और उपयोगिता का आकलन होगा। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से नई प्रक्रियाएं, नियम और नवाचार सामने आएंगे, जिससे विधायी संस्थाएं अधिक प्रभावी बनेंगी। अपने संबोधन के अंत में ओम बिरला ने कहा कि पीठासीन अधिकारी संविधान के अंतर्गत कार्य करते हैं और उन पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्हें निष्पक्ष और न्यायसंगत रहते हुए संस्थाओं को जनता के प्रति उत्तरदायी बनाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्मेलन में हुई चर्चाओं से निकले संकल्पों को सभी प्रतिनिधि अपने-अपने राज्यों में आगे बढ़ाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सम्मेलन नई दिशा, नए संकल्प और नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की ऊर्जा देता है। कहा कि उत्तर प्रदेश की यह भूमि सामाजिक, आध्यात्मिक और परिवर्तन की धरती है, जहां से प्राप्त ऊर्जा को सभी प्रतिनिधि अपने-अपने राज्यों में लेकर जाएंगे।

## आदर्श है यूपी विजन डॉक्यूमेंटः हरिवंश

- **सतीश महाना ने कहा, सीएम योगी ने अनुशासन व जनता के साथ निरंतर संवाद से बदलते उत्तर प्रदेश की छाप रखी**

**लखनऊ।** देशभर की विधायी संस्थाओं के अनुभव, संवाद और संकल्प का केंद्र बने 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का समापन लखनऊ में गरिमामय वातावरण में हुआ। समापन समारोह में लोकतंत्र की मजबूती, जनहित की सर्वोच्चता और बदले हुए उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक पहचान प्रमुख रूप से उभरकर सामने आई। इस अवसर पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने उत्तर प्रदेश के विजन 2047 डॉक्यूमेंट की जमकर तारीफ की और इसे सबके लिए प्रेरणादायी बताया। यूपी विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्याग, अनुशासन और जनता के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश और सशक्त प्रशासन की स्पष्ट छाप देश के सामने रखी है।

86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इसे एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी आयोजन बताया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में देशभर से आए पीठासीन अधिकारियों, विधान सभाओं और लोकसभा के पदाधिकारियों के अनुभवों एवं उनके द्वारा अपनाए गए नवाचारों से हम सभी को सीखने का अवसर मिला है, जो भविष्य में देश की संसदीय और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने में मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। चाहे विधानमंडल हो या सरकार, हम सभी का उद्देश्य संवाद और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से देश के विकास में योगदान देना है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार ने लगातार गहन विचार-विमर्श के बाद विकसित उत्तर प्रदेश-2047 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया, वो हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। ये विजन डॉक्यूमेंट, लोकतांत्रिक संवाद और सहभागिता के माध्यम से विकास की रूपरेखा तय करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। राज्यसभा के उपसभापति ने कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान के विधानसभा अध्यक्षों के विधानसभा की कार्यवाही में विधायकों की उपस्थिति बढ़ाने और सोशल मीडिया के प्रयोग से सदन की कार्यवाही को आमजन तक पहुंचाने की पहल को अनुकरणीय बताया। साथ ही उन्होंने देश भर से आए विधानसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के साझा किए अनुभवों और नवाचार पहलों को देश में संसदीय और विधायी कार्यवाही को अधिक प्रभावी बनाने के लिए मार्गदर्शक बताया। प्रदेश विभानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मार्गदर्शन से सभी को संबल और दिशा मिलती है। श्री महाना ने विभिन्न राज्यों से आए पीठासीन अधिकारियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि विधायिका लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ है। यहां जनता के बीच से चुनकर आया प्रतिनिधि होता है। जनहित की बात करना, प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना और जनता की अपेक्षाओं को सरकार तक पहुंचाना विधायिका की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सतीश महाना ने कहा कि सम्मेलन के दौरान पीठासीन अधिकारियों की ओर से कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए हैं। विगत वर्षों में सरकार ने प्रभावी ढंग से कार्य किया है। भले ही सभी का एजेंडा अलग-अलग हो, लेकिन लक्ष्य एक ही है जनहित और विकास। आप सभी के आगमन से उत्तर प्रदेश का स्वरूप पूरे देश में जाएगा। यहां की कार्यसंस्कृति, प्रशासनिक मॉडल और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुभव आप सभी अपने-अपने प्रदेशों में साझा करें।

# अटल विद्यालय के छात्रों को सशक्त बनाने के लिए नयी कौशल पहल : पुलकित खरे

**लखनऊ।** मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में बीओसीडब्ल्यू योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों के सत्यापन एवं प्रोजेक्ट प्रवीण अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने संबंधी समीक्षा बैठक संपन्न



मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में बुधवार को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) योजना के अंतर्गत संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लाभार्थियों के सत्यापन संबंधी समीक्षा तथा प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीओसीडब्ल्यू योजना अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं उनकी प्रगति की गहन समीक्षा की गई। प्रशिक्षण लाभार्थियों के सत्यापन की प्रक्रिया, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा में योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

इसके साथ ही प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जाने के प्रस्ताव पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रशिक्षण की कार्ययोजना, पाठ्यक्रम संरचना, लक्षित विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक मानकों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस नई पहल के अंतर्गत क्लास 9, 10 और 11 के छात्रों को प्रत्येक कमिश्नरेट जिले में स्थित सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# कौशल दिशा पोर्टल से मिलेंगे रोजगार के मार्ग

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के रूप में कौशल दिशा पोर्टल विकसित किया गया है। यह पोर्टल राज्य में कौशल विकास की व्यापक और समावेशी नीति का सशक्त डिजिटल माध्यम है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल अंतर को समाप्त कर युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। कौशल दिशा पोर्टल के तहत युवाओं को कौशल, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आजीविका से जोड़ते हुए उत्तर प्रदेश को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर किया जा रहा है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि कौशल दिशा एक ऑनलाइन कौशल शिक्षा मंच है, जो सरल पंजीकरण प्रक्रिया, सेल्फ लर्निंग, ऑनलाइन मूल्यांकन एवं प्रमाणन जैसी सुविधाओं के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण को युवाओं की सीधी पहुंच में लाता है। यह प्लेटफॉर्म दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 1.0 के अंतर्गत चयनित शीर्ष 10 प्रमुख सेक्टरों में ऑनलाइन प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है। इनमें आईटी-आईटीईएस, पर्यटन एवं आतिथ्य, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य सेवाएं, परिधान एवं रेडीमेड गारमेंट, होम फर्निशिंग, रिटेल और लॉजिस्टिक्स जैसे रोजगारोन्मुखी क्षेत्र शामिल हैं। पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण निर्धन युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। कौशल दिशा पोर्टल विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए लाभकारी है, जो सामाजिक या पारिवारिक कारणों से प्रशिक्षण केंद्रों तक भौतिक रूप से नहीं पहुंच पातीं। स्मार्टफोन और इंटरनेट के माध्यम से घर बैठे प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाणन हासिल करने की सुविधा योगी सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति को नई मजबूती प्रदान करती है। यह पोर्टल उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत कौशल विकास को प्रौद्योगिकी और नवाचार से जोड़कर राज्य में एक मजबूत, समावेशी और भविष्य-उन्मुख कौशल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है।

# राज्यपाल से योगी ने की शिष्टाचार मुलाकात

- **मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं हुई तेज**



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से बुधवार को जनभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को मोदी : वैश्विक व्यवस्था के शिल्पकार पुस्तक भेंट की। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति रही। फिलहाल यह भेंट शिष्टाचार कहीं जा रही है लेकिन माना जा रहा है कि अब खरमास खत्म हो चुका है और जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार भी किया जाना है इसलिए इस मुलाकात को कैबिनेट विस्तार से जोड़ कर देखा जा रहा है। इधर, संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है।

प्रदेश में अभी पंचायत चुनाव और 2027 का विधानसभा चुनाव होना है, ऐसे क्षेत्रीय और जातीय समीकरण के मद्देनजर कैबिनेट विस्तार किया जाना है। माना जा रहा है ऐसे में वर्तमान में मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड के अनुसार यह तय किया जायेगा कि कौन से चेहरे मंत्री पद पर बने रहेंगे और कौन से चेहरे संगठन में जायेंगे। इसी के अनुसार कई चेहरे संगठन से योगी मंत्रिमंडल में जगह पायेंगे। ऐसे में यह भी माना जा रहा है कि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को भी कैबिनेट विस्तार में जगह दी जा सकती है क्योंकि पूर्व में भी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले वे योगी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के पद पर आसीन थे। ऐसे में कई और चेहरे में संगठन से निकलकर मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। विस्तार को लेकर फिलहाल संगठन से लेकर सरकार तक लगातार चर्चाओं का बाजार गरम है और इस पर लगातार चर्चाएं भी हो रही है।

# प्रदेश सरकार ने कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए दी वित्तीय स्वीकृतियां

विशेष संवाददाता (vol)

- **कृषि विश्वविद्यालयों में किसानों को विद्युत आपूर्ति के लिए वित्तीय स्वीकृतियां जारी**
- **कृषि महाविद्यालय हरदोई में बनेगा 75 कमरों का बालक छात्रावास**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने प्रदेश में कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने, कृषकों को रियायती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने और कृषि शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यापक वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। सरकार के इस कदम से न केवल किसानों को सिंचाई के संसाधनों में मदद मिलेगी, बल्कि कृषि विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा सकेंगी। इन स्वीकृतियों के माध्यम से राज्य के कृषि विकास को नई गति देने का प्रयास किया गया है।

कृषि उत्पादन में वृद्धि के संकल्प को दोहराते हुए शासन द्वारा कृषकों के निजी नलकूपों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश विद्युत निगम को अनुदान योजना के अंतर्गत बड़ी धनराशि आवंटित की गई है। इसके तहत जनवरी 2026 से मार्च 2026 की अवधि के लिए 60,000.00 लाख रुपये (छः अरब रुपये मात्र) की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इस धनराशि का उपयोग किसानों को देय विद्युत सब्सिडी की प्रतिपूर्ति के लिए किया जाएगा, जिससे कृषि लागत में कमी आएगी और किसानों की आय में वृद्धि के अवसर बढ़ेंगे। कृषि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि महाविद्यालय, हरदोई परिसर में आधुनिक छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा।

शासन ने यहां 75 कमरों के एक बालक छात्रावास के निर्माण हेतु 1832.12 लाख रुपये (अट्ठारह करोड़ बत्तीस लाख बारह हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय आजमगढ़ को भी विभिन्न मदों में कार्यों के संचालन के लिए 50 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। राज्य कृषि विकास योजना के अंतर्गत भी शासन ने कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

# महिला सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल




**लखनऊ।** रालोद प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पार्टी महिला शक्ति संगठन की राष्ट्रीय महासचिव शालिनी सिंह द्वारा तहरी भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार एवं रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं की सहभागिता रही।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम की आयोजक शालिनी सिंह की सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उपस्थित महिलाओं से संवाद कर यह भी जाना कि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ किस हद तक मिल रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि शालिनी सिंह जैसी ऊर्जावान और समर्पित कार्यकर्ता पार्टी संगठन की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति संगठन के माध्यम से पार्टी को नई ऊर्जा और नई दिशा मिल रही है।

# भाजपा सनातन परंपरा को तोड़ रही

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि शंकराचार्य जी और सभी साधु-संत हम सब की शोभा हैं। तमाम अनुयायी उनसे मिलने और आशीर्वाद लेने आते हैं, यही सनातन धर्म की परम्परा है। भाजपा सनातन परम्परा को तोड़ रही है। साधु-संतों और शंकराचार्य जी को जानबूझकर अपमानित कर रही है। भाजपा सरकार ने शंकराचार्य जी और साधु-संतो के साथ दुर्व्यवहार किया है। भाजपा को अधिकारियों के माध्यम से ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। भाजपा सरकार देश का संविधान, कानून, भाईचारा, परम्परा तोड़ रही है। इस सरकार में किसी के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं हो रहा है। लखनऊ में बुधवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अगर कोई अधिकारी शंकराचार्य जी से उनका परिचय और प्रमाण पत्र मांग रहा है तो सनातन धर्म का इससे बड़ा अपमान कोई और नहीं हो सकता है।

# 24 जनवरी को हर न्याय पंचायत में होगी शिक्षा चौपाल

- **अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी से समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति पर जोर**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करने और शिक्षा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में 24 जनवरी को यूपी दिवस के अवसर पर शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और स्थानीय जनसमुदाय को निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों से जोड़ते हुए बच्चों की बुनियादी भाषायी और गणितीय दक्षताओं को सुदृढ़ करना है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी द्वारा समस्त बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि शिक्षा चौपाल के माध्यम से बालवाटिका के प्रभावी संचालन, बच्चों के नामांकन और नियमित उपस्थिति तथा शिक्षा के दीर्घकालिक महत्व पर विशेष जोर दिया जाएगा।

चौपाल में विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई शिक्षण सामग्री, प्रिंट-रिच सामग्री, गणित किट, क्रियाशील पुस्तकालय, खेल सामग्री सहित डिजिटल संसाधनों जैसे स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, दीक्षा, खान अकादमी और टीचर्स ऐप की जानकारी भी साझा की जाएगी।

शिक्षा चौपाल के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, नामांकन व उपस्थिति में उल्लेखनीय सुधार करने वाले विद्यालयों, तथा मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, अभिभावकों और एसएमसी सदस्यों के योगदान के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया जाएगा।

# यूपी का पहला जीरो फ्रेश वेस्ट डंप शहर बना लखनऊ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने देश में स्वच्छता के क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। यह राज्य का पहला शहर बन गया जहां ताजा कचरे का डंपिंग पूरी तरह शून्य हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत लखनऊ नगर निगम ने नगरपालिका ठोस कचरे का 100 प्रतिशत वैज्ञानिक प्रसंस्करण हासिल कर लिया है।

शहर में प्रतिदिन लगभग 2,000 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होता है। पहले यह कचरा खुले डंपयार्ड में फेंका जाता था। लेकिन अब इसे पूरी तरह प्रोसेस किया जा रहा है। शिवरी ठोस वेस्ट मैनेजमेंट संयंत्र में नया 700 मीट्रिक टन क्षमता वाला यूनिट शुरू हुआ है। पहले से चल रहे दो संयंत्रों के साथ कुल क्षमता अब 2,100 मीट्रिक टन से अधिक हो गई है। इससे शहर में कहीं भी नया कचरा डंप नहीं बढ़ेगा। 40 लाख आबादी और 7.5 लाख प्रतिष्ठानों वाले राजधानी के लिए अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता में जटिल चुनौतियां भी सामने आ रहीं हैं। हालांकि लखनऊ नगर निगम वैज्ञानिक अपशिष्ट निपटान, संसाधन पुनर्प्राप्ति और सतत शहरी विकास पर केंद्रित बहुआयामी रणनीति के माध्यम से इन चुनौतियों का समाधान कर रहा है, जिससे शहर में जन स्वास्थ्य और पर्यावरण की गुणवत्ता दोनों में सुधार हो रहा है। यहां शिवरी संयंत्र में नगर निगम ने अपनी तीसरी अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा का उद्घाटन किया है। नवस्थापित संयंत्र की प्रसंस्करण क्षमता 700 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। लखनऊ नगर-निगम अब दो मौजूदा संयंत्रों के साथ प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले 2,100 मीट्रिक टन से अधिक कचरे को वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण करने में सक्षम है। इससे खुले में कचरा फेंकने की आवश्यकता समाप्त हो गई है और यह टिकाऊ शहरी अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शहर में प्रतिदिन लगभग 2,000 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होता है। इसके प्रबंधन के लिए लखनऊ नगर निगम और भूमि ग्रीन एनर्जी ने 700 मीट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता वाले तीन कचरा प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किए हैं। कचरे को जैविक (55 प्रतिशत) और अजैविक (45 प्रतिशत) भागों में अलग किया जाता है। जैविक कचरे को खाद और बायोगैस में परिवर्तित किया जाता है, जबकि अजैविक कचरे को पुनर्चक्रण के लिए छांटा जाता है या सीमेंट और कागज उद्योगों में उपयोग के लिए अपशिष्ट-व्युत्पन्न ईंधन (आरडीएफ) में परिवर्तित किया जाता है। लखनऊ में घर-घर कचरा संग्रहण की दक्षता बढ़कर 96.53 प्रतिशत हो गई है और स्रोत पर ही कचरे को अलग करने का स्तर 70 प्रतिशत से अधिक है। नगर निगम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शहर में लगभग 18.5 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे में से लगभग 12.86 लाख मीट्रिक टन का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया गया है। इससे प्राप्त अपशिष्ट आधारित ईंधन (आरडीएफ), निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट, जैव-मिट्टी और मोटे कणों का उपयोग पर्यावरण के अनुकूल तरीकों जैसे पुनर्चक्रण, सह-प्रसंस्करण और निचले इलाकों में भूमि भराव के लिए किया गया है। कचरे के प्रसंस्करण से कई मूल्यवान उप-उत्पाद उत्पन्न हो रहे हैं। लगभग 2.27 लाख मीट्रिक टन अपशिष्ट आधारित ईंधन (आरडीएफ) को भारत भर के उद्योगों में सीमेंट और कागज निर्माण में सह-प्रसंस्करण के लिए भेजा गया है। मोटे कणों (4.38 लाख मीट्रिक टन), जैव-मिट्टी (0.59 लाख मीट्रिक टन) और निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (2.35 लाख मीट्रिक टन) जैसी अक्रिय सामग्रियों का उपयोग निचले इलाकों में भूमि भराव और अवसंरचना विकास के लिए किया गया है इससे धीरे-धीरे एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया। साइट पर 25 एकड़ से अधिक भूमि का पुनर्विकास किया गया है, जिसे अब 2,100 मीट्रिक टन की दैनिक प्रसंस्करण क्षमता वाली एक पूर्णतः कार्यरत ताजे अपशिष्ट उपचार सुविधा के रूप में विकसित किया जा रहा है।

साइट पर अब विंडरो पैड, आंतरिक सड़कें, शेड, समर्पित वजन मापने वाले पुल और एक संपूर्ण अपशिष्ट प्रसंस्करण प्रणाली मौजूद है। आगे की योजना के तहत शिवरी में अपशिष्ट-से-ऊर्जा (डब्ल्यूटीई) संयंत्र स्थापित करने की तैयारी है। प्रस्तावित संयंत्र अपशिष्ट से प्राप्त कच्चे ईंधन (आरडीएफ) को बिजली में परिवर्तित करेगा।

## ब्राजील के मेयर ने शहर के विकास कार्यों की सराहना की

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ के मॉडल में बढ़ी रुचि, शिवरी प्लांट में देखी कूड़ा निस्तारण की आधुनिक व्यवस्था



**लखनऊ।** ब्राजील के साओ पाओलो राज्य के पिकेटे शहर के मेयर रोमिन्हो अपने उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को लखनऊ पहुंचे। यह प्रतिनिधिमंडल लखनऊ नगर निगम की ओर से किए जा रहे नवाचारपूर्ण और सतत विकास कार्यों का अध्ययन करने के उद्देश्य से भारत आया था। ब्राजील से आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत स्मार्ट सिटी कार्यालय, लालबाग में महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने किया। ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल के साथ इंडो-ब्राजीलियन चैम्बर ऑफ कामर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पाउलो अजेवेदो, पिकेटे सिटी कॉर्पोरेशन के सिटी काउंसलर कार्लोस पोर्टो तथा एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी जूलियो एनकार्नासाओ भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मेयर रोमिन्हो ने अपने शहर पिकेटे में कराए गए विकास कार्यों, स्मार्ट सिटी पहल और आधुनिक तकनीकों की प्रस्तुति दी। उन्होंने महापौर सुषमा खर्कवाल को लखनऊ नगर निगम की टीम के साथ ब्राजील आने का औपचारिक आमंत्रण भी दिया, ताकि दोनों शहर एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकें। इसके बाद लखनऊ नगर निगम की ओर से किए गए विकास कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। फिल्म में यूपी दर्शन पार्क, प्रेरणा स्थल, शिवरी प्लांट, सीएनडी वेस्ट प्लांट, पीसीटीएस-एफसीटीएस प्रणाली तथा वेंडिंग जोन जैसी प्रमुख परियोजनाओं की जानकारी दी गई, जिसे देखकर प्रतिनिधिमंडल काफी प्रभावित नजर आया। प्रतिनिधिमंडल ने शिवरी प्लांट का निरीक्षण किया। यहां नगर निगम प्रशासन और प्लांट प्रबंधन की ओर से कूड़ा निस्तारण की पूरी प्रक्रिया का प्रेजेंटेशन दिया गया और आधुनिक तकनीक से हो रहे अपशिष्ट प्रबंधन को प्रत्यक्ष रूप से दिखाया गया।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा नगर निगम की ओर से किए गए विकास कार्य आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल का आगमन हमारे लिए गर्व की बात है और इससे वैश्विक सहयोग को नई दिशा मिलेगी। वहीं पिकेटे के मेयर रोमिन्हो ने कहा, लखनऊ नगर निगम ने जिस तरह कूड़ा निस्तारण, सार्वजनिक स्थलों के विकास और विरासत संरक्षण का कार्य किया है, वह हमारे लिए प्रेरणादायक है। हम इन मॉडलों को अपने शहर में अपनाने पर विचार करेंगे। ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल को यूपी दर्शन पार्क का भ्रमण कराया गया। यहां झांसी का किला, ताजमहल, बांके बिहारी मंदिर और राम मंदिर के भव्य प्रतिरूपों को देखकर अतिथियों ने प्रशंसा की। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने प्रेरणा स्थल का अवलोकन किया।

यह जानकर वे आश्चर्यचकित रह गए कि जहां आज प्रेरणा स्थल बना है, वहां कभी कूड़े का पहाड़ हुआ करता था। म्यूजियम में लगी स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरों और लघु फिल्म ने अतिथियों को विशेष रूप से प्रभावित किया।

## केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में गुलाबी पर्चे पर होगा इलाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ओपीडी व ट्रॉमा के पर्चे के रंग एक समान होने से बहुत दिक्कत होती थी। कई बार मरीज ओपीडी से पर्चा बनवाने के बाद इमरजेंसी में इलाज के लिए आ जाते थे। जिसको लेकर केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को गुलाबी पर्चे पर इलाज मिलेगा। अभी तक पीले पर्चे पर मरीजों को इलाज मुहैया कराया जा रहा था।




ओपीडी मरीज के ट्रॉमा में आने से अव्यवस्था बढ़ जाती है। इन्हीं दिक्कतों को दूर करने के लिए पर्चे के रंग में तब्दीली की जा रही है। ट्रॉमा सेंटर में गंभीर मरीजों को 24 घंटे इलाज मुहैया कराया जा रहा है। प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज इमरजेंसी में आ रहे हैं। इन मरीजों का पर्चा मुफ्त बनाया जा रहा है।

ट्रॉमा में 400 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। यहां की व्यवस्थाओं में सुधार के बावत पर्चे का रंग पीले के बजाए गुलाबी किया जा रहा है। ट्रॉमा सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि ओपीडी से मरीजों के आने से दबाव बढ़ जाता है। इससे अव्यवस्था हावी हो जाती है। इससे बचाव के लिए पर्चे के रंग में तब्दीली की जा रही है। ट्रॉमा में गुलाबी पर्चे से मरीजों को इलाज मिलेगा। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी तक ट्रॉमा सेंटर में मरीजों की मुफ्त जांच शुरू करने की योजना है। तीमारदारों को शुल्क जमा करने के लिए कतार में नहीं लगना पड़ेगा। भर्ती के बाद शुरूआती 24 घंटे पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी की जांचें मुफ्त होंगी। इससे मरीजों को काफी फायदा होगा।

## केकेसी में स्किल बिल्ड कोर्स का आयोजन

**लखनऊ।** श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में स्किल-बिल्ड प्रोग्राम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि आरएमएसए स्कूल शिक्षा के अपर निदेशक प्रोजेक्ट विष्णुकांत पांडेय ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ अपनी पॉकेट मनी ऑनकोर्स जॉब करके निकालते हैं। अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर केके शुक्ला ने की। उन्होंने कहा कि लर्निंग की शुरूआत तीन चरणों में होती है। पहले लर्निंग, दूसरा अनलर्निंग और तीसरा रि-लर्निंग। कहा कि कोई भी नई चीज सीखने के लिए मस्तिष्क को तैयार रखना आवश्यक है। यूपी ट्रेनिंग एंड एंप्लॉयमेंट विभाग के उप निदेशक अरशद खान ने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए फाइनेंशियल एकाउंटिंग एवं सॉफ्ट स्किल्स में दक्षता हासिल कर मार्केट के योग्य बनाने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की अवधि तीन महीने की है। इस दौरान स्किल बिल्ड कोर्स मैटेरियल का वितरण और स्टडी किट निःशुल्क दी गई।

## आईटी सिटी योजना 20 फरवरी को होगी लांच

विशेष संवाददाता (vol)

- जमीन देने वाले किसानों को लॉटरी से आवंटित किये जाएंगे विकसित भूखण्ड
- लैंड पूलिंग नीति के तहत 288 से 35 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे भूखण्ड

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की आईटी सिटी योजना 20 फरवरी को लांच होगी। इसमें सबसे पहले उन भू-स्वामियों को भूखण्ड आवंटित किये जाएंगे, जिन्होंने लैंड पूलिंग नीति के तहत योजना के लिए अपनी भूमि निःशुल्क दी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को बैठक करके इस बाबत आदेश जारी कर दिये हैं। प्रथम चरण में 288 से 35 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड लांच किये जा रहे हैं।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर रोड पर 3490 एकड़ क्षेत्रफल में आई0टी0 सिटी योजना का विकास किया जा रहा है। जिसके लिए मोहनलालगंज तहसील के ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, मोहारी कला, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जा रही है। प्राधिकरण बोर्ड के निर्णय के अनुसार लैंड




पूलिंग, भूमि अर्जन, आपसी सहमति से क्रय के आधार पर भूमि जुटाव का कार्य किया जा रहा है। उपाध्यक्ष ने बताया कि 27 जनवरी, 2026 तक जिन भू-स्वामियों के लैंड पूलिंग के एग्रीमेंट निष्पादित होंगे। उन सभी को लॉटरी के माध्यम से योजना में ही निःशुल्क विकसित भूखण्ड आवंटित किये जाएंगे। इसके लिए योजना के सेक्टर-15, 16, 17 एवं 18 में भूखण्ड नियोजित किये जा रहे हैं। आगामी 20 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में भू-स्वामियों की उपस्थिति में लॉटरी ड्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक 275 भू-स्वामियों ने लैंड पूलिंग नीति के तहत अपनी लगभग 125 एकड़ भूमि का एग्रीमेंट किया है। इसके अलावा 150 एकड़ से अधिक भूमि के अनुबंध के प्रस्ताव प्रक्रिया में हैं।

**288 से 35 वर्गमीटर तक के होंगे भूखण्ड :** आईटी सिटी योजना अपनी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी बनेगी। योजना में 288 वर्गमीटर से 35 वर्गमीटर क्षेत्रफल के आवासीय भूखण्ड नियोजित किये जा रहे हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लैंड पूलिंग करने वाले भू-स्वामियों को भूखण्ड आवंटित करने के बाद आम लोगों के लिए भूखण्डों का पंजीकरण खोला जाएगा। भूखण्डों की कीमत लगभग 4,000 रुपये प्रति वर्गफिट प्रस्तावित है।

## आठ सफाई निरीक्षकों का वेतन रुका

**लखनऊ।** नगर आयुक्त ने खुले में गंदगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही पर आठ सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों का वेतन रोक निर्देश दिया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से बुधवार को आदेश भी जारी कर दिया गया। जिन सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों का वेतन रोका गया है उनमें प्रमोद कुमार गौतम, बाल गोविंद सिंगरौर, रश्मि शुक्ला, रामजीत पांडेय, विशुद्धानंद त्रिपाठी, मोहम्मद नईम और वीरभद्र सिंह शामिल हैं। इनमें रश्मि शुक्ला और वीरभद्र ने जनवरी माह में 17 तारीख तक एक भी कार्रवाई नहीं की। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम इन दिनों गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चला रहा है। जिसकी समीक्षा 17 जनवरी को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने की। जिसमें आठ सफाई निरीक्षकों को कार्रवाई में लापरवाही का दोषी पाया गया। जिसके बाद उनका वेतन रोकने के निर्देश नगर आयुक्त ने दिए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी पीके श्रीवास्तव ने बताया कि काम में सुधार और लापरवाही को लेकर जवाब मिलने के बाद ही वेतन जारी किया जाएगा।

## भूतनाथ बाजार में सीवर ओवरफ्लो से मिलेगी निजात

**लखनऊ।** इंदिरा नगर स्थित भूतनाथ बाजार क्षेत्र में लंबे समय से बनी सीवर ओवरफ्लो की समस्या पर अब प्रभावी नियंत्रण पा लिया गया है। सुएज एवं जलकल विभाग की ओर से संयुक्त रूप से यहां 210 मीटर लंबी और 800 डायामीटर की ट्रेंचलैस सीवर लाइन डाली जा रही है, जिसमें से लगभग 180 मीटर लाइन डाल दी गई है। पुरानी करीब 50 वर्ष पुरानी सीवर लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र में लगातार ओवरफ्लो की स्थिति बनी हुई थी। इसी को देखते हुए बिना सड़क खोदे आधुनिक ट्रेंचलैस तकनीक से नई सीवर लाइन बिछाई जा रही है। यह मुख्य ट्रंक लाइन इंदिरा नगर, मैथिली शरण और लाल बहादुर शास्त्रीझ्1 वार्ड का सीवेज वहन करती है। लाइन के आंशिक रूप से चालू होते ही सीवर का दबाव कम हुआ है और ओवरफ्लो की शिकायतों में स्पष्ट गिरावट दर्ज की गई है। कार्य पूर्ण होने के बाद भूतनाथ बाजार क्षेत्र को स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को वर्षों पुरानी समस्या से पूरी तरह निजात मिल सकेगी।

## प्री बोर्ड परीक्षाओं के दौरान अन्य कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश

**लखनऊ।** वर्तमान में 10वीं एवं 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाओं के दौरान अन्य कक्षाओं के प्रभावित होने की शिकायतों को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने गम्भीरता से लिया है। कार्यवाह माध्यमिक शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी ने इस संबंध में बुधवार को सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों के नाम आदेश जारी कर कहा है कि जिलों में माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबद्ध विद्यालयों में संचालित प्री बोर्ड परीक्षाओं के दौरान अन्य कक्षाओं को भी प्रत्येक दशा में सुचारू रूप से संचालित किए जाएं। इस संबंध में प्राप्त किसी भी शिकायतों पर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रों ने मतदान करने की ली शपथ

**लखनऊ।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में स्थित मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने भाग लिया। कुलसचिव रीना सिंह एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह भी उपस्थित रहे। डॉ रीना सिंह ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, हमारा कर्तव्य भी है। एक वोट देश की दिशा और दशा बदल सकता ही। वहीं उपस्थित प्रो. ओपी सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि हर मत की अहमियत है, इसलिए मतदान अवश्य करे। इस अवसर पर छात्रों को मतदाता शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने निष्पक्ष, निर्भिक एवं जिम्मेदार मतदाता बनने का संकल्प लिया।

## 14 साल की सजा पूरी कर चुके कैदियों का ब्यौरा मांगा

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह प्रदेश की विभिन्न जेलों में 14 वर्ष या उससे अधिक समय से निरुद्ध कैदियों का पूरा ब्यौरा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करे। साथ ही ऐसे कैदियों द्वारा कानून के तहत सजा में छूट (रिमिशन) के लिए दाखिल आवेदनों की जानकारी भी मांगी गई है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि 14 वर्ष की सजा पूरी करने वाले कैदियों की रिमिशन याचिकाओं पर सक्षम प्राधिकारी कितने मामलों में विचार कर रहे हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी पूछा है कि क्या ऐसे कैदियों को उनके रिमिशन के अधिकार की जानकारी दी जाती है तथा उनके आचरण और जेल में गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया स्वतः शुरू की जाती है या नहीं। यह आदेश वर्ष 2020 में बी.के. सिंह परमार द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया गया है। याचिका में कहा गया है कि कानून के अनुसार प्रत्येक कैदी को 14 वर्ष की सजा पूरी होने के बाद अच्छे आचरण के आधार पर समयपूर्व रिहाई (रिमिशन) पर विचार किए जाने का अधिकार है और जेल प्रशासन का यह वैधानिक दायित्व है कि वह प्रत्येक पात्र कैदी का मामला समय पर आगे बढ़ाए। याची का आरोप है कि जेल प्रशासन इस दायित्व का समुचित पालन नहीं कर रहा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि यह याचिका महत्वपूर्ण सार्वजनिक हित के प्रश्न उठाती है, क्योंकि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 433 व 433-ए, भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 474, उत्तर प्रदेश कैदी परिवीक्षा पर रिहाई अधिनियम, 1938 तथा उसके नियमों के तहत कैदियों के मामलों पर समयबद्ध विचार आवश्यक है।

## राजधानी की दो ग्राम पंचायतों से आधार सेवाओं का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

- पहले चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में सेवा विस्तार की योजना
- अब तक 800 से अधिक पंचायत सहायकों को दिया जा चुका प्रशिक्षण

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पंचायती राज विभाग ने लखनऊ में ग्राम पंचायत स्तर पर आधार केंद्रों की शुरूआत कर दी है, जिससे ग्रामीणों को आधार से जुड़ी सेवाएं अब अपने गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगी। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ब्लॉक सरोजनीनगर की ग्राम पंचायत भटगवां पांडेय तथा चिनहट ब्लॉक की सैरपुर ग्राम पंचायत में आधार सेवाएं सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई हैं। इन दोनों ग्राम पंचायतों में अब तक 40 से अधिक ग्रामीणों को आधार से संबंधित सेवाएं प्रदान की गई हैं, जिससे उन्हें अब शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

यह पहल पंचायत स्तर पर नागरिक सेवाओं की सहज, पारदर्शी और सुलभ उपलब्धता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। विभाग की योजना के अनुसार, पहले चरण में प्रदेश की 1000 ग्राम पंचायतों में आधार सेवाएं प्रारंभ की जाएंगी, जिसके बाद इसे चरणबद्ध तरीके से प्रदेश की सभी 57,694 ग्राम पंचायतों तक विस्तारित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत सहायकों का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अब तक 800 से अधिक पंचायत सहायकों को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि शेष पंचायत सहायकों का प्रशिक्षण कार्य प्रगति पर है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि ग्राम स्तर पर आधार सेवाओं की शुरूआत ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह पहल न केवल समय और संसाधनों की बचत करेगी, बल्कि पंचायतों को आत्मनिर्भर और सक्षम भी बनाएगी। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि विभाग ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आधार सेवाओं की यह शुरूआत पंचायतों को नागरिक सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आने वाले समय में इसका लाभ प्रदेश के हर गांव तक पहुंचेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर आधार सेवाओं की यह पहल डिजिटल इंडिया और सशक्त पंचायतों के संकल्प को साकार करने की दिशा में बड़ी शुरूआत मानी जा रही है।

## लविवि में पीएचडी प्रवेश के लिए 22 से ऑनलाइन आवेदन

**लखनऊ।** लविवि सत्र 2025-26 के अंतर्गत पीएचडी प्रवेश के ऑनलाइन आवेदन 22.01.2026 से प्रारम्भ कर रहा है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 21 फरवरी है। सत्र 2025-26 के पीएचडी प्रवेश के अंतर्गत रेगुलर और पार्ट-टाइम पीएचडी दोनो प्रकार के प्रवेश लिए जायेगे। रेगुलर पीएचडी में प्रवेश की विज्ञापित सीटें 42 विषयों में 954 पार्ट टाइम पीएचडी में विज्ञापित सीटें हैं 20 विषयों में 61 हैं। पीएचडी आवेदन शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियो के लिए रू. 2000 और अनुसूचित जाति, जनजाति और दिव्यांग श्रेणी अभ्यर्थियो के लिए रू. 1000 है।

## यूरोपीय देश रोमानिया में हिंदी का परचम फहरायेंगे के.डी सिंह

**लखनऊ।** बांदा जनपद के मूल निवासी, लेखक और साहित्यकार केडी सिंह बुखारेस्ट में यूरोपीय राष्ट्र रोमानिया और माल्दोवा के संयुक्त भारतीय दूतावास में आयोजित क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से इस यात्रा की अनुमति भी प्रदान कर दी गई है। रोमानिया में भारतीय दूतावास से केडी सिंह को प्राप्त आमंत्रण पत्र में कहा गया है कि चूंकि वे लब्ध प्रतिष्ठित हिंदी लेखक हैं जिनकी , हिंदी साहित्य की अनेक विधाओं में 16 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और वे देश में ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी हिंदी के प्रसार और संवर्धन के लिए निरंतर कार्यरत हैं, अतः साहित्यकार के रूप में उनकी ख्याति और हिंदी लेखन के साथ साथ देश और विदेश के अनेक विश्वविद्यालयों में उनके व्याख्यानों तथा उनकी प्रभावकारिता के दृष्टिगत उन्हें इस वैश्विक आयोजन में आमंत्रित किया जा रहा है।



के डी सिंह हिंदी लेखन और साहित्य के क्षेत्र में बहुआयामी व्यक्तित्व हैं। हिन्दी भाषा की अनेक विधाओं में अब तक उनकी 16 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। अभी हाल ही में खजुराहो फिल्म फेस्टिवल में उन्हें साहित्य के क्षेत्र में छत्रसाल गौरव सम्मान से नवाजा गया था। इसके पूर्व भी उन्हें साहित्य सेवा के लिए उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान से तीन बार, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान से एक बार तथा प्रयाग गौरव सम्मान, बांदा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। बांदा जनपद के पिपरहरी गांव में जन्मे के.डी सिंह विगत तीन दशकों से उत्कृष्ट साहित्य सृजन करते हुए लेखन और साहित्य जगत में जनपद बांदा का नाम रोशन कर रहे हैं। सम्प्रति ये उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी के पद पर तैनात हैं और अपने राजकीय दायित्वों के साथ साथ ही साहित्य सृजन और लेखन कार्य भी कर रहे हैं। श्री सिंह 24 जनवरी को भारत से प्रस्थान करेंगे और यूरोपीय देश रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में 28 जनवरी को आयोजित क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता, शिरकत करेंगे। इससे पूर्व वे 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर, रोमानिया स्थित भारतीय दूतावास में ध्वजारोहण में भी वे भारतीय दूतावास की ओर से आमंत्रित विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। के डी सिंह, इसके पूर्व बाली (इंडोनेशिया) में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम, फिजी में विश्व हिंदी सम्मेलन, तथा मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में प्रवासी भारतीयों के बीच हिंदी प्रसार पर व्याख्यान दे चुके हैं। उन्होंने 2024 में ग्वाटेमाला की सबसे प्राचीन यूनिवर्सिटी सैन कार्लोस डी ग्वाटेमाला में भी भारतीय साहित्य और संस्कृति पर छात्र छात्राओं के बीच मुख्य वक्ता के तौर पर अपना व्याख्यान दिया था।

## आज से बारिश और ओले का अलर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में मौसम में हो रहे बदलाव के दौर के बीच एक बार फिर परिवर्तन होगा। तापमान में बढ़ोतरी के बाद अब प्रदेश में बारिश का सिलसिला शुरू होने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार हैं। बाद में पूर्वी और मध्य यूपी में इसका असर दिखाई देगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना है। इस वजह से प्रदेश के कुछ जिलों को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आगामी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में 22 जनवरी की देर शाम या रात को पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बारिश की शुरूआत होने के संकेत हैं। मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 23 जनवरी को पूर्वी उत्तर प्रदेश तक व्यापक बारिश होने की संभावना है।

24 जनवरी को बारिश में कमी आने के बाद 25 जनवरी को मौसम शुष्क हो जाने की संभावना है। इसके दृष्टिगत 22 से 24 जनवरी के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की तात्कालिक वृद्धि होने और उसके बाद के 48 घंटों के दौरान इतनी ही वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 26 जनवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बारिश का अगला दौर शुरू होकर 27 जनवरी तक पूर्वी उत्तर प्रदेश तक पहुंचने और क्रमिक बढ़ोतरी के साथ अगले एक-दो दिनों तक जारी रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, इन मौसमी परिस्थितियों के प्रभाव से प्रदेश के कुछ जिलों में 23 जनवरी को मेघगर्जन के साथ 30-50 किमी प्रति घंटा की गति से झोकेदार हवा चलने के आसार हैं। साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना है। इस वजह से प्रदेश के कुछ जिलों को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## यूपी ने 8,000 करोड़ वेस्ट-टू-एनर्जी और 4,000 करोड़ स्टील परियोजना के लिए किए करार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के दावोस आयोजन के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक और भारतीय संस्थाओं के साथ अपनी भागीदारी को और मजबूत किया। पूरे दिन चली रणनीतिक बैठकों के जरिए राज्य में निवेश साझेदारियों को गति देने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केन्द्रित रहा। तीसरे दिन प्रतिनिधिमंडल की टेक महिंद्रा, ग्रुंडफोस, बी8, फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल, एडेको, रश्मि ग्रुप, क्यूब्लर ग्रुप, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, गोदरेज और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी सहित कई अग्रणी संस्थाओं के साथ विस्तृत चर्चा हुई।

इन बैठकों में स्वच्छ ऊर्जा, मैन्युफैक्चरिंग, औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर, जल समाधान, टेक सेवाएं, स्किलिंग, सस्टेनेबिलिटी और नवाचार-आधारित विकास के अवसरों पर विचार किया गया। सबसे बड़ी उपलब्धि उत्तर प्रदेश की ग्रीन ग्रोथ रणनीति को आगे बढ़ाने वाले प्रमुख समझौते रहे। आरईसी लिमिटेड ने 500 मेगावॉट कृषि अवशेष वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं के लिए 8,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव के साथ समझौता (एमओयू) किया।

वहीं रश्मि मेटलर्जिकल प्राइवेट लिमिटेड ने 4,000 करोड़ रुपये निवेश के साथ 1 एमटीपीए एकीकृत स्टील प्लांट स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा कार्बन कम्पास सर्विसेज एलएलपी ने 820 करोड़ रुपये के निवेश इरादे के साथ ब्रिकेटिंग और कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्रों तथा कार्बन क्रेडिट मोनेटाइजेशन के लिए एमओयू किया, जिसमें 30 करोड़ रुपये विशेष रूप से मोनेटाइजेशन पहल के लिए प्रस्तावित हैं। रेनर्जी डायनेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने राज्य में 70 टन प्रतिदिन क्षमता वाले सीबीजी संयंत्र स्थापित करने के लिए साझेदारी की, जिससे सर्कुलर इकॉनमी, ग्रामीण आय के अवसर और स्वच्छ मोबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल नेट जीरो 2070 लक्ष्यों के अनुरूप है। साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी पेय पदार्थ (ब्रुअरी) कंपनी एबी इनबेव और आईटी दिग्गज सिस्को ने भी उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर राज्य में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। यूपी के प्रतिनिधिमंडल का अगुवाई श्री सुरेश कुमार खन्ना, कैबिनेट मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य कर रहे है, उनके साथ सूबे के अधिकारी दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, अमित सिंह सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, विजय किरण आनंद सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग एवं सीईओ, इन्वेस्ट यूपी व यूपीसीडा तथा इंदरजीत सिंह विशेष सचिव, ऊर्जा विभाग एवं निदेशक, यूपीनेडा भी मौजूद रहे।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस |
|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- 102, 108 |
| पुलिस | 100 | गोमती नगर-9454418657 | |
| | 2629999 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | |

मेट्रो

# पत्नी ने प्रेमी से कराया डिलीवरी मैन पति का कत्ल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ में रायबरेली रोड पर चिरैयाबाग शहीदपथ अंडर पास के नीचे सिलेंडर डिलीवरी करने वाले प्रदीप सिंह परिहार की हत्या उसकी पत्नी ने प्रेमी से कराई थी। पीजीआई थाने की पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर घटना का राजफाश कर दिया। पुलिस के सामने दोनों आरोपियों ने जुर्म कबूल लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर ली है। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में कानपुर देहात के रूरा इलाके के ठकुरान अमौली निवासी पूजा सिंह और मोहनगंज अमेठी के जमरवा हवेली का रहने वाला रामतीर्थ है। प्रदीप सिंह परिहार पत्नी पूजा के साथ उतरेटिया में संदीप पाल के मकान में किराए पर रहता था। नौ महीने से रामतीर्थ भी उसी मकान में किराए पर रहने लगा था। पूछताछ में पता चला कि प्रदीप सिंह परिहार शराब पीने का आदी था। पूजा और प्रदीप में अक्सर झगड़ा होता था। इस बीच पूजा और रामतीर्थ के बीच प्रेम प्रसंग हो गए। दोनों की नजदीकियां बढ़ गई थी। पूजा ने रामतीर्थ के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बना ली। रामतीर्थ भी इसके लिए तैयार हो गया। दोनों ने प्लान किया था कि प्रदीप की हत्या करके यहां से कहीं दूर जाकर रहने लगेंगे। योजनाबद्ध तरीके से प्रदीप की मंगलवार को गला रेतकर रामतीर्थ ने हत्या कर दी। भागते समय उसको लोगों ने पकड़ लिया। प्रदीप के पिता लखन सिंह की तहरीर पर दोनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

**कॉल डिटेल्स से हुआ खुलासा:** पुलिस ने रामतीर्थ को पकड़कर पूछताछ शुरू की। उसने पुलिस को बरगलाने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने काल डिटेल्स के साक्ष्य प्रस्तुत किए। रामतीर्थ और पूजा में लंबी बातचीत के साक्ष्य दिए। कड़ाई से पूछताछ की। रामतीर्थ ने हत्या की बात स्वीकारी। पुलिस ने पूजा को पकड़ा। पूछताछ हुई तो उसने भी सारी जानकारी दी।

**फोनकर मिलने के लिए बुलाया शराब पिलाई और फिर कत्ल कर दिया:** इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रदीप दो दिन पूर्व कानपुर गया था। मंगलवार रात वह लौट रहा था। इसकी जानकारी पूजा ने प्रेमी रामतीर्थ को दी थी। शाम को जब प्रदीप लौटा तो रामतीर्थ ने फोन कर उसे मिलने के लिए बुलाया। वह उसे अपने साथ ले गया। उसे शराब पिलाई। इसके बाद प्रदीप की बाइक पर बैठकर घर लौट रहा था। रास्ते में पीछे बैठ रामतीर्थ ने चाकू से प्रदीप का गला रेत दिया था।

## कंटेनर चालक की हत्या, खून से लथपथ मिला शव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीकेटी थाना क्षेत्र में एक कंटेनर चालक की हत्या से सनसनी फैल गई। ज्ञात हो मंगलवार रात गश्त के दौरान पुलिस ने हाइवे पर खड़े कंटेनर के केबिन खुला देखा पास जाकर देखा तो खून से लथपथ अवस्था में चालक का शव केबिन में पड़ा मिला। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्त सीतापुर जिले के रामकोट थाना क्षेत्र स्थित नन्सोहा इन्दापुर गांव निवासी 37 वर्षीय राममूर्ति पुत्र छोटे लाल के रूप में हुई है ' जानकारी के मुताबिक कंटेनर चालक दो पहिया वाहन लादकर हरिद्वार से जनपद गाजीपुर की ओर जा रहा था। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। जिनकी तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है पुलिस का कहना है कि आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर गहनता से पड़ताल की जा रही है। वहीं चालक के साथ खलासी कौन था इसका पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि ऐसा तो नहीं कि कंटेनर ट्रक चालक राममूर्ति और खलासी के बीच कहासुनी हुई और वह घटना को अंजाम देकर भाग निकला। जांच-पड़ताल में जुटे पुलिस अफसरों का कहना है कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता, लिहाजा कई बिंदुओं पर गहनता से छानबीन की जा रही है।

### नर्सिंग छात्रा की मौत

लखनऊ। लखीमपुर खीरी की रहने वाली नर्सिंग छात्रा प्रियांशी वर्मा की बीकेटी थाना क्षेत्र के बरगदी वार्ड में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रियांशी यहां किराए के मकान में रहकर मां चंद्रिका इंस्टीट्यूट से नर्सिंग (ओट टेक्नीशियन) की पढ़ाई कर रही थी। जानकारी के अनुसार, वह अपनी बड़ी बहन के साथ रहती थी, जो निजी नौकरी करती है। घटना के समय बड़ी बहन ड्यूटी पर गई हुई थी। बुधवार सुबह जब वह वापस लौटी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला, तो खिड़की से झांककर देखा गया, जहां प्रियांशी को पंखे से लटका देख घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा

## सपा के सीतापुर कार्यालय को खाली कराये जाने पर हाई कोर्ट ने लगायी अंतरिम रोक

विधि संवाददाता (vol)



लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सीतापुर में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय को खाली कराये जाने के लिये दी गयी नोटिस के मामले में राज्य सरकार के अधिकारियों को आदेश दिया है कि उक्त कार्यालय को खाली कराये जाने संबंधी जारी नोटिस पर गुरूवार तक अमल न किया जाये। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी गुरूवार को नियत किया है। यह आदेश जस्टिस राजन राय व जस्टिस ए के चैधरी की पीठ ने समाजवादी पार्टी की सीतापुर इकाई के जिला अध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह व अन्य की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर पारित किया है। नगर पालिका परिषद सीतापुर की ओर से गत 7 जनवरी को पार्टी को दी गयी नोटिस को याचिका दायर कर चुनौती दी गयी है। समाजवादी पार्टी की ओर से पेष वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा का तर्क था कि नोटिस में तथ्यात्मक त्रुटियां है अतः यह दोशपूर्ण है । यह भी तर्क दिया गया कि उक्त कार्यालय की जमीन नजूल की जमीन थी जिसे रजिस्टर्ड लीज डीड के जरिये समाजवादी पार्टी को नब्बे साल के लिए दी गयी है और यह समयसीमा अभी खत्म नहीं हुई है। मेहरोत्रा ने यह भी तर्क दिया कि यदि फिर भी नगर पालिका उक्त जमीन का खाली कराना चाहती थी तो उसे समुचित नोटिस देनी चाहिए थी और फिर सिविल कोर्ट में उचित वाद दायर करना चाहिए था। तर्क दिया गया कि नगर पालिका एकतरफा रजिस्टर्ड लीज डीड का खारिज नहीं कर सकती थी। इस पर कोर्ट ने नगर पालिका परिषद सीतापुर की ओर से पेष हो रहे अधिवक्ता एस सी कपिष से जवाब मांगा तो उन्होंने कहा कि उन्हें याची की ओर से पेष तथ्यों पर नगर पालिका से जवाब पाने के लिए समय चाहिए। ऐसे में कोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए मामले की अगली सुनवायी गुरूवार का नियत कर दिया।

## महिला के दो क्रेडिट कार्ड से निकल गये 1.22 लाख रुपये

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला खाताधारक की शिकायत पर एक निजी बैंक कर्मचाचरीगण व फर्म के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। सरोजनीनगर थाना के गौरी बिहार में रहने वाली काजल शर्मा पत्नी अनुज शर्मा के अनुसार उनका बैंक खाता सिंगार आलमबाग में स्थित कोटक महिन्द्रा बैंक सिंगार नगर आलमबाग है। आरोप है कि बीते वर्ष 2025 में उसे बैंक द्वारा क्रेडिट कार्ड जारी किया गया था जिसे उसने एक्टिव भी नहीं किया और जुलाई माह में उसके क्रेडिट कार्ड से एमएस फैबजेन टेक्नोलॉजी फर्म द्वारा 54,999 रुपये का ट्रांजेक्शन हो गया जिसका बिल आने पर उन्हें जानकारी हुई। पीड़िता का कहना था बैंक ने बिना उनकी सहमति के दूसरा क्रेडिट कार्ड जारी कर दिया, जिसे उन्होंने रिसीव ही नहीं किया और वापस कर दिया। लेकिन दूसरे क्रेडिट कार्ड से भी फर्जी तरीके से रुपये निकाल लिए गए। उनके दोनों क्रेडिट कार्ड से कुल 1,22,205 रुपये निकाले गए। पीड़िता के अनुसार पुलिस और साइबर सेल से कोई मदद न मिलने पर उसने न्यायालय से मदद की गुहार लगाई है। कृष्णा नगर पुलिस के अनुसार कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को बैंक कर्मचारियों एवं फर्म के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## मवेशियों पर संक्रामक बीमारी का कहर एक माह में कई पशुओं की मौत

मलिहाबाद। विकास खंड मलिहाबाद क्षेत्र के मीठे नगर गांव में पिछले लगभग एक माह से पशुओं में लंपी, जराखुरा व तेज बुखार जैसी संक्रामक बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। बीमारी की चपेट में आकर अब तक कई मवेशियों की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों पशु गंभीर हालत में हैं। इससे गांव के पशुपालकों में दहशत और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार सबसे पहले करीब एक माह पूर्व राजकुमार मौर्य की एक गाय और उसके बछड़े की बीमारी से मौत हो गई थी। इसके लगभग दस दिन बाद भैयालाल की एक भैंस और एक पड़वा भी बीमारी की भेंट चढ़ गए। भैयालाल के चार अन्य पशु अभी भी गंभीर स्थिति में हैं और चारा-पानी तक नहीं ले पा रहे हैं। तीन दिन पहले ओमप्रकाश की एक भैंस की मौत हो गई थी, जबकि बीते मंगलवार शाम संतराम की एक भैंस ने भी दम तोड़ दिया। इसी तरह सत्यपाल मौर्य की एक गाय और एक बछड़ा, शेरू यादव का एक पड़वा और एक पाड़िया तथा अवधराम का एक पड़वा भी बीमारी से मर चुके हैं। बुधवार को कैलाश की गाय की भी बीमारी के चलते मौत हो गई। इसके अलावा अवधराम के पांच अन्य पशु गंभीर रूप से बीमार बताए जा रहे हैं। प्रेमचंद, जयराम और सत्तीदीन के पशु भी बीमारी की चपेट में हैं। ग्राम प्रधान रविंद्र यादव ने बताया कि गांव में पशुओं में यह बीमारी तेजी से फैल रही है। पशुओं का इलाज कराया जा रहा है, लेकिन अभी तक बीमारी का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की गयी जान




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। थाना सरोजनी नगर इलाके मे एक अज्ञात वाहन ने वागनऑर मे जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर मे वागनऑर पलट गई। जिसमे महिला की मौत हो गई और अन्य पारिवारिजन घायल हो गए। जिन्हे घायलावस्था मे ट्रामा सेंटर मे भर्ती कराया गया। जहाँ पर इलाज चल रहा हैं। मृतक महिला की पंचनामा की कार्य वाई पूर्ण कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए के जी एम यू भेज दिया गया। सरोजनी नगर के किसान पथ, गहरू अंडर पास के ऊपर एक सडक दुर्घटना हो गई। जिसमे वागनऑर संख्या यूपी 32 जीपी 4048 सी हर्षित मिश्रा पुत्र स्वर्गीय श्याम जी मिश्रा निवासी दुबियाना जनपद उन्नाव अपनी दादी सूरजवती मिश्रा व अन्य चार पारिवारिजनों के साथ घर जा रहे थे की तभी इसी समय 15:15 बजे किसान पथ गहरू अंडर पास के ऊपर किसी अज्ञात वाहन द्वारा हर्षित मिश्रा की गाडी मे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह पलट गई। पलटते ही उनकी दादी सूरजवती की मौके पर ही मौत हो गई.। घटना की सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस महिला के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया और अन्य घायल पारिवारीजनों को ट्रामा सेंटर मे भर्ती कराया गया। जहाँ पर इलाज चल रहा हैं।

### जहरीला पदार्थ निगलने से मासूम की मौत

लखनऊ। क्षेत्र के मंझी गांव निवासी राम सनेही गौतम की दो वर्षीय बेटी ने आठ दिन पूर्व घर में कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया था। जिसकी बुधवार इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी। मिलीजानकारी के अनुसार माल थाना क्षेत्र के मंझी गांव निवासी राम सनेही गौतम की दो वर्षीय बेटी शालिनी जो गत14जनवरी को घर में अकेले खेल रही थी। तभी कहीं कोई जहरीला पदार्थ घर में रखा था निगल लिया।जब शालिनी की तबियत बिगड़ने लगी तो घर वालों ने इधर उधर देखा। जहरीला पदार्थ निगलने की जानकारी होते ही राम सनेही बेटी को लेकर सैदापुर चौराहा स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने सरकारी हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद राम सनेही ने बेटी शालिनी को लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। जहां शालिनी जिंदगी मौत की जंग बुधवार को हार गयी। जिसकी बुधवार को दम तोड़ दिया।

## कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

मलिहाबाद। विकास खंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत मोहम्मद नगर तालुकेदारी में स्थित कब्रिस्तान की भूमि गाटा संख्या 37 पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीण विशुन कुमार, राकेश, अनिल, रामरतन, उमेश, अवधेश, दिनेश, विशेश्वर, राधेलाल, छोटेलाल तथा ग्राम प्रधान अशोक कुमारी सहित दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षर कर सम्पूर्ण समाधान दिवस और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने कब्रिस्तान की जमीन की नपाई कराकर उसे कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील में शिकायत के बाद कार्रवाई के लिए क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे, लेकिन शिकायतकताओं से मिले बिना ही किसी प्रकार की कार्रवाई किए वापस लौट गए। इससे लेखपाल की घोर लापरवाही उजागर होती है। वहीं मोहम्मद नगर तालुकेदारी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत भदवाना और हमिरापुर की सरहद पर उक्त कब्रिस्तान स्थित है। बीते दिसंबर माह में पंचायत द्वारा कब्रिस्तान की मेडबंदी के लिए 63,281 रुपये का स्टीमेट पास कराकर मनरेगा से कार्य शुरू कराया गया था। उन्होंने बताया कि एक दिन मेडबंदी का कार्य चलने के दौरान हमिरापुर निवासी सफीक पुत्र नजर अली, सुहैल पुत्र सफीक, उवैस पुत्र सफीक, किशनपाल पुत्र बद्री सहित कुछ अन्य लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए मेडबंदी का कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से कब्रिस्तान की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को तत्काल खाली कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिससे कब्रिस्तान की सरकारी भूमि की मेडबंदी का जमीन को सुरक्षित किया जा सके।

## काटने दौड़े कुत्ते को भगाया तो मालिकों ने युवक को बेल्ट से पीटा

लखनऊ। थाना क्षेत्र में पालतू कुत्ते से बचने के लिए उस पर ढेला फेंकना एक युवक को महंगा पड़ गया। इससे गुस्साए मालिकों ने युवक की लात-घूसों और बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। मलिहाबाद क्षेत्र के सिरगामऊ गांव निवासी मनीष कुमार ने बताया कि रविवार शाम को वह अपने खेत की ओर जा रहा था। इस दौरान जब वह पड़ोस के बहेलिया गांव के करीब पहुंचा तो सुरजीत का पालतू कुत्ता उसे देखकर भौंकने लगा और उसकी ओर काटने दौड़ पड़ा। कुत्ते के हमले से बचने के लिए मनीष ने पास में पड़ा ढेला उठाकर कुत्ते पर फेंक दिया, जिससे कुत्ता भाग गया और मनीष उसके हमले से बच गया, लेकिन कुत्ते पर ढेला फेंकते देखकर उसके मालिक आग बबूला हो गए। आरोप है कि गुस्साए सुरजीत और गुड्डू ने मनीष को पकड़ लिया और गालियां देते हुए उसकी लात, घूंसों और बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसे काफी चोट आई। घटना के बाद पीड़ित मनीष ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में केस दर्ज किया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध हालात में इलेक्ट्रीशियन की मौत

लखनऊ। ठाकुरगंज के मुसाहिबगंज में मंगलवार को संदिग्ध हालात में तबीयत बिगड़ने के बाद एक इलेक्ट्रीशियन की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने ननद व ननदोई पर जहर देने का आरोप लगाया है। हालांकि आरोपों को लेकर कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले में तहरीर आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। थाना क्षेत्र के मुसाहिबगंज निवासी 30 वर्षीय शानू खान इलेक्ट्रीशियन के साथ ही जरदोजी कारीगर भी था।

## चलती बस से उतरते समय डंपर की चपेट में आया युवक, मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के किसान पथ पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पारा थाना क्षेत्र के ग्राम खुशहालगंज आउटर रिंग रोड स्थित मोहान रोड अंडरपास सर्विस रोड पर हुए हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राजेश पासी पुत्र जमुना प्रसाद, निवासी ग्राम रायपुर नेवादा, थाना फतेहपुर-84, जनपद उन्नाव, उम्र करीब 50 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजेश पासी अपने बहनोई विश्वनाथ पुत्र गोकुल, निवासी ग्राम बारी, थाना आसीवन, जनपद उन्नाव के साथ बस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान खुशहालगंज आउटर के पास राजेश पासी, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जा रहे हैं, अचानक चलती बस से उतरकर सड़क की ओर भागने लगे। तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। डंपर के पहिए के नीचे आने से राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को तत्काल केजीएमयू ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं हादसे के बाद कुछ समय तक किसान पथ पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर सामान्य कराया। पुलिस का कहना है कि अज्ञात डंपर की तलाश की जा रही है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस हृदयविदारक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने किसान पथ पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

**तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार छात्र की मौत:** थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूल से घर लौट रहे दस वर्षीय छात्र की मौत हो गई। साइकिल से जा रहे छात्र को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल छात्र ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ईसापुर निवासी नीरज का दस वर्षीय पुत्र उत्कर्ष राठौर जेडएम कॉन्वेंट स्कूल, कहला में कक्षा दो का छात्र था। बुधवार दोपहर स्कूल से छुट्टी के बाद वह साइकिल से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के किनारे पहुंचा, सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उत्कर्ष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन तत्काल उसे मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही उत्कर्ष की मौत हो गई।

**श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज राजकीय महाविद्यालय**
**पलिया कलॉ(लखीमपुर-खीरी) उ0प्र0 262902**

पत्रांक- मेमो/2025-26 दिनांक-21/01/2026

**कुटेशन सूचना**

राजकीय महाविद्यालय पलिया कला-खीरी में सत्र 2025-26 में महाविद्यालय की पत्रिका 'शारदा' का प्रकाशन होना प्रस्तावित है। कुल 1000 पत्रिकाओ की छपायी हेतु प्रिन्टिंग प्रेस मेसर्स कुटेशन दिनॉक 22/01/2026 से दिनॉक 29/01/2026 दोपहर 02 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। कुटेशन फार्म दिनॉक 29/01/2026 को अपरान्ह 03 बजे खोले जायेगे। कुटेशन फार्म महाविद्यालय कार्यालय से रू. 50 नगद जमा कर उक्त तिथि में कय कर सकते है।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
पलिया कलाँ -खीरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत मटेहनी विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक/मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक- 21.01.2026

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मटेहनी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण कार्य हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 28.01.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | कमल सिंह का कैटेल शेड का निर्माण कार्य। | गिटट, मौरंग, ईंट, टीन आदि | 1.56 लाख |

नियम शर्ते

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत मटेहनी के कार्यालय में 22.01.2026 से 28.01.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत मटेहनी के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 22.01.2026 से दिनांक 28.01.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबन्द टेण्डर डाले जायेंगे। तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत मटेहनी के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 28.01.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

लल्ली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मटेहनी
विकास खण्ड धौरहरा

आशुतोष पाण्डेय
ग्रा.पं.वि.अधिकारी
ग्राम पंचायत मटेहनी
विकास खण्ड धौरहरा

## गणतंत्र दिवस : शहर में तीन दिन बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गणतंत्र दिवस समारोह के लिए 22 जनवरी को प्रथम पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) और 24 जनवरी को द्वितीय पूर्वाभ्यास (फुल ड्रेस रिहर्सल) किया जाना है। और 26 जनवरी को मुख्य परेड की जाएगी। जिसके चलते गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सुबह छह बजे से समापन तक शहर में यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। चारबाग स्टेडियम के सामने की व्यवस्था- -सुबह छह बजे चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने (बाल विद्या मन्दिर) के आस-पास का क्षेत्र यातायात के लिये पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। इस स्थान पर परेड खड़ी होगी। -आलमबाग, मवैय्या की ओर से चारबाग आने वाले वाहन लाटूश रोड (गुप्ता तिराहे) से बाएं बांसमण्डी चौराहा, कैसरबाग या रविन्द्रालय से दाहिने यू-टर्न कर मवैय्या, आलमबाग होते हुए जाएंगे।

डीएवी कॉलेज ओवरब्रिज ढाल से आने वाले वाहन कैसरबाग या चारबाग तिराहे से दाहिने नत्था तिराहा, मवैय्या, आलमबाग होकर जाएंगे। -मोहन होटल तिराहे से केकेसी एपीसेन रोड तिराहे की ओर यातायात बांसमंडी, रविन्द्रालय तिराहा से दाहिने यू-टर्न कर नत्था, मवैया होकर जाएगा। -केकेसी तिराहा से वाहन लोको चौराहा, कुंवर जगदीश चौराहा, आमलबाग या सदर कैण्ट, अब्दुल हमीद चौराहा, एसएन ओवरब्रिज, लालबत्ती, बन्दरियाबाग, गोल्फक्लब चौराहा, गांधी सेतु (1090) चौराहा होकर जाएंगे। -सदर एवं कुंवर जगदीश चौराहा (बुचड़ी मैदान), लोको चौराहा से यातायात लोको वर्कशॉप फतेहअली, आलमबाग या सदर कैन्ट होकर जाएगा। -राणा प्रताप चौराहे से छितवापुर चौकी की तरफ जाने वाला यातायात बांसमण्डी चौराहा होकर जाएगा। -हीवेट रोड तिराहे से राणा प्रताप चौराहे की जाने वाले वाहन बांसमण्डी या कैसरबाग चौराहा होकर जाएंगे। -उदयगंज, सिंचाई भवन से एनेक्सी की ओर एवं हुसैनगंज चौराहा की ओर जाने वाले-आने वाले वाहन लालबत्ती चौराहा या उदयगंज तिराहे से सदर ओवरब्रिज होते हुए जाएंगे। केवल कार पास वाले वाहनों को सचिवालय विधानभवन के पीछे सड़क के प्रवेश द्वार से सचिवालय के अंदर आने की अनुमति मिलेगी।

सदर ओवरब्रिज (कैण्ट क्षेत्र) से वाहन कैण्ट, अब्दुल हमीद, एसएन पेट्रोल पम्प, कटाई पुल, बन्दरियाबाग, गोल्फ क्लब, गांधी सेतु (1090) चौराहा, संकल्प वाटिका, सुशीला स्मृतिका, हनुमान सेतु, सुभाष चौराहा, क्लार्क अवध, सीडीआरआई होते हुए जाएंगे। -बंदरियाबाग चौराहा से वाहन गोल्फ क्लब, गांधी सेतु (1090) चौराहा या लालबत्ती चौराहा से सदर कैण्ट होकर जाएंगे। कार पास वाले वाहन बन्दरियाबाग से डीएसओ चौराहा होते हुए सिसेण्डी तिराहा की ओर जाकर विधानसभा गेट नंबर 7 से अन्दर जा सकेंगे। -कैसरबाग, अशोक लाट चौराहा की ओर से आने वाला यातायात बांसमण्डी, नत्था, आलमबाग या परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, हनुमान सेतु मन्दिर तिराहे से दाहिने, सुशीला स्मृतिका, संकल्प वाटिका या सिकन्दरबाग, गांधी सेतु (1090) चौराहा जाएगा। हुसैनगंज (बर्लिंग्टन) चौराहे की व्यवस्था -हुसैनगंज (बर्लिंग्टन) चौराहा से वाहन उदयगंज तिराहे से सदर ओवरब्रिज या योजना भवन, लालबहादुर शास्त्री तिराहे से दाहिने, लालबत्ती चौराहा होकर जाएंगे। -कैसरबाग अशोक लाट चौराहे से बांसमण्डी, चारबाग, नत्था या परिवर्तन चौक होकर जाएगा। रॉयल होटल (बापू भवन) चौराहा -रॉयल होटल (बापू भवन) चौराहा से सिसेण्डी एवं कन्धारी बाजार (सुपर मार्केट), लालबाग चौराहा के मध्य निर्धारित समय के पश्चात यातायात प्रतिबंधित रहेगा। सिसेण्डी की तरफ एवं कन्धारी बाजार/नूर मंजिल की तरफ से आने वाले यातायात को कुछ समय के लिए चौराहा की ओर नहीं आने दिया जाएगा। यह डॉ. सूजा रोड या लालबाग होकर जाएगा। विधान सभा मार्ग हजरतगंज चौराहा से रायल होटल (बापू भवन) चौराहा तक विधानसभा मार्ग पर यातायात के लिए पूर्ण रूप से 25 जनवरी दोपहर दो बजे से बंद कर दिया जाएगा। केवल कार पास वाले वाहन ही नावेल्टी (लालबाग) चौराहा से जनपथ तक आ सकेंगे। वहां पर वाहनों को पार्क करेंगे। हजरतगंज व मेफेयर तिराहा -हजरतगंज चौराहा से निर्धारित समय के पश्चात्कोई यातायात मीराबाई मार्ग, सप्रू मार्ग तिराहा, सिकन्दरबाग चौराहा से संकल्प वाटिका तिराहा, सुशीला स्मृतिका, हनुमान सेतु, सुभाष चौराहा होते हुए जाएगा। -डीएसओ. चौराहा से सिसेण्डी तिराहा के मध्य का आवागमन सुबह 06:00 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रतिबंधित रहेगा। -महानगर, निशातगंज की ओर से आने वाले यातायात संकल्प वाटिका तिराहे से बाएं बैकुण्ठधाम, पीएनटी बालू अड्डा, गॉधी सेतु (1090) चौराहा, जियामऊ, गोल्फ क्लब, बन्दरियाबाग, लालबत्ती, एसएन ओवर ब्रिज कैण्ट होकर जाएगा। गोमतीनगर से डालीबाग होकर आने वाला यातायात संकल्प वाटिका, सुशीला स्मृतिका तिराहा, हनुमान सेतु, सुभाष चौराहा से क्लार्क अवध तिराहा होकर जाएगा। गोल्फ क्लब चौराहा से यातायात पार्क रोड चौराहा से दाहिने मुड़कर नरही होकर जाएगा। यह डीएसओ चौराहा एवं हजरतगंज की ओर नहीं जा सकेगा। -जनपथ के पीछे से कोई यातायात जनपथ मार्केट होकर हजरतगंज बाजार नहीं जा सकेगा। - डनलप तिराहा एवं बैंक ऑफ इण्डिया तिराहा होकर आने वाले वाहन बैंक ऑफ इण्डिया तिराहा से लीला सिनेमा तिराहा होकर नवल किशोर रोड की ओर होकर जाएगा। लालबाग (नावेल्टी) चौराहा से आने वाले वाहन कैपर रोड होकर जाएंगे। कैपर रोड तिराहा से कोई यातायात वाल्मीकि तिराहा की ओर नहीं जाएगा। यह कैपर रोड तिराहा से हरिओम मन्दिर, निशात हास्पिटल, कैसरबाग अमेरिकन लाइब्रेरी, बारादरी, परिवर्तन चौक होकर जाएगा। केडी सिंह बाबू स्टेडियम आईटी चौराहा/कैसरबाग, चौक की ओर से आने वाले वाहन सुभाष चौराहा से परिवर्तन चौक होकर कैसरबाग अशोक लाट चौराहा या क्लार्क अवध तिराहा या हनुमान सेतु से दाहिने सुशीला स्मृतिका संकल्प वाटिका, बैकुण्ठधाम तिराहा, पीएनटी, गंधी सेतु (1090) चौराहा या सिकन्दरबाग होकर जाएंगे। -प्रेस क्लब तिराहा की तरफ से आने वाले वाहन परिवर्तन चौक, चाइना बाजार, निशात अस्पताल होकर जाएंगे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**


भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:- **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2026-08 (Two Packet System); कार्य का नाम: 1.** सहजनवा स्टेशन पर ब्रेकवैन रिवर्सल साइडिंग के साथ दो गुड्स स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान। **2.** गोण्डा -गोरखपुर सेक्शन में चुरेब रेलवे स्टेशन पर एक अतिरिक्त लूप लाइन का प्रावधान। **अनुमानित लागत (₹):** ₹11,30,23,862.64; **अग्रिम धन (₹):** ₹7,15,100/-; **समापन अवधि:** 12 माह; **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2026-09; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल:- वरिष्ठ मंडल इंजी०/प्रथम लज०, के अधिकार क्षेत्र में मोतीगंज-गोरखपुर कैन्ट सेक्शन के सभी स्टेशनों पर होम सिग्नल से प्लेटफॉर्म के आखिर तक फुटपाथ का निर्माण।; **अनुमानित लागत (₹):** ₹9,81,88,438.47; **अग्रिम धन (₹):** ₹6,41,000/-; **समापन अवधि:** 12 माह; **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-08 & NER-LJN-2026-09** के लिए ई-निविदा दिनांक 11.02.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्ल्यू-425 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# भगवान का किरदार निभाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है : श्रुहद गोस्वामी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गुजराती सिनेमा की 100 करोड़ी फिल्म लालो- कृष्ण सदा सहायते' में श्रुहद गोस्वामी ने भगवान कृष्ण की अहम भूमिका निभाई। श्रुहद को फिल्म में खूब पसंद किया जा रहा है। उन्हें बीआर चोपड़ा की आइकॉनिक महाभारत में श्रीकृष्ण का किरदार निभाने वाले नीतिश भारद्वाज से भी कम्पेयर किया जा रहा है। श्रुहद की एक्टिंग एक्टिंग फिल्म में इतनी नैचुरल रही है कि हर कोई उनसे इम्प्रेस है। इस बारे में एक्टर ने खुद बात की। फिल्म की सफलता को देखते हुए अब मेकर्स ने इसे 9 जनवरी को हिंदी में भी रिलीज कर दिया। अपनी इसी फिल्म को लेकर पिछले दिनों कलाकार राजधानी लखनऊ पहुंचे थे इस दौरान बातचीत में श्रुहद ने फिल्म, अपने किरदार और इस रोल ने उन्हें कैसे बदला इस पर खुलकर बात की।

श्रुहद ने कहा कि भारत में भगवान कृष्ण का किरदार निभाना बिल्कुल आसान नहीं है। उन्होंने कहा- भगवान का रोल निभाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। मुझे यह ध्यान रखना था कि किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे उन्होंने बताया कि शुरूआत में उन्हें डर भी लग रहा था। थोड़ा डर था, लेकिन जैसे-जैसे हम काम करते गए, सब आसान होता गया। टीम को जब भावनाएं समझ में आने लगीं, तो चीजें अपने आप सही बैठने लगीं। श्रुहद ने साफ कहा कि वह इस किरदार के लिए खुद को श्रेय नहीं देना चाहते, उन्होंने कहा, जब मैंने पहली बार फिल्म देखी, तो मुझे खुद यकीन नहीं हुआ कि मैंने यह कैसे कर लिया." उनका मानना है कि इस किरदार के पीछे कोई दिव्य शक्ति काम कर रही थी। मुझे लगता है कि भगवान की कृपा से ही मैं यह कर पाया। वरना कोई इंसान भगवान का किरदार कैसे निभा सकता है।

नीतिश भारद्वाज से तुलना पर श्रुहद ने कहा कि हर एक्टर अलग होता है। वो बोले- नीतिश भारद्वाज अलग हैं और मैं अलग हूं। उन्होंने बताया कि निर्देशक अंकित साखिया एक ऐसे कृष्ण को दिखाना चाहते थे, जो लोगों के और करीब लगे। अंकित चाहते थे कि भगवान को इस तरह दिखाया जाए कि वे रोते भी हैं, हमसे बात करते हैं और हमें समझाते भी हैं। फिल्म के बाद श्रुहद की आस्था और मजबूत हो गई है। उन्होंने कहा, हमने कुछ मांगा भी नहीं था, फिर भी भगवान ने हमें इतना कुछ दे दिया। अब उन्हें कई ऑफर्स मिल रहे हैं, लेकिन श्रुहद का कहना है कि वह शांति से सोच-समझकर ही आगे के प्रोजेक्ट्स चुनेंगे। लालो- कृष्ण सदा सहायते सबके लिए एक बड़ा सरप्राइज साबित हुई। अपनी मातृभाषा में शुरूआत में फिल्म ने धीमी कमाई की, लेकिन धीरे-धीरे लोग इसके बारे में बात करने लगे। परिवार बड़ी संख्या में थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे। लोगों की जुबानी तारीफ से फिल्म को काफी फायदा मिला। आखिरकार इस फिल्म ने करीब 100 करोड़ रुपये की कमाई की।

**साधारण परिवार की कहानी है:** फिल्म के बारे में श्रुहद ने कहा कि लालो कृष्ण सदा सहायते की आत्मा है लालो—एक साधारण पारिवारिक व्यक्ति और रिक्शा चालक, जो जीवन की कठिनाइयों और अपने अतीत की छाया से जूझ रहा है। परिस्थितियाँ उसके नियंत्रण से बाहर जाती दिखती हैं और उसका संसार भीतर और बाहर दोनों स्तरों पर बिखरने लगता है। तभी जीवन एक अप्रत्याशित मोड़ लेता है, जब उसका सामना दैवीय शक्ति से होता है। इसके बाद शुरू होती है आस्था, भय, अंतर्द्वंद्व और आशा की सशक्त यात्रा—जो उसके विश्वासों को चुनौती देती है और उसे आत्मिक रूप से परिवर्तित करती है।

## लखनऊ ने तो मेरा दिल जीत लिया

श्रुहद गोस्वामी ने कहा लखनऊ ने तो मेरा दिल जीत लिया है। यहां की गर्मजोशी, स्वादिष्ट चाट और अनगिनत कप चाय। वेव मॉल में हमारे प्रशंसकों से मिलना बेहद खास रहा, जिन्होंने पूरे दिल से हमारी फिल्म देखी और अपार प्रेम दिया। करण जोशी ने कहा, लखनऊ की मेहमाननवाजी बेमिसाल है—खाने से लेकर लोगों तक, सब कुछ अपनापन देता है। वेव मॉल में दर्शकों से मिला प्यार अविस्मरणीय है। मैं फिर यहाँ आने के लिए उत्सुक हूं। निर्देशक अंकित सखिया ने कहा, लखनऊ ने हमें खुले दिल से अपनाया—शानदार भोजन, अद्भुत अपनापन और ढेर सारा स्नेह। वेव मॉल में दर्शकों को फिल्म से जुड़ते देखना हमारे इस सफर को और भी सार्थक बना गया।

## लालो सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि एक चमत्कार है

लखनऊ। लालो फिल्म के डायरेक्टर खास बातचीत की। इस एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में डायरेक्टर ने बताया कि लालो सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि एक थेरेपी है। डायरेक्टर ने आगे कहा कि डे वन से ही उनका एक ही सपना था कि वो एक ऐसी फिल्म बनाएं जो सीधे लोगों के दिल तक पहुंचे. डायरेक्टर ने यह भी बताया कि इस फिल्म की एक ही फिलोसोफी है कर्म करते जाओ, फल की चिंता मत करो, और पूरी कहानी इसी विचार पर आधारित है। इंटरव्यू के दौरान कास्ट ने भी बताया कि इस फिल्म के जरिए वे पूरे इंडिया में गुजरात को रिप्रेजेंट कर रहे हैं और उन्हें पूरी उम्मीद है कि इंटरनेशनल स्टेज पर जाकर यह फिल्म इंडिया के लिए ऑस्कर तक का सफर तय करेगी, साथ ही उन्होंने यह भी माना कि फिल्म को सिर्फ गुजराती ऑडियंस ही नहीं बल्कि हिंदी बेल्ट से भी जबरदस्त प्यार मिल रहा है, जो यह साबित करता है कि आज के समय में कंटेंट ही असली हीरो होता है, वहीं फिल्म के एक्टर करण जोशी ने बताया कि लालो उनकी डेब्यू फिल्म है, जिससे उन्होंने न सिर्फ एक्टिंग बल्कि जिंदगी के कई लेसंस भी सीखे। इंटरव्यू के आखिर में निर्देशक और पूरी कास्ट ने कहा कि लालो सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि एक चमत्कार है, और ऑडियंस से मिल रहे अनएक्सपेक्टेड प्यार ने उन्हें भावुक और बेहद खुश कर दिया है।

# तेरी गलियों में न रखेंगे कदम...



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 18वां यूपी महोत्सव अपने द्वितीय सप्ताह में खान पान के स्टॉल झूला मस्ती एवं किफायती दर पर मिल रहे सामानों के कारण पूरे लखनऊ में चर्चा का विषय बना हुआ है। लगातार बढ़ रही जनता से सभी का मनोबल बहुत ऊंचा है। यूपी महोत्सव के वॉलिंटियर महोत्सव में हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं ताकि किसी भी स्टॉल धारक आई हुई जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो प्रगति इवेंट द्वारा सांस्कृतिक मंच पर लोगों को अच्छे अनुभव हो रहे हैं। आरोही एंटरटेनमेंट के ऑगेनाईजर व गायक संजय श्रीवास्तव ने मुकेश के सदाबहार गीत कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे, राम करे ऐसा हो जाए और तेरी गलियों में ने रखेंगे कदम की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम में अर्चना प्रजापति और खुशबू चौहान की प्रस्तुतियों ने संगीतमय शाम को यादगार बना दिया। दिव्य आशीष योग संस्थान अलीगंज लखनऊ पलक चौरसिया, राज कनौजिया, अंजलि कनौजिया, खुशी सोनकर, श्रद्धा, आयुष कुमार, आदित्य, वासु, आदित्री महक, आयुष चौरसिया, ओजल, अदविक। योग का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा। सीतापुर महादेव झाकी टीम-शिव पार्वती/ कृष्ण राधा की प्रस्तुति ने सबका मनमोहन लिया। रितेश त्रिपाठी के गाने कश- देखा तेरी मस्त निगाहों में, रितिका सिंह के गाने का नाम- ए हवा मेरे संग संग चल लोगों द्वारा खूब पसंद किया गया।

# नीता अंबानी और जॉन अब्राहम के हाथों सम्मानित हुए लखनऊ के मयंक शेखर



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इंडिया के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुंबई में उद्योगपति नीता अंबानी और अभिनेता जॉन अब्राहम के हाथों लखनऊ के बालागंज निवासी मयंक शेखर सम्मानित हुए। मयंक शेखर को यह सम्मान उनके नेत्रहीन व्यक्तियों के संगठन में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।

इस अवसर पर नीता अंबानी और जॉन अब्राहम ने मयंक शेखर को बधाई दी और उनके भविष्य की कामना की। इस समारोह में करीबन 300 नेत्रहीनों ने भाग लिया, जो इस अवसर की महत्वता को दशार्ता है। यह आयोजन नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इंडिया के प्रयासों को बढ़ावा देने और नेत्रहीन व्यक्तियों के अधिकारों के लिए जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समारोह में कई बड़ी हस्तियां उपस्थित थीं, जिनमें नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इंडिया के महासचिव डॉ. विमल कुमार डेंगला भी शामिल थे।

# जांछू कमला काली गंगा पारा...गीत पर झूमे दर्शक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** कौथिग के आठवें दिन उत्तराखण्ड से आए मशहूर लोकगायक चन्द्रप्रकाश के मैं जांछू कमला काली गंगा पारा..., सोला सोल्यानी त्यार गाला जंजीरा...तिलगा तेरि लम्बी लटी टसरा फुन... काँहराई आज म्यार पहाड़ रीत रिवाज...इत्यादि लोकगीतों ने कौथिग परिसर में समा बाँधा। पर्वतीय महापरिषद के महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि कुछ वर्ष पहले तक उत्तराखण्ड की सुदूर घाटियों जंगलों में गूंजती एक आवाज जब उत्तरायणी कौथिग के आयोजकों के कानों तक सुनाई दी तब उस गायक को ढूंढ़ कर लखनऊ के कौथिग मंच तक लाया गया, जब इस गायक के सुर लखनऊ में गूंजे तब उसकी धमक उत्तराखण्ड में सुनाई दी और सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में चन्द्र प्रकाश के नाम से वह लोकगायक प्रसिद्ध हुआ। तब से अबतक तेरह वर्षों से चन्द्र प्रकाश लगातार कौथिग मंच से अपनी प्रस्तुतियां देकर अपनी छाप छोड़ रहे हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में क्षेत्रीय शाखाओं की नृत्य प्रस्तुतियां, झोड़ा प्रतियोगिताएं जिसमें पंतनगर से सुधा चन्दोला, इन्दिरा नगर से दीपा पाण्डेय एवं सोनू जोशी के नेतृत्व में झोड़ा टीमों ने भाग लिया, इसके बाद पहाड़ी धुनों पर देशी ठुमका एवं छपेली प्रतियोगिता झूमिगो सीजन 4 हुई, इस प्रतियोगिता में ख्याली सिंह के नेतृत्व में पर्वतीय महापरिषद की गोमती नगर शाखा, राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में रामलीला समिति तेलीबाग, चित्रा काण्डपाल के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ शाखा गोमती नगर, नीलम जोशी के नेतृत्व में माही वेलफेयर सोसाइटी शक्ति नगर ने भाग लिया। निर्णायक मंडल के फैसले के बाद प्रतियोगिता पहाड़ की आवाज के दूसरे राउंड में बबली भंडारी, विनीता तिवारी, बलवंत वाणगी, दिव्यांसु जोशी एवं हेमा पंचवाल को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हल्द्वानी उत्तराखण्ड से आए म्यूजिकल ग्रुप के संजय देवली ढोलक, कल्याण बोरा कीबोर्ड, उमेश चन्द्र बांसुरी, अमित पाण्डेय तबला एवं विनोद बेलवाल ऑक्टोपैड के माध्यम से संगीत प्रदान कर रहे हैं। लोकगाथा पर आधारित नृत्य नाटिका माधो सिंह भण्डारी दम्यंती नेगी के निर्देशन में प्रस्तुत की गई। मिस उत्तरायणी निधि आर्या, मिस्टर उत्तरायणी शषांक सक्सेना को पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश जोशी व युवा प्रकोष्ठ के वीरेन्द्र आर्या द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आए दिल्ली के विधायक मोहन सिंह बिष्ट को मंजू शर्मा, बीना रावत, विशन दत्त जोशी, हरीश काण्डपाल द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान करके, देवी दत्त नरियाल, के एन पाण्डेय, जितेन्द्र उपाध्याय द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर, महेंद्र सिंह मेहता, कैलाश, आनन्द कपकोटी, रमेश उपाध्याय द्वारा शीश आभूषण (टोपी) पहनाकर व विशिष्ट अतिथि ओंकार सिंह को गोपाल गैलाकोटी, सुरेश चन्दोला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर, ख्याली सिंह, शंकर पाण्डेय, गोविन्द बोरा ने अंगवस्त्र पहनाकर, आनन्द कपकोटी, रमेश उपाध्याय ने शीश आभूषण पहनाकर, कमल नेगी, उमेद सिंह, ज्ञान पंत व के सी पंत ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। द्वितीय सत्र की मुख्य अतिथि लीना जौहरी अपर मुख्य सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार को महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुमन रावत, अध्यक्ष जानकी अधिकारी, महासचिव चित्रा काण्डपाल ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान करके एवं पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश जोशी व महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। पर्वतीय महापरिषद के गौरवशाली आयोजन उत्तरायणी कौथिग 2026 के अवसर पर पद्मश्री प्रोफेसर एम सी पंत चिकित्सा सम्मान लखनऊ के ख्यातिप्राप्त नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत साह को प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान पर्वतीय महापरिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कैंसर रोग विशेषज्ञ, महान समाजसेवी एवं पद्मश्री से सम्मानित प्रोफेसर एमसी पंत के चिकित्सा एवं सामाजिक सेवा के आदर्शों को समर्पित है। इसके अंतर्गत उत्तराखंड मूल के ऐसे चिकित्सकों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने अपने उत्कृष्ट चिकित्सा कार्य सेवा. भावना एवं समाज के प्रति समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान स्थापित की हो।

# भजन संध्या : सांवरिया सरकार है सबका पालन हारा...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्रीश्याम मंदिर में शुकर सावरे भजन संध्या का आयोजन बड़ी हर्षोल्लास के साथ श्री श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार कलकत्ता से आए फूलों से किया गया।

रूपेश अग्रवाल, शिवम अग्रवाल ने विधि विधान ने पूजन कर अर्चना की। भजन संध्या का शुरूआत भजन गायिका अनुष्का मिश्रा ने श्याम हारे के सहारे, तेरे बिन किसे पुकारें..., वहीं पवन मिश्र ने भजन कृष्ण शर्मा ने बैजू सनम ने भुला नहीं हूं बाबा तेरी कृपा.., जिसकी नैया श्याम भरोसे..जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को संकीर्तन में बांधे रखा। कलकत्ता के सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल ने तू खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं..,दिल चोरी साडा हो गया खाटू के मंदिर में,और मैं भी दीवाना हो गया खाटू के मंदिर में..,प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केश...,खाटू वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा..., खाटू वाले का यह दरबार है मांगलो जिसको जो दरकार है..., दीवाना राधे का मुरली वाला श्याम.., मैं हूँ शरण में तेरी संसार के रचैया.., सांवरिया सरकार है सबका पालन हारा..., खाटू वाली तालियां बजाओ कि बाबाजी को प्रेम से रिझाओ..., प्यारा श्याम सुन्दर नन्दलाला वो तो गऊवें चराने वाला...,ऐसो देख्यो ना कोई भी दिलवालो.. जैसे भजनों से भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में श्री श्याम परिवार के कार्यवाहक अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री रूपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अनुराग साहू सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहें।

# श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए ही नहीं जीवन में उतारने के लिए हैः कथा व्यास



**लखनऊ।** हाता रामदास सदर मे चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथा वाचक देवेश अवस्थी (द्वारिकानाथ जी महाराज) ने कुंती स्तुति का वर्णन करते हुए कहा कि विपत्ति में भगवान को याद करना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने बताया कि कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण से 'विपत्ति' का वरदान इसलिए मांगा था क्योंकि दुख में ही ईश्वर का निरंतर स्मरण होता है। सुख में मनुष्य अक्सर भगवान को भूल जाता है। प्रवचन के उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। शुकदेव जी का आगमन हमें सिखाता है कि वैराग्य और भक्ति के बिना मोक्ष संभव नहीं है। कथा के संयोजक राजेंद्र कुमार पांडे 'गुरु जी' और मुख्य यजमान ब्रम्ह प्रकाश व पुष्पा अग्रवाल ने बताया कि कथा 26 जनवरी तक दोपहर 3:00 बजे से शाम 7 बजे तक होगी।


## कार्यालय नगर पंचायत रेनुकूट, सोनभद्र

पत्रांक : 30/न.पं.रे./2025-26/ दिनांक - 21.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि '15 वाँ वित्त आयोग अनटाईड ग्रांट' की धनराशि से कार्य कराने हेतु बेबसाइट -http://etender.up.nic.in पर निम्न समय-सारणी के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से सम्बन्धित कार्यों का विवरण नियम एवं शर्ते तथा अन्य समस्त जानकारी बेबसाइट- http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता | दिनांक 22.01.2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 02.02.2026 को समय सांय 5.00 बजे तक |
| 2 | ठेकेदार द्वारा ऑनलाइन निविदा डाउनलोड /अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 02.02.2026 को समय सांय 5.00 बजे तक |
| 3 | ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि व स्थान | दिनांक 03.02.2026 को पूर्वान्ह 10.30 बजे। |

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि व नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिये कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, रेनुकूट**
**सोनभद्र**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, रेनुकूट**
**सोनभद्र**


# 'जश्न ए आजादी' ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जश्न-ए-आजादी एवं उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आज 21 जनवरी को सायं 5 बजे ऐतिहासिक शहीद स्मारक पर देश के वीर शहीदों की स्मृति में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर दोनों संगठनों के सदस्यों ने शहीद स्मारक पर एकत्र होकर देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना तथा राष्ट्र के प्रति नागरिकों में देशभक्ति, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना रहा। सभा में अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा, संरक्षक रज़िया नवाज, रोहित अग्रवाल, मोहम्मद ज़ुबैर, अभय सिंह, अब्दुल वहीद, मुर्तजा अली, वामिक खान, कुदरत उल्ला खान , हलीमा, कैफ, डॉ अंजुम, निहिल श्रीवास्तव, फहद, अमरजीत कुरील, अवधेश सोनकर, एडविन मौसी, जशवीर गांधी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि आजादी और संविधान की रक्षा के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

# सिंधी समाज ने हेमू कालाणी को श्रद्धांजलि अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अमर शहीद हेमू कालाणी का शहीदी दिवस राजधानी लखनऊ में सिन्धी समाज ने उन्हें सुबह 10 बजे क्षेत्रीय पार्षद मोनू सिंह गिरीश गुप्ता के साथ में आशियाना चौराहे सहित नाका हिंडोला चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित कर भगति गीतों के साथ मनाया चेट्टी चंद मेला कमेटी व सिन्धी पंचायतों के मुखी गण ने संयुक्त रूप से अमर शहीद हेमू कालाणी की जीवनी पर प्रकाश डाला। आशियाना के मुखी गण में प्रमुख रूप से भीमन दास, सुदाम चांदवानी, राकेश भागनानी, अशोक चांदवानी सुदाम चंद, वासुदेव सचदेवा नानक चंद लखमानी , झूलेलाल सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष अनिल चंदानी सहित मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी महामंत्री संजय जसवानी सिन्धु सभा अध्यक्ष अशोक मोतियानी कोषाध्यक्ष श्याम कृष्णानी सुरेश छबलानी तरुण सांगवानी पुनीत लालचंदानी राजू जसवानी इंदर कालाणी हंसराज राजपाल कन्हैयालाल चांदवानी, संतोष हिरवानी, नवीन केवलानी अमरनाथ चौधरी घनश्याम दास सहित सभी ने आशियाना और नाका हिंडोला चौराहे पर पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। इस मौके पर सिन्धु सभा अध्यक्ष अशोक मोतियानी मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी महामंत्री संजय जसवानी ने संयुक्त रूप से अपने संबोधन में कहा कि अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेते हुए 19 वर्षीय अमर शहीद हेमू कालाणी ने अपना सर्वोच्च बलिदान देते हुए अंग्रेजी हुकूमत के छक्के छुड़ा दिए इतनी कम उम्र में इतना बड़ा हौंसला बारूद से भरी हुई अंग्रेजी हुकूमत की ट्रेन को उड़ाने का प्रयास करते वक्त गिरफ्तार हुए उसके बाद हेमू कालाणी को फांसी की सजा सुनाई गई देश व समाज का नाम रोशन करने वाले स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद हेमू कालाणी का बलिदान दिवस उतर प्रदेश सहित पूरे देश में मनाया गया ( इस मौके पर नाका हिंडोला चौराहे पर क्षेत्रीय पार्षद गिरीश गुप्ता व आशियाना कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद मोनू सिंह शामिल हुए जिन्होंने समाज के साथ हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की है।

# गोरखपुर रूट की 18 ट्रेनें निरस्त, 40 बदले रूट से चलायी जायेंगी




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन की ओर से गोंडा- बुढ़वल रेलखंड के गोंडा-गोंडा कचहरी स्टेशनों के बीच प्री-नॉन इंटरलाकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होगा। इस कारण 18 फरवरी से आठ मार्च तक 18 ट्रेनें निरस्त रहेंगी। 40 ट्रेनें बदले रूट व रास्ते में रोककर चलाई जाएंगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 22921 बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस 15 मार्च को, 22922 गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस 17 मार्च को, 22199 ग्वालियर-बलरामपुर एक्सप्रेस 18 मार्च को, 22200 बलरामपुर ग्वालियर एक्सप्रेस 19 मार्च को, 15133 छपरा-आनंद विहार एक्सप्रेस 16 मार्च को, 15134 आनंद विहार -छपरा एक्सप्रेस 18 मार्च को, 12597 गोरखपुर मुंबई एक्सप्रेस 17 मार्च को, 12598 मुंबई -गोरखपुर एक्सप्रेस 18 मार्च को, 15029 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस 19 मार्च को, 15030 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस 21 मार्च को, 15081 गोरखपुर-गोमतीनगर 16 से 20 मार्च तक, 15082 गोमतीनगर-गोरखपुर एक्सप्रेस 17 से 21 मार्च तक, 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस 17 से 20 मार्च तक, 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस 18 से 21 मार्च तक, 15114 छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस 17 से 19 मार्च तक, 15113 गोमतीनगर-छपरा एक्सप्रेस 19 से 20 मार्च तक एवं 15031/32 गोरखपुर-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस 18 से 20 मार्च तक निरस्त रहेंगी।

इसके अलावा 07075 हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल 6 मार्च को गोमतीनगर तक संचालित होगी। वहीं 22199 ग्वालियर-बलरामपुर एक्सप्रेस लखनऊ स्टेशन पर 11 मार्च को टर्मिनेट होगी। ऐसे ही 15010 पीलीभीत-गोरखपुर एक्सप्रेस 17 से 20 मार्च तक एवं 15009 गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस 18 से 21 मार्च तक गोमतीनगर स्टेशन तक आएंगी।

**मनकापुर-अयोध्या कैंट के रास्ते चलेंगी ये ट्रेनें :** 14691 बरौनी-जम्मूतवी एक्सप्रेस 15 मार्च को, 12597 गोरखपुर-मुंबई एक्सप्रेस 10 मार्च को, 15622 आनंद विहार कामाख्या एक्सप्रेस 13 मार्च को, 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस व 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस 16 मार्च को, 15567 बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस 17 मार्च को, 15204 लखनऊ जंक्शन-बरौनी एक्सप्रेस 18 मार्च को, 15067 गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस 17 मार्च को, 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस 18 मार्च को, 15565 ललितग्राम-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस व 15029 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस 19 मार्च को, 22423 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस नौ मार्च को, 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 28 फरवरी से नौ मार्च तक, 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस 8 व 15 मार्च को, 12598 मुंबई-गोरखपुर एक्सप्रेस 8, 25 फरवरी व 4 मार्च को, 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 11 मार्च को, 14010 आनंद विहार-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस 9, 11, 16 एवं 18 मार्च को, 12522 एणाकुर्लम-बरौनी एक्सप्रेस 13 मार्च को, 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस 9 से 20 मार्च तक, 15904 चंडीगढ़ -डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस 11 व 18 मार्च को, 12512 तिरुवनन्तपुरम उत्तर-गोरखपुर एक्सप्रेस 10, 11, 15, 17 एवं 18 मार्च को, 12592 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 9 व 16 मार्च एक्सप्रेस को, 15134 आनंद विहार -छपरा एक्सप्रेस 11 व 14 मार्च को, 14674 जयनगर -अमृतसर शहीद एक्सप्रेस 19 मार्च को, 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस 18 व 19 मार्च एवं 15065 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस 19 व 20 मार्च को मनकापुर-अयोध्या कैंट के रास्ते चलाई जाएगी।

**हरिद्वार-लखनऊ के बीच एक-एक फेरे के लिए विशेष ट्रेन :** हरिद्वार में शांतिकुंज अखंड दीप शताब्दी समारोह के मद्देनजर रेलवे 22 और 23 जनवरी को हरिद्वार-लखनऊ के बीच एक-एक फेरे के लिए विशेष ट्रेन चलाएगा। मंगलवार को विशेष गाड़ी की समय सारिणी जारी कर दी गई। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि 04306 हरिद्वार-लखनऊ विशेष गाड़ी 22 जनवरी को दोपहर 12:55 बजे हरिद्वार से चलकर शाम 5:05 बजे बरेली आएगी और रात 11:45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। 04305 लखनऊ-हरिद्वार विशेष गाड़ी 23 जनवरी को लखनऊ से रात 12:20 बजे छूटने के बाद अगले दिन तड़के 5:53 बजे बरेली आएगी और 8:45 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इस ट्रेन को हरिद्वार-लखनऊ के बीच लक्सर, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, आंझी शाहबाद, हरदोई, बालामऊ स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा।

**कानपुर-प्रयागराज के रास्ते चलेंगी ये गाड़ियां :** 12565 दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्कक्रांति एक्सप्रेस 19 मार्च को, 15110 मथुरा -छपरा एक्सप्रेस 18 मार्च को, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल 16 से 20 मार्च तक, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल 17 से 19 मार्च तक, 15109 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस 18 व 20 मार्च को लखनऊ की जगह कानपुर प्रयागराज के रास्ते चलाई जाएंगी।

### ये ट्रेनें देरी से होंगी संचालित

18 मार्च को 13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस हावड़ा से 210 मिनट, 19 मार्च को 12557 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 240 मिनट, 19038 बरौनी-बांद्रा एक्सप्रेस बरौनी से 210 मिनट, 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस नई दिल्ली से 150 मिनट, 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ग्वालियर से 120 मिनट, 12555 गोरखपुर-बठिंडा एक्सप्रेस गोरखपुर से 150 मिनट, 22537 गोरखपुर-एलटीटी सुपरफास्ट गोरखपुर से 180 मिनट, 12595 गोरखपुर-आनन्द विहार एक्सप्रेस गोरखपुर से 150 मिनट व 16 मार्च को 22423 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस गोरखपुर से 150 मिनट देरी से चलेंगी।

## 18 ट्रेनों का संचालन 22 फरवरी तक रहेगा बाधित

**लखनऊ।** स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत लखनऊ जंक्शन पर कॉन्कोर्स निर्माण कार्य जारी है। इसके चलते 19 जनवरी से 22 फरवरी तक ट्रैफिक ब्लॉक बढ़ाया गया है, जिससे आगरा फोर्ट सहित कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, 19 जनवरी से 22 फरवरी तक 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी एक्सप्रेस ऐशबाग स्टेशन तक ही संचालित होगी। वापसी में 12179 लखनऊ जंक्शन-आगरा फोर्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस ऐशबाग से दोपहर 3:55 बजे चलेगी। इसी प्रकार, 14 फरवरी तक गाड़ी संख्या 20921 बांद्रा टर्मिनस-लखनऊ एक्सप्रेस ऐशबाग स्टेशन तक आएगी और 15 फरवरी तक ट्रेन नंबर 20922 लखनऊ जंक्शन-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस ऐशबाग से शाम 5:50 बजे रवाना होगी।

17 फरवरी तक गाड़ी संख्या 12103 पुणे-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस और 18 फरवरी तक ट्रेन नंबर 12104 लखनऊ जंक्शन-पुणे एक्सप्रेस गोमतीनगर से संचालित होंगी। इन ट्रेनों का बादशाहनगर व ऐशबाग स्टेशनों पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव होगा। नौ से 22 फरवरी तक 15031/32 गोरखपुर-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस ऐशबाग तक आएगी और ऐशबाग से शाम 4:16 बजे चलेगी।

19 से 25 जनवरी तक 15053 छपरा-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस गोमतीनगर तक आएगी, और वापसी में 15054 लखनऊ जंक्शन-छपरा एक्सप्रेस गोमतीनगर से रात 9:48 बजे चलेगी। नौ से 22 फरवरी तक 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस गोमतीनगर तक आएगी, जबकि वापसी में 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस ऐशबाग के बजाय गोमतीनगर से शाम पांच बजे संचालित होगी। इसके अतिरिक्त, 55346/45 कासगंज लखनऊ जंक्शन सवारी गाड़ी ऐशबाग तक ही आएगी और 15011 लखनऊ जंक्शन-चंडीगढ़ एक्सप्रेस लखनऊ जंक्शन से एक घंटे की देरी से चलेगी।

## रेलवे में नौकरी पर आज ट्विटर अभियान चलायेंगे कुली

- राष्ट्रीय कुली मोर्चा की वर्चुअल बैठक में हुए निर्णय

**लखनऊ।** कुलियों को रेलवे की स्थाई नौकरी में समायोजित करने, उनके लिए चलाई जा रही शिक्षा, स्वास्थ्य, वर्दी, विश्रामगृह आदि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लागू करने और कुलियों का काम निजी क्षेत्र को देने पर रोक लगाने की मांगों पर गुरुवार को 12 बजे से पूरे देश के कुली ट्विटर यानी एक्स पर अभियान चलाएंगे। जिसमें रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रेलवे बोर्ड को टैग कर पोस्ट किया जाएगा।

बजट सत्र से पहले सरकार का ध्यान कुलियों की आजीविका और सामाजिक सुरक्षा के सवाल पर आकर्षित करने और बजट में 2008 की तरह कुलियों को रेलवे की नौकरी में समायोजित करने की घोषणा करने के लिए राष्ट्रीय कुली मोर्चा की वर्चुअल बैठक में इस अभियान को चलाने का फैसला किया गया है। बैठक में हुए निर्णयों के संबंध में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कुली मोर्चा के कोऑर्डिनेटर राम सुरेश यादव ने प्रेस को यह बयान जारी किया। वर्चुयल बैठक में भाग लिया चंदेश्वर मुखिया, राहुल कुमार यादव, काजू , रमेश कुमार, आनन्द, रमेश ठाकुर, अरुण कुमार महतो , मनोज मंडल, प्रकाश कुमार, अनिल मंडल, ओम प्रकाश राम, गौरव, मोङ्गनवी हुसैन, शेख रहमतुल्ला, अरविन्द कुमार, कन्हैया ग्वाला, राज कुमार, राज कपूर, संजय पासवान, अनिल सावले, मो ङ्क अमजद, मूलचंद, जितेन्द्र दांगी, राम जन्म यादव, राम महावार , राम बाबू बिलाल, चंद्रपाल, आदि।

# डा. केके त्रिपाठी के प्रयास से बदला अकबरपुर रेलवे स्टेशन का नाम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड, उप्र के प्रदेश प्रवक्ता डा. केके त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि उनके द्वारा दशकों से अकबरपुर रेलवे स्टेशन का नाम डा. राम मनोहर लोहिया किये जाने की लड़ाई जमीनी स्तर से लेकर भारत सरकार तक लड़ी है। उनके व्यक्तिगत अथक प्रयास एवं जार्ज फार्नांडिस के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार ने शासन के पत्र संख्या-463/23-9-2000-12आर/2000, 09 जून 2000 के माध्यम से स्थानीय जनता की मांग पर अम्बेडकरनगर में स्थित अकबरपुर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर डा. राम मनोहर लोहिया किये जाने की मांग की थी।

इसका प्रस्ताव सचिव, भारत सरकार, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया था, जिसकी प्रति गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, मुख्य सर्वेयर, भारतीय सर्वेयर विभाग, देहरादून, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली एवं जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर को पृष्ठांकित की गई थी, जिस पर अभी तक शासन स्तर पर कतिपय सूचनायें प्रेषित किया जाना लम्बित था, जिसको प्रेषित किये जाने के लिए उनके द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं रक्षामंत्री, भारत सरकार को अनेकों पत्राचार किया गया एवं रक्षामंत्री, भारत सरकार से व्यक्तिगत सम्पर्क किया गया।

इसके बाद रक्षामंत्री के हस्तक्षेप के बाद मुगल शासक के दौरान से ही चले आ रहे अकबरपुर का नाम लोहिया नगर एवं अकबरपुर रेलवे स्टेशन का नाम डा. राम मनोहर लोहिया नगर किये जाने की कार्यवाही दुतिगामी गति से चलने लगी है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद, अकबरपुर की बोर्ड बैठक में इस सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित किया गया। बोर्ड सदस्यों ने अकबरपुर का नाम लोहिया नगर एवं अकबरपुर रेलवे स्टेशन का नाम डा. राम मनोहर लोहिया नगर किये जाने के नाम पर मुहर लगाई है। इस सम्बन्ध में प्रदेश शासन के अनुसचिव अभय प्रताप श्रीवास्तव ने डीएम अनुपम शुक्ल से स्पष्ट आख्या के साथ संस्तुति भी मांगी है। समाजवाद के पुरोधा रहे डा. राम मनोहर लोहिया के नाम से अकबरपुर का नाम लोहिया नगर एवं अकबरपुर रेलवे स्टेशन का नाम डा. राम मनोहर लोहिया के नाम से नामकरण होने से राष्ट्रीय स्तर पर अकबरपुर रेलवे स्टेशन को नई पहचान मिलेगी।

# नारायण जोशी अध्यक्ष व महेन्द्र सिंह बने उपाध्यक्ष




- अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा कमेटी का गठन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा एक राष्ट्रीय सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक संगठन है जो कि विगत 18 वर्षो से विभिन्न प्रदेशो में कार्य कर रही है, जिसकी लखनऊ मंडल में बैठक महासभा के कार्यालय विशाल खंड डिगडिगा में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत के अध्यक्षता में की गई जिसमें जिला इकाई की कमेटी का गठन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हेमवंत सिंह गड़िया, राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष राधा बिष्ट, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक असवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अंजली बोनाल, राष्ट्रीय कार्यकरणी सदस्य संगीता रावत, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव पूरन सिंह बिष्ट, प्रदेश सयोजक बच्ची सिंह डोलिया, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट, सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहें।

बैठक में सर्वसहमति से जिला इकाई के पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें संयोजक युवराज सिंह परिहार अध्यक्ष नारायण जोशी, उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह रावत, जगदीश बुटोला, महेंद्र सिंह राणा, बृजमोहन नेगी, महासचिव जयबीर सिंह बिष्ट , कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, सह कोषाध्यक्ष केशव बिटालू, संगठन सचिव नारायण रावत, मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह बम, प्रचार सचिव पंकज राणा, कार्यालय सचिव महावीर खांतवाल, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र मेहता को बनाया गया।

सभी पदाधिकारीयों को राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत, प्रदेश सयोंजक बच्चे सिंह डोलिया, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने माल्यार्पण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि लखनऊ राज्य इकाई फरवरी माह में गठित की जायेगी। बैठक में सुरेंद्र सिंह बिष्ट, हरपाल सिंह गड़िया, मोहन सिंह बिष्ट, गिरीश जोशी, गोकुल उप्रेती, सुरेंद्र सिंह बोरा, प्रदीप सिंह बिष्ट सहित कई लोग उपस्थित रहें।

## अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षण प्रतियोगिता में सीएमएस शिक्षिका अव्वल



**लखनऊ।** सीएमएस के अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ शिक्षिका रैना सिंह ने सेंटा इण्टरनेशनल सेंटा टीचिंग प्रोफेशनल्स ओपेन में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित शिक्षण प्रतियोगिता में विश्व भर के लगभग 100 देशों के दो लाख से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, जिनमें रैना ने वैश्विक स्तर पर टॉप 3000 शिक्षकों में शामिल होकर सीएमएस की अनूठी शिक्षण पद्धति का परचम लहराया है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

## अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति तोड़ने का जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन




**लखनऊ।** जिला वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट और देवी-देवताओं की मूर्तियों के अलावा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की भी मूर्ति को बुलडोजर द्वारा तोड़े जाने के विरोध में बुधवार को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ लखनऊ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल की अगुवाई में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी, लखनऊ को सौंपा गया। इस मौके पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर से जुड़े करोड़ों लोगों की भावनायें आहत हुई हैं। इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाये। घाट के साथ ही लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा का पुनः निर्माण कराया जाय एवं दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, प्रदेश सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल, एड. विपिन पाल, रामसेवक पाल, जिला उपाध्यक्ष रामनरेश पाल, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा अंजनी प्रकाश यादव, गुरु प्रसाद पाल, आशीष पाल मोनू, लालजी यादव, जीएच जैदी, वीरेन्द्र यादव, मोहित पाल, रामसागर पासी, लक्ष्मी नारायन पाल, सुरेश कुमार पाल के साथ सैकड़ों पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लविवि में परीक्षाओं का कुलपति ने किया निरीक्षण

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की व्यवस्था और सुचारु संचालन का जायजा लेने हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने बुधवार विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में पहुंचकर परीक्षार्थियों से संवाद किया तथा परीक्षा की पारदर्शिता, अनुशासन और सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. सैनी ने परीक्षा कक्षों में बैठकर उत्तर लिख रहे विद्यार्थियों की उपस्थिति, उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण, कक्ष निरीक्षकों की भूमिका तथा समय-सारिणी के पालन की स्थिति को परखा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को शांत, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

# डॉ. राजेश्वर ने की हेलमेट अभियान की घोषणा

- सड़क हादसों में दर्दनाक मौतों से व्यथित होकर लिया निर्णय



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के बच्चों की असमय मृत्यु से अत्यंत दुःखी होकर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोकने के लिए एक सशक्त सड़क-सुरक्षा पहल की घोषणा की है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने घोषणा की कि दर्दनाक घटनाओं को रोकने के लिए 1,000 हेलमेट इसी सप्ताह सरोजनीनगर के सभी बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों को वितरित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य यह है कि पार्टी कार्यकर्ता स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करें और अपने बच्चों को छोटी दूरी के लिए भी मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें।

डॉ. सिंह ने कहा कि कुछ क्षणों की लापरवाही जीवन भर का दर्द बन जाती है। ये मौतें रोकी जा सकती थीं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने देश-प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की भयावह स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। भारत में हर वर्ष लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.8 लाख से अधिक लोग जान गंवाते हैं, यानी प्रतिदिन लगभग 500 मौतें होती हैं।

उत्तर प्रदेश देश में सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक मौतों वाला राज्य है, वर्ष 2024 में यूपी में 46052 सड़क हादसों में 24,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है। जिनमें राजधानी लखनऊ में करीब 1630 सड़क हादसे दर्ज किए गए।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में एक माह के दौरान स्वास्थ्य कारणों एवं दुर्घटनाओं में अपने प्रियजनों को खोने वाले 13 से अधिक शोकसंतप्त परिवारों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की, उनका दुःख साझा किया और उन्हें सांत्वना प्रदान की।

# भाषा विवि में छात्रों को बांटे गये हेलमेट

- सड़क सुरक्षा के मद्देनजर आरटीओ की कार्यशाला



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा माह-जनवरी 2026 के अंतर्गत विशेष कार्यशाला एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट की अनिवार्यता तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना रहा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नलिनी मिश्रा तथा सह-संयोजक डॉ. राजकुमार सिंह रहे।

कार्यक्रम में लखनऊ के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजय तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेफ्टी ऑफिसर पंकज शर्मा एवं अन्य प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों और व्यावहारिक सावधानियों की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे विद्यार्थियों को मौके पर हेलमेट वितरित किए गए तथा भविष्य में अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर आरटीओ संजय तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों की अनदेखी है, जिसमें दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न पहनना सबसे गंभीर समस्या है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हेलमेट कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का प्रभावी सुरक्षा कवच है, जो दुर्घटना की स्थिति में सिर पर लगने वाली गंभीर चोटों से बचाता है और मृत्यु दर को काफी हद तक कम करता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त अधिकारी संजीव गुप्ता तथा परीक्षा नियंत्रक विकास भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धीरेंद्र ने किया। साथ ही, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के संदेश भी साझा किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संकल्प लिया।

# पीडब्ल्यूडी के मुख्यालय परिसर में तेल के खेल का भ्रष्टाचार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग परिसर में ही मानचित्रकार से पदोन्नत होकर जेईटी बन चुके यांत्रिक खण्ड में तैनात अनिल कुमार को तमाम चार्ज नियम विरूद्ध देकर फर्जी जेई मेकैनिकल बनाकर करोड़ों की धनराशि का भ्रष्टाचार करने को लेकर कौशल किशोर साहू, कंघीटोला, ठाकुर गंज, लखनऊ ने शिकायत की है। इससे शिकायतों के कारण तेल के खेल के घोटालें की परते लगातार खुलती जा रही है।

शिकायतकर्ता ने कन्डम खड़ी गाड़ियों की सर्वे रिपोर्ट के बाद वर्कशाप व पार्किंग में खड़ी जैसे कि कुछ गाड़ियों पर प्रतिमाह 600 से 700 लीटर डीजल/पेट्रोल इशू कराकर 60,000 से 70,000 हजार रुपये की धनराशि का फर्जी भुगतान कूटरचित दस्तावेज अभिलेख जेईटी अनिल कुमार से तैयार कराकर सहायक अभियंता से लेकर रंजीता प्रसाद अधिशासी अभियंता की मिलीभगत से संगठित रूप से लाखों की धनराशि का भ्रष्टाचार करके आपस में बंदर बांट करने के आरोप लगाये गये थे। भ्रष्टाचार जांच में परते खुलते देख मुख्यालय पर बड़े अफसर मुख्य अभियंता यूके सिंह खानापूर्ति के नाम पर आरोपी अधिकारी रंजीता प्रसाद को ही पत्र लिखकर उसी खण्ड के आरोपी सहायक अभियंताओं से अनिल कुमार, जेईटी की जांच करा रहे, जबकि इसी खण्ड के अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंताओं पर खुद ही आरोप लगे है।

**कार्यवाही दिखावटी, दे दिया मलाईदार पद :** अनिल कुमार के विरूद्ध दिखावटी कार्यवाही की गयी लेकिन अवर अभियंता-मुख्यालय का अहम व मलाईदार चार्ज अभी भी रंजीता प्रसाद ने दे रखा है। सूत्रों के अनुसार रंजीता प्रसाद ने सब कुछ जानते हुए भ्रष्टाचार होने दिया और वह स्वयं भ्रष्टाचार में संलिप्त रहीं बिल पास करने में हस्ताक्षर करती है और जब खुद को फंसता देखा तो प्रमुख अभियंता, विद्युत यांत्रिक के आदेश 17 नवम्बर 2014 को अपने हस्ताक्षर से आनन-फानन में आदेश 30 सामान्य/2026, 2 जनवरी 2026 निर्गत किया गया, जिसमें यह व्यवस्था दी गई थी कि मुख्यालय के अधिकारियों के साथ सम्बद्ध राजकीय वाहन से 20,000 किलोमीटर की यात्रा प्रति माह अनुमन्य होगी और यदि शासकीय कार्यो के लिए इससे अधिक यात्रा करने की आवश्यकता आती है तो सक्षम अधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। शिकायकतकर्ता का आरोप है कि रंजीता प्रसाद अधिशासी अभियंता द्वारा जांच समिति गठित की गई है, जबकि रंजीता प्रसाद खुद आरोपी है और खण्ड के दोनों सहायक अभियंता रंजीता प्रसाद के अधीन कार्यरत है और ये दोनों सहायक अभियंता इस भ्रष्टाचार की प्रक्रिया से भी जुड़े रहें है तो ऐसी स्थिति में जांच को प्रभावित होना तय है।

शिकायकतकर्ता ने बताया कि शिकायतों को प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर अनिल कुमार, जेईटी से नियम विरूद्ध दिये गये समस्त गाड़ियों के चार्ज, न्यू टी एण्ड पी से संबंधित चार्ज एवं आउटसोर्स के समस्त चार्ज हटाकर प्रांतीय खण्ड से यांत्रिक खण्ड में सम्बद्ध अवर अभियंता, दिलीप कुमार को दिये गये लेकिन रंजीता प्रसाद पर सबसे बड़ा आरोप यह है कि अनिल कुमार से अभी भी नियम विरूद्ध तरीके से अवर अभियंता मुख्यालय का कार्य लिया जा रहा है। जिसके कारण पूरे खण्ड पर दबदबा अनिल कुमार का बना हुआ है और जांच को अपने अवर अभियंता, मुख्यालय के अतिरिक्त चार्ज से सभी अभियंताओं को दबाने में लगा है और अपने मन-मानी अभी भी कर रहा है जबकि दिलीप कुमार सम्बद्ध जेई के अलावा तीन अवर अभियंता यांत्रिक खण्ड में तैनात है और उनके पास चार्ज भी नहीं है। सूत्र बताते है कि सम्बद्ध दिलीप कुमार को इसलिए चार्ज दिया गया है क्योंकि व यांत्रिक खण्ड से सम्बद्ध है जिनको मैनेज करना आसान होगा, क्योंकि मूलतः वह दूसरे खण्ड से यांत्रिक खण्ड में आये है और नियमित अवर अभियंताओं से और बड़े खुलासे होने तथा भ्रष्टाचार की परतें और भी खुलेगीं इसलिए अन्य तीन अवर अभियंताओं को अनिल कुमार का कोई भी चार्ज नहीं दिया गया है। एक चौकाने वाला तथ्य यह भी प्रकाश में आया है कि अभी लगभग 150 स्टाफ नई कारें यांत्रिक खण्ड में आने जा रही है, जिसका इन्सेन्टिव अनिल कुमार, जेईटी के माध्यम से प्राइवेट कम्पनी जो कारों की आपूर्ति दे रही है, वह अलिन कुमार और रंजीता प्रसाद व मुख्य अभियंता, यूके सिंह के मध्य में बंदरबांट होनी है।

**पुरानी कन्डम गाड़ी को चमकाया :** तेल के खेल के भ्रष्टाचार में कन्डम मृतप्राय घोषित जीप यूआईई 3740 जो वर्कशॉप में कई महिनो से खड़ी थी, उसे उठाकर आनन-फानन में अनिल कुमार ने डेंट-पेंट कराकर, इंजन रखवाकर, टायर बदलवाकर परिसर की नवीन पार्किंग में खड़ा करा दिया गया है, इससे स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार की जांच के खुलासे को रोकने के लिये रंजीता प्रसाद जांच कर रहे सहायक अभियंता, अनिल कुमार व चार्ज पाये दिलीप कुमार जेई सम्बद्ध मेकैनिकल द्वारा कोई नई चाल चलने का प्रयास कर रहे है। रंजीता प्रसाद की बोलेरो यूपी 32 बीजी 6865 पर प्रति माह पिछले वर्षो के प्रत्येक माहों में 500 से 700 लीटर इशू करने के तेल के खेल पर वह स्वयं क्या औचित्य बतायेगी। आरएम श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता, 30 वां वृत्त स्वयं अपनी स्टाफ कार पर पिछले वर्षो के प्रत्येक माहों में 500 से 700 लीटर इशू करने के तेल के खेल हुआ। वहीं, नवीन पार्किंग की छत पर खड़ी कन्डम घोषित एम्बेस्डर कार यूपी 32 बीजी 5191 पर पिछले वर्षो के प्रत्येक माहों में 500 से 700 लीटर इशू करने के तेल के खेल हुआ।

**शिकायतकर्ता की मुख्य मांगें:** यांत्रिक खण्ड के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता से अलग सिविल के मुख्य अभियंता व अन्य किसी अधीक्षण अभियंता से निष्पक्ष जांच करायी जाये ताकि सभी कन्डम कारों पर इशू करके लिये गये तेल के एवज में प्राप्त की गई भ्रष्टाचार की धनराशि तथा रूटीन में 20,000 किलोमीटर वाले सर्कुलर की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कसकर अनिल कुमार जेईटी से वसूली कराकर इसे परिसर से बाहर दूसरे मण्डल में तत्काल प्रभाव में स्थानान्तरण कराया जाये, ताकि भविष्य में किसी अन्य द्वारा इस प्रकार का भ्रष्टाचार न किया जा सके और भ्रष्टाचार करने वाले पर कार्यवाही करके एक नजीर बन सके।

## घर पर सुनवाई के लिए लिखित निर्देश जारी किये जायें : सपा

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर शिकायत की है कि प्रदेश में 01 करोड़ 04 लाख नो-मैपिंग व 02 करोड़ 22 लाख लाजिकल एरर के मतदाता यानी 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस जारी की जायेगी, जिसमें बड़ी संख्या में 80 वर्ष वृद्ध, विकलांग, बीमार मतदाता है, ऐसे मतदाताओं को उनके घर पर सुनवाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाये, जिससे मतदाताओं को 10-15 किमी दूर जाकर सुनवाई पर पहुंचने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। घर पर सुनवाई के लिए लिखित निर्देश जारी किये जायें। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में 1 करोड़ 04 लाख नो-मैपिंग के मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस जारी की जा रही है।

संक्षेप

## लोडिंग टैक्सी की टक्कर से भतीजा घायल, झांसी रेफर

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बसवां में रहने वाले सत्यवान यादव पुत्र वीरभान ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती सात जनवरी को वह अपने 13 वर्षीय भतीजे देव पुत्र देवेन्द्र सिंह को बिरधा हॉस्टल से लेकर वसवां जा रहे थे। तभी रास्ते में काला पहाड़ बस स्टेण्ड के पास शाम करीब 4 बजे वह भतीजे के साथ सड़क किनारे खड़े हो गये। इसी दौरान लोडिंग टैक्सी नं. यू.पी. 94 टी 8247 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर भतीजे को झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया कि उसके भाई की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर लोडिंग टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धतहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# शत- प्रतिशत लाभार्थियों का बनायें आयुष्मान कार्डः सीडीओ

जिला संवाददाता



देवरिया। ।मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।आयुष्मान योजना अंतर्गत शत

● जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की हुई बैठक

प्रतिशत लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश देते हुए सीडीओ ने कहा कि प्रत्येक दिन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए शत प्रतिशत लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। शीघ्र ही पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड अवश्य बन जायें।

इसके साथ ही टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत स्क्रीनिंग बढ़ाए जाने पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया कि एक रणनीति बनाकर स्क्रीनिंग बढ़ाया जाय। सीडीओ ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक सहित कर्मचारी अपने ड्रेस में रहें। मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें और उन्हें बेहतर इलाज दें।

अस्पताल परिसर के क्षतिग्रस्त दीवार की मरमत कराएं। सीडीओ ने निर्देशित किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम का समुचित उपयोग करते ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं को ट्रैक कर उनको सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के नियमित टीकाकरण में छूटे हुए परिवारों को पूर्ण टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। चिकित्सा संस्थानों में घटित होने वाले जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं को समयानुसार पंजीकृत किए जाने का निर्देश दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने सभी संचालित कार्यक्रमों की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक में एसीएमओ आरसीएच डॉ अजय शाही, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, एसीएमओ डॉ एसके सिन्हा, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डॉ आरपी यादव, डॉ अजीत, डॉ विपिन रंजन, डीएमओ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम सहित सहयोगी संस्था सीफार, यूनिसेफ, डब्लूएचओ, यूपीटीएसयू, जेएसआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मैमू में महिला यात्रियों के पर्स चोरी

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चन्देरी क्षेत्रांतर्गत रहने वाले अंकुर भार्गव पुत्र कृष्णकांत भार्गव ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 जनवरी को वह सुबह 9.50 बजे मुम्बई रेलवे स्टेशन से ललितपुर तक की यात्रा ट्रेन संख्या 12137 पंजाब मेल एक्सप्रेस के कोच नं. ए-2 के बर्थ संख्या 31 पर कर रहा था। बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन के पास उसकी पत्नी रूचि भार्गव का एक हैण्ड बैग जिसमें दो घड़ी, चार्जर, चाबियां, दवाईयां, एक चांदी की अंगूठी व 7 हजार रुपये नकद रखे हुये थे, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखेरा निवासी रेखा यादव पत्नी आजाद सिंह ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 19 जनवरी को सुबह करीब 11.45 बजे वह ललितपुर-खजुराहो मैमू संख्या 64648 में ललितपुर से टीकमगढ़ तक की यात्रा कर रही थी।

## खतौनी में अंश निर्धारण की त्रुटियों में सुधार के लिए जनपद में विशेष अभियान

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह द्वारा जनपद की समस्त तहसीलों में खतौनी में खातेदारों/सह-खातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों एवं लोप के संशोधन/दर्ज कराए जाने हेतु विशेष अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं ।उक्त अभियान के अंतर्गत प्रत्येक तहसील में रोस्टरवार कार्यक्रम के अनुसार लेखपालों द्वारा ग्रामवार बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में संबंधित राजस्व ग्राम की खतौनी, आकार पत्र ख०पू०-3 एवं अन्य संगत अभिलेखों के साथ खातेदारों/सह-खातेदारों को बुलाकर अंश निर्धारण की स्थिति स्पष्ट की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु तहसील, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक स्थलों पर बैनर-पोस्टर लगाए जाएं तथा थाना दिवस एवं तहसील दिवस के अवसर पर भी इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही जनसूचना एवं संपर्क विभाग के माध्यम से कम से कम दो लोकप्रिय स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जाए। बैठकों के दौरान यदि सह-खातेदार पूर्व में दी गई सहमति से वर्तमान में भी सहमत पाए जाते हैं, तो उनसे पुनः सहमति प्राप्त की जाएगी। वहीं लिपिकीय त्रुटियों के कारण यदि अंश निर्धारण गलत हुआ है, तो आवेदन पत्र के माध्यम से संशोधन की कार्यवाही की जाएगी। सहमति न होने की स्थिति में संबंधित अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ आवेदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में उक्त अभियान का कड़ाई से समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराएं, ताकि खातेदारों को त्वरित एवं पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराया जा सके।

## आज से शुरू होगी तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता

भटनी(देवरिया)। नेशनल पब्लिक स्कूल सोन्दा एवं शाखा चाँदपार भटनी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 22जनवरी से होगा । 26जनवरी को पुरस्कृत वितरण के साथ समापन होगा।

उक्त आशय की जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्या मृदुला सिंह बघेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में खो खो ,कबड्डी, क्रिकेट कुश्ती, ताईक्वांडो, लम्बी कूद बालीबाल का आयोजन किया गया है ।जिसमे स्कूल के छात्र व छात्राएं भाग लेंगे । वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उदघाटन जी आई सी इण्टरमीडिएट कालेज देवरिया के प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र द्वारा किया जायेगा ।

# लीगल एंड क्लीनिक पर होगा आम जनमानस के विधिक अधिकारों का संरक्षणः एडीजे

बरहज,देवरिया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान एवं जनपद न्यायाधीश, देवरिया धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा तहसील बरहज के अन्तर्गत 5 ग्राम पंचायत क्रमशः भदीला अव्वल, घेवड़ा, कोल्हुआ , लहछुआ एवं परसिया देवार, में विधिक सहायता केन्द्र (लीगल एड क्लीनिक) का उद्घाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी तथा न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय बरहज विकास कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

बरहज तहसील के ग्राम पंचायतों में लीगल एड क्लीनिक के उद्घाटन के अवसर पर तहसीलदार बरहज अरुण कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आम जनमानस को विधिक अधिकार प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा आम जनमानस के विधिक अधिकारों को संरक्षित करने हेतु सम्बन्धित निर्देशित किया उनके द्वारा जरूरत मंदों को न्याय तक पहुँचने के तरीकों पर विस्तृत चर्चा के साथ शासन के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने वृद्धजनों के अधिकारों, महिलाओं, विधवाओं, वृद्धजनों और बच्चों से सम्बन्धित कानूनों तथा उन पर होने वाले शोषण के प्रति भी जागरूक किया। उन्होने कहा कि विधिक सहायता केन्द्र (लीगल एड क्लीनिक) पर आम जनमानस के विधिक अधिकारों का संरक्षण होगा। जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर ही छोटे-मोटे अपराधों, लड़ाई-झगड़ों और हिंसाओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की असिस्टेंड लीगल ट्रांसलेशन एडवाइजरी और ई-लॉ कमेटी द्वारा सुवास प्रकोष्ठ (सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद साफ्टवेयर) के माध्यम से माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्णयों को हिन्दी भाषा में अनुवादित कराया गया है। जिसे माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट के माध्यम से अवलोकित कर जानकारी प्राप्त की जा सकता है।

उक्त कार्यक्रम के अवसर पर तहसीलदार बरहज द्वारा शासन के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर तहसीलदार बरहज, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, पराविधिक स्वंय सेवक, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ साइकिल यात्रा का स्वागत

देवरिया । भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा कानून को कमजोर किये जाने के विरोध में निकाली गई मनरेगा बचाओ साइकिल यात्रा गांधी वादी युवाओं द्वारा यह यात्रा शहर मुख्यालय के सुभाष चौक पर पहुंचा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। स्थानीय नेताओं में पूर्व प्रत्याशी मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष चन्दन वर्मा, मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला संयोजक सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, जिला महासचिव रवेश मल्ल पिंटू, विनोद दुबे, पन्नालाल पाठक, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोविन्द मिश्र, सत्यम पाण्डेय, हर्षित सिंह ने यात्रा में शामिल युवाओं का उत्साहवर्धन किया। यात्रा में शामिल गांधीवादी युवाओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने वीबी जी राम जी जैसे मजदूर विरोधी प्रावधानों के जरिए मनरेगा कानून को समाप्त कर दिया है। संसद में बिना पर्याप्त बहस और स्टैंडिंग कमेटी के जांच के मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाया गया, साथ ही मजदूरों के काम के अधिकार और न्यूनतम मजदूरी की गारंटी भी समाप्त कर दी गई। उन्होंने आगे कहा कि यह कदम करोड़ों दलितों, पिछड़ों, आदिवासीयों, महिलाओं और भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों के रोजगार अधिकारों पर सीधा हमला है। युवाओं ने सीधा आरोप



लगाया कि सरकार की मंशा उद्योगपतियों को कम मजदूरी पर श्रमिक उपलब्ध कराना है। मनरेगा बचाओ यात्रा में शामिल गांधीवादी युवाओं को गांवों में संवाद करते हुए ग्रामीण मजदूरों में खास उत्साह देखने को मिला, लोगों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और मनरेगा को बचाने के लिए आंदोलन का समर्थन देने की बात कही। यह यात्रा गोरखपुर के चौरी चौरा से निकलकर देवरिया,बलिया,मऊ, गाजीपुर होते हुए बनारस पहुंचेगी। बनारस में 17 फरवरी को यात्रा का समापन होगा। इस यात्रा में शामिल गांधीवादी युवा यात्री प्रवीन वर्मा अम्बेडकरनगर, विवेक मिश्रा बलिया,रजत सिंह,सतिश शाही,सुफी सलीम देवरिया, प्रियेश पाण्डेय,संगम गुप्ता,गौरव,कुशीनगर,जय मोर्या, बृजेश कुमार,मऊ, नीरज कुमार आजमगढ़, राशिद बेगुसराय,राजू कुमार सहरसा बिहार से सम्मिलित थे।

## देवरिया मेडिकल कॉलेज में सर्दी के मरीजों की बढ़ी भीड़, डॉ. अनुराग शुक्ला निभा रहे अहम भूमिका

देवरिया। दलते मौसम का सीधा असर जनस्वास्थ्य पर देखने को मिल रहा है। महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में सर्दी-जुकाम, खांसी और सांस से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज का श्वास रोग विभाग मरीजों के लिए राहत का केंद्र बना हुआ है श्वास रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराग शुक्ला इस समय मरीजों के लिए उम्मीद की किरण बने हुए हैं। बढ़ती भीड़ के बावजूद वे पूरी शालीनता, संवेदनशीलता और धैर्य के साथ प्रत्येक मरीज का परामर्श कर रहे हैं। उनकी कार्यशैली और मरीजों से संवाद की सराहना आमजन के साथ-साथ मेडिकल स्टाफ भी कर रहा है। डॉ. अनुराग शुक्ला न केवल रोगियों की गहन जांच कर सटीक उपचार उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि बदलते मौसम में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति भी लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उनका कहना है कि मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते श्वास संबंधी रोगों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए समय पर इलाज और सावधानी बेहद जरूरी है ।मेडिकल कॉलेज में डॉ. अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में श्वास रोग विभाग पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है, जिससे सैकड़ों मरीजों को समय पर राहत मिल रही है।

# 25 को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साह पूर्वक मनाया जायेगा

कुशीनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद में दिनांक 25 जनवरी, 2026 को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे उत्साह एवं व्यापक सहभागिता के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम तथा टैगलाइन निर्धारित की गई है ।जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि इस अवसर पर जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों, बीआरसी, तहसील स्तर, जिला मुख्यालय, शैक्षणिक संस्थानों एवं चुनाव पाठशालाओं पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाएंगे। पूर्वान्ह 11:00 बजे बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्रों पर, निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बीआरसी पर तथा जिला मुख्यालय पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई जाएगी ।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर मतदाताओं एवं नवपंजीकृत मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा तथा नए मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों एवं विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु स्कूलों, कॉलेजों एवं महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मतदाता जागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी, स्लोगन लेखन, निबंध प्रतियोगिता, गीत, स्किट, ऑनलाइन गतिविधियां एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पोस्टल बैलेट सुविधा, ईवीएम/वीवीपैट, मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधाएं, वोटर हेल्पलाइन ऐप, नैतिक मतदान एवं मतदाता पंजीकरण/समावेशन से संबंधित जागरूकता फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी। मतदाता जागरूकता से संबंधित समाचार पत्रों की पेपर कटिंग की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम एवं मतदाता शपथ को जनपद की वेबसाइट एवं सोशल मीडिया हैंडल्स पर हैशटैग के साथ व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा।

मीडिया, सिविल सोसाइटी, एनएसएस, एनसीसी, नेहरू युवा केन्द्र, भारत स्काउट एवं गाइड तथा अन्य स्वयंसेवी संगठनों का सक्रिय सहयोग लिया जाएगा। कार्यक्रमों की फोटोग्राफी अपलोड किया जाएगा तथा उसकी हार्डकॉपी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करें।

# छपरा ने मेहा को हराया, जीता खिताब



बैतालपुर/देवरिया। बुधवार को बैतालपुर नगर पंचायत स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के खेल ग्राउंड पर स्वर्गीय हरिवंश मणि स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। खचाखच भरे दर्शकों के बीच उत्तर प्रदेश की मेहा और बिहार प्रांत की

● राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबला

छपरा टीम आमने-सामने थीं। निर्धारित समय तक मुकाबला गोलरहित बराबरी पर रहने के बाद टाई ब्रेकर में छपरा ने मेहा को 4झ2 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया ।फाइनल मुकाबले का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता विनय राव तथा विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य कपिल मुनि मणि त्रिपाठी और राधेश्याम राय ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की अपील की। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन मजबूत रक्षा पंक्ति और गोलकीपरों की सतर्कता के चलते कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। दूसरे हाफ में भी यही स्थिति बनी रही। कई बार गोल के मौके बने, दर्शक रोमांचित हुए, लेकिन गेंद गोलपोस्ट के भीतर नहीं जा सकी। अंततः निर्णायक मंडल ने टाई ब्रेकर से नतीजा निकालने का फैसला किया, जिस पर दोनों टीमें सहमत हुईं। टाई ब्रेकर में छपरा टीम ने शानदार संयम और सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। छपरा की ओर से चार गोल दागे गए, जबकि मेहा की टीम केवल दो गोल ही कर सकी। इस तरह छपरा ने 4झ2 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। निर्णायक मंडल में क्रीड़ा भारती कोऑर्डिनेटर श्रीराम यादव, आशा खातून, हीरा निषाद और पिंकी अमरचंद मैराडोना, राजकुमार मद्धेशिया शामिल रहे। मैच की कमेंट्री अब्दुल रब ने की, जबकि कार्यक्रम संचालन अमित मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर आयोजक मंडल के सुयश मणि त्रिपाठी, अजय कुमार त्रिपाठी, धनेश मणि त्रिपाठी, संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट, डब्लू बरनवाल, राघवेंद्र तिवारी, राजन गुप्ता, शेषनाथ गुप्ता, राजन मणि, प्रवीण दुबे आदि उपस्थित रहे।

## 102 एंबुलेंस बनी जीवनदायिनी, चलते वाहन में हुआ सुरक्षित प्रसव

देवरिया। जिले के विकास खंड गौरी बाजार अंतर्गत लवकनी गांव की रहने वाली पूनम देवी (28 वर्ष), पत्नी राजू को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजनों ने तत्काल 102 एंबुलेंस सेवा पर कॉल किया। सूचना मिलते ही 108 व 102 2एंबुलेंस के जिला सुपरवाइजर राहुल पांडेय ने 102 एंबुलेंस के चालक संजीत यादव को दी।

जहां कुछ ही देर में मौके पर पहुंचे और गर्भवती महिला को एंबुलेंस में शिफ्ट कर अस्पताल के लिए रवाना किया गया ।वहीं रास्ते में कुछ दूरी तय करने के बाद महिला को अत्यधिक प्रसव पीड़ा होने लगी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए एंबुलेंस में तैनात ईएमटी मुन्ना ने सूझबूझ, तत्परता और अपने प्रशिक्षण का परिचय देते हुए एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया ।प्रसव के बाद नवजात शिशु को सांस लेने में परेशानी होने लगी। ऐसे नाजुक हालात में ईएमटी मुन्ना ने 102 कंट्रोल रूम के चिकित्सक से तत्काल मार्गदर्शन प्राप्त किया और एंबुलेंस में उपलब्ध अंबु बैग की सहायता से नवजात को सांस दिलाई ।इसके बाद मां और नवजात शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गौरी बाजार में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति अब पूरी तरह स्वस्थ है ।समय पर पहुंची 102 एंबुलेंस सेवा और प्रशिक्षित ईएमटी की तत्परता व कुशल कार्यप्रणाली से एक अनमोल जीवन को सुरक्षित किया जा सका, जो स्वास्थ्य सेवाओं की संवेदनशीलता और तत्परता का सराहनीय उदाहरण है।


## खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण के लिए 22 जनवरी से सघन टीकाकरण अभियान

कुशीनगर। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के अंतर्गत खुरपका-मुँहपका (एफएमडी) रोग के नियंत्रण एवं पूर्ण उन्मूलन के उद्देश्य से जनपद कुशीनगर में 22 जनवरी 2026 से सघन पशु टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जाएगा। यह अभियान 22 जनवरी से 10 मार्च 2026 तक कुल 45 दिनों तक संचालित होगा।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के लिए जनपद को 1 लाख 63 हजार वैक्सीन डोज प्राप्त हो चुकी हैं, जिन्हें कोल्डरूम में निर्धारित तापमान पर सुरक्षित रखा गया है। सभी विकास खंडों को लक्ष्यानुसार वैक्सीन की आपूर्ति की जा रही है, जिन्हें आइसलाइनर एवं फ्रीज में सुरक्षित रखा गया है। अभियान के सफल संचालन हेतु प्रत्येक विकास खंड में टीकाकरण टीमें गठित की गई हैं, जिनमें एक पशुचिकित्साधिकारी, एक पशुधन प्रसार अधिकारी, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं स्थानीय पैरावेट/मैत्री शामिल हैं। जनपद स्तर पर अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. विद्याराम वर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, सदर पडरौना को नामित किया गया है। इसके लिए पशुचिकित्सालय सदर पडरौना में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। टीमें पशुपालकों के घर-घर जाकर पशुओं का पंजीकरण करते हुए निःशुल्क टीकाकरण करेंगी तथा टीकाकरण की जानकारी मौके पर ही भारत पशुधन ऐप पर अपलोड की जाएगी। प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट विकास खंडों से जनपद स्तर पर संकलित कर निदेशालय पशुपालन विभाग, लखनऊ को भेजी जाएगी। डॉ. सिंह ने बताया कि 21वीं पशुगणना के अनुसार जनपद में कुल 1,82,738 गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशु हैं, जिनका टीकाकरण किया जाना है। पशुपालकों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा सचल वाहनों के माध्यम से टीकाकरण से पूर्व सूचना दी जा रही है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को खुरपका-मुँहपका रोग से सुरक्षित रखने हेतु अभियान के दौरान शत-प्रतिशत एफएमडी टीकाकरण अवश्य कराएं।

# किसान दिवस का आयोजन, डीएम ने किया औपचारिक उद्घाटन

जिला संवाददाता



कुशीनगर। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत चार दिवसीय ह्वविराट किसान मेलाह्व का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र, पड़रौना में किया गया। मेले के तृतीय दिवस के अवसर पर किसान दिवस का आयोजन हुआ, जिसका औपचारिक उद्घाटन महेन्द्र सिंह तंवर जिलाधिकारी, द्वारा किया गया ।जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों एवं एफ.पी.ओ. द्वारा लगाए गए कृषि प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया तथा किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया ।इस अवसर पर डा० वाईपी भारती, वैज्ञानिक, स्व० बाबू गेंदा सिंह गन्ना अनुसंधान संस्थान, सेवरही द्वारा मृदा परीक्षण एवं बसंतकालीन गन्ने की खेती में लगने वाले कीट एवं रोग नियंत्रण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

वहीं डा० श्रुति बी०, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, सरगटिया द्वारा मौसम पूर्वानुमान एवं साग-सब्जी उत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। अतीन्द्र सिंह, उप कृषि निदेशक, ने धरती बचाओ अभियान के अंतर्गत किसानों से फसलों में संतुलित रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग की अपील की, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे। उन्होंने किसानों को अवगत कराया कि फारमर रजिस्ट्री कराना अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा भविष्य में बीज, उर्वरक एवं कृषि यंत्रों पर मिलने वाला अनुदान प्रभावित हो सकता है।

किसानों को यह भी बताया गया कि बसंतकालीन गन्ने के साथ सहफसली खेती हेतु उर्द एवं मूंग का बीज निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके लिए 31 जनवरी तक टोकन निर्गत किए जाएंगे। गन्ने की बुवाई करने वाले किसानों से सहफसली खेती अपनाने का अनुरोध किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा पिछले किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति से किसानों को अवगत कराया गया। किसान दिवस के दौरान जगदीश मिश्र द्वारा फारमर रजिस्ट्री, महेन्द्र मणि द्वारा बिक्री केन्द्रों पर बोरे उपलब्ध न होने एवं गन्ना तौल केन्द्रों पर डिस्प्ले न लगाए जाने, रामाधार कुशवाहा द्वारा छुट्टा पशुओं की समस्या से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इस पर जिला गन्ना अधिकारी, ने अवगत कराया कि सेवरही चीनी मिल द्वारा 10 प्रतिशत गन्ना तौल केन्द्रों पर डिस्प्ले लगा दिए गए हैं तथा शेष केन्द्रों पर शीघ्र ही डिस्प्ले लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने मेले के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से किसानों को विभागीय योजनाओं एवं नवीन तकनीकों की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त होती है। उन्होंने किसान दिवस की शिकायतों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन देते हुए बताया कि फारमर रजिस्ट्री में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। साथ ही 1.00 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले तालाबों को प्राथमिकता तथा प्राचीन कुओं का राजस्व विभाग द्वारा सर्वेक्षण कराए जाने की बात कही। उन्होंने फारमर रजिस्ट्री एवं क्रॉप सर्वे के महत्व को भी रेखांकित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा कामेश श्रीवास्तव, परमा यादव एवं श्रीमती कलावती को 50 प्रतिशत अनुदान पर तिरपाल का वितरण किया गया। मेले में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी, कृषि वैज्ञानिक, एफ.पी.ओ. प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राजेश श्रीवास्तव (जादूगर) द्वारा कृषि एवं कृषि संबद्ध विभागों की योजनाओं की जानकारी जादूगरी के माध्यम से रोचक रूप में किसानों को दी गई।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना का जनपद में व्यापक प्रचार अभियान शुरू

जिला संवाददाता

कुशीनगर। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर श्रम विभाग द्वारा जनपद कुशीनगर में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने बताया कि यह केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसके अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित श्रमिक पंजीकरण करा सकते हैं।

योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिक को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद न्यूनतम 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है।

इन श्रमिकों को मिलेगा योजना का लाभ योजना के तहत रिक्शा चालक, ठेला व फेरी लगाने वाले, मोची, नाई, धोबी, माली, दर्जी, कूड़ा बीनने वाले, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, मजदूर, दूध दुहने वाले, पशुपालक, ईंट-भट्ठा मजदूर, दुकानों में कार्यरत कर्मचारी, होटल-ढाबा कर्मी सहित असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले विभिन्न श्रमिक पात्र हैं ।उन्होंने बताया कि मासिक आय 15 हजार रुपये से कम तथा आयकर दाता न होने वाले श्रमिक इस योजना में आवेदन कर सकते हैं।

22 हजार से अधिक श्रमिकों का हो चुका है पंजीकरण श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद कुशीनगर में अब तक 22,177 असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण कराया जा चुका है।

शेष पात्र श्रमिकों को योजना से जोड़ने के लिए विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा, उन्होंने बताया कि श्रमिक ई-श्रम कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से नजदीकी जनसेवा केंद्र अथवा वेबसाइट पर स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए श्रमिक श्रम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## मैकेनेक की दुकान से इंजन व जनरेटर चोरी

ललितपुर। कैलगुवां रोड तुलसीनगर निवासी दयानन्द झां पुत्र राजकुमार ने पुलिस को अवगत कराया कि 27 दिसम्बर की रात करीब 2 बजे उसकी दुकान से एक जनरेटर, 3 मोटर, 1 बायब्रेटर, 1 खुला हुआ इंजन चोरी हो गया। वह मैकेनेक है और उसने चोरी हुये सामान की काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। लोगों से पूछताछ करने पर रवि व कोमल नाम के व्यक्तियों ने बताया कि उसका उक्त सामान मोहल्ले के कल्यानपुरा निवासी किसी व्यक्ति के घर में रखा हुआ है।

जब उसने वहां जाकर देखा तो एक जनरेटर ही मौजूद मिला, जिसे उसने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

संक्षेप

## आपत्तिजनक पोस्ट मामले में युवक ने मांगी माफी

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलके में सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में एक युवक ने सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है। मामला सिधौली थाना क्षेत्र के नरोत्तम नगर निवासी युवक से जुड़ा है, जिस पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा था। इस संबंध में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना की ओर से सिधौली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। संगठन के विधानसभा प्रभारी कमल हिंदू ने पुलिस को दिए पत्र में बताया था कि युवक लगातार आपत्तिजनक और अपमानजनक सामग्री पोस्ट कर रहा था, जिससे सामाजिक तनाव उत्पन्न होने की आशंका थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक विकास गौतम को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की। पुलिस के साथ बातचीत के बाद युवक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित रूप से माफी मांगी। साथ ही उसने एक वीडियो जारी कर भविष्य में इस प्रकार की कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट न करने का आश्वासन दिया। कस्बा इंचार्ज हरिश्चंद्र ने बताया कि युवक द्वारा माफी मांग लिए जाने के बाद मामले को शांत कराया।

## आज होगा श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन

पाटन, उन्नाव। अयोध्या के राम जन्मभूमि मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर श्रीमाता बनखंडी देवी एवं शिव मन्दिर समिति मनिकापुर द्वारा 22 जनवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन एवं श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा गांव भ्रमण के बाद भटखेरवा स्थित अन्नदीदेवी मन्दिर तक जाएगी। सम्मेलन के मुख्य वक्ता गजेन्द्र, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद, अतिथि अयोध्या के बावन मंदिर के पीठाधीश्वर वैदेही बल्लभ शरण, राजेश सिंह सदस्य गोसेवा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार रहेंगे। यह जानकारी समिति के सदस्य शिव हर्ष सिंह ने दी।

## आनन्दी देवी में सप्तशक्ति संगम का आयोजन

सीतापुर। विद्या भारती के तत्वावधान में बुधवार 21 जनवरी को आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सीतापुर के प्रांगण में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का अत्यंत गरिमामय एवं भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। आचार्या बहन सुधा सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. मधुश्री साव, मंत्री विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान तथा विशिष्ट वक्ता निधि द्विवेदी, क्षेत्रीय संयोजिका रहीं। कार्यक्रमाध्यक्ष प्रिया पटेल, जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर का स्वागत अंगवस्त्र व श्रीफल भेंट कर किया गया। प्रस्ताविकी रखते हुए क्षेत्रीय सह संयोजिका हीरा सिंह ने कहा कि सप्तशक्ति संगम का उद्देश्य समाज में नारी नेतृत्व, सामर्थ्य और सकारात्मक परिवर्तन को सशक्त करना है। मुख्य वक्ता डॉ. मधुश्री साव ने नारी में निहित सात शक्तियोंकृश्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा और कीर्तिकृपर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता निधि द्विवेदी ने आधुनिकता के साथ संस्कारों को बनाए रखने तथा बच्चों के समग्र विकास पर बल दिया। कार्यक्रम में रानी चेन्नमा, आनंदी जोशी, वेलू नेचियार, सुषमा स्वराज एवं रानी दुर्गावती की रूप-सज्जा आकर्षण का केंद्र रही। समाज की विशिष्ट महिलाओं का सम्मान किया गया। अंत में हिमांशी रस्तोगी ने संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में 400 से अधिक महिलाएं व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## श्यामनाथ फाटक चार दिन रहेगा बंद

सीतापुर। रेलवे ट्रैक मरम्मत कार्य के चलते सीतापुर सिटी यार्ड स्थित गेट संख्या 51 श्यामनाथ फाटक को 22 जनवरी से 25 जनवरी तक चार दिनों के लिए बंद किया जाएगा। रेलवे विभाग के अनुसार 22 जनवरी को सुबह 8 बजे से 25 जनवरी को शाम 6 बजे तक इस फाटक से किसी भी प्रकार का वाहन नहीं गुजर सकेगा। यह कार्य रेलवे के सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक बताया गया है। फाटक बंद रहने की अवधि में सड़क यातायात को एलएचएस गेट संख्या 50 (अमीन नगर) एवं गेट संख्या 52 (सलेमपुर अलीरजा नगरा रोड) से निकाला जाएगा। प्रशासन व पुलिस से सहयोग की अपील की गई है।

# आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिलने पर एएनएम का वेतन रोका




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने बुधवार को विकास क्षेत्र बिसवां के प्राथमिक विद्यालय मझिगवाँ नसीरपुर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का कक्ष बंद पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने

- आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा को सेवा समाप्ति का नोटिस

एएनएम प्रतिभा राजवंशी का 15 दिन का वेतन रोकने तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंकिता एवं आशा की सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने उसी प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी बातचीत करते हुए विद्यालय की समस्त व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दो शिक्षामित्र अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बच्चों को दिए जा रहे मिड-डे-मील की गुणवत्ता की जांच की और बच्चों की यूनिफार्म एवं जूतों की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निपुण तालिका रजिस्टर का अवलोकन करते हुए सहायक अध्यापक अमित कुमार वर्मा को शैक्षणिक कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जो भी बच्चे अनुपस्थित हैं, उनके अभिभावकों से संपर्क स्थापित कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्यान्न चोरी में एक्शनः भाजपा ब्लॉक प्रमुख व परिवहन ठेकेदार समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

सीतापुर। सरकारी खाद्यान्न चोरी के मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ा एक्शन लिया है। शहर कोतवाली में भाजपा से बेहटा ब्लॉक प्रमुख एवं परिवहन ठेकेदार कल्पना वर्मा पत्नी नीरज वर्मा झल्लर, डीसीएम चालक नौशाद और एक अज्ञात परिचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई जांच रिपोर्ट, महिला कोटेदार के बयान और वायरल वीडियो के आधार पर की गई है।

खाद विपणन निरीक्षक शांतनु मिश्रा द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के पुराने सीतापुर का है। सोमवार देर रात महिला कोटेदार सहरिज फातिमा ने डीसीएम वाहन से सरकारी चावल की 21 बोरियां रंगे हाथ पकड़ी थीं। आरोप है कि चावल की बोरियां वाहन के केबिन और छत पर छिपाकर ले जाई जा रही थीं। चोरी का शक होते ही कोटेदार ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। खाद्यान्न पकड़े जाने के बाद चालक व परिचालक वाहन और माल छोड़कर फरार हो गए। महिला कोटेदार ने जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत कर आरोप लगाया कि राशन चोरी एक संगठित नेटवर्क के तहत होती है और कार्रवाई के बजाय उन पर ही दबाव बनाया गया। जांच के बाद डीएम के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर अनूप शुक्ला ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की हत्या के तीन अभियुक्त गिरफ्तार



फतेहपुर, । थाना मलवा क्षेत्र के ग्राम शराय शहजादा नहर के निकट मिले अज्ञात युवक की निर्मम हत्या के मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त एक कुल्हाड़ी बरामद की, जिससे इलाके में सनसनी फैल चुकी थी वह अब शांत हो रही है। यह सफलता क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और कुशल जांच का प्रतीक है।घटना और खुलासाग्रामीणों ने नहर किनारे पुलिया के पास धारदार हथियार से मृत युवक का शव देखा, जिसकी सूचना पर पहुंची मालवा थाना पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य संग्रह किया। शव की नृशंस हालत चेहरा कटा हुआ और शरीर पर कई वार से हत्या की पुष्टि हुई। थाना प्रभारी राजकिशोर के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, गुमशुदगी रिपोर्ट और मुखबिरों की मदद से अभियुक्तों तक पहुंच बनाई।तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में हत्या का पुराना विवाद या व्यक्तिगत दुश्मनी कारण सामने आया। कुल्हाड़ी के बरामद होने से अपराध सिद्ध हो गया, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं, जिसमें आसपास के जिलों से मिलान किया जा रहा है।पुलिस का दावा और प्रभावपुलिस ने बताया कि अभियुक्तों को जल्द कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया

## एसडीएम की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

सफीपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के औझारपुर मजरा खोखापुर गांव में एसडीएम की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना था।

चौपाल में एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम ने बताया कि सरकार की मंशा है कि गांव स्तर पर ही जनता की समस्याओं का समाधान हो, ताकि लोगों को तहसील या जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी शिकायत को लंबित न रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य, शिक्षा और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

इस अवसर पर गंभीर मरीजों को पोषण किट का वितरण भी किया गया, जिससे लाभार्थियों को लाभ मिला। शिक्षा विभाग की ओर से खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह ने परिषदीय विद्यालयों में संचालित योजनाओं, नामांकन अभियान, छात्रवृत्ति और मध्यान्ह भोजन योजना की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही, पंचायती राज विभाग ने स्वच्छता, शौचालय निर्माण और ग्राम विकास से संबंधित योजनाओं पर प्रकाश डाला।इस चैपाल में तहसीलदार देवेंद्र कुमार, एडीओ पंचायत छोटेलाल और खोखापुर के ग्राम प्रधान अभिज्ञान तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने साइबर फ्रॉड के शिकार युवक को दिलाया 45,500 रुपये

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली सदर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए साइबर फ्रॉड के शिकार आवेदक हरिओम तिवारी पुत्र रामगोपाल निवासी इन्द्रानगर, थाना कोतवाली सदर, उन्नाव को 45,500 रुपये की धनराशि रिफंड कराई है। पीड़ित द्वारा 23 दिसंबर 2025 को ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर फोन-पे के माध्यम से हुई गलत ट्रांजेक्शन की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर कोतवाली सदर साइबर टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए 21 जनवरी 2026 को संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक चन्द्र कान्त मिश्र, अपराध निरीक्षक राजेश यादव तथा महिला आरक्षी सोनिया शर्मा की अहम भूमिका रही।

## 13 स्थानों पर मतदाताओं को दी नोटिस पर सुनवाई की



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन में बुधवार को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर कार्यक्रम के तहत दी गई नोटिस की सुनवाई की गई। इस कार्य हेतु तहसील परिसर में कुल 08 व संपूर्ण विधानसभा 166 भगवंतनगर में 13 स्थानों पर मतदाताओं की सुनवाई की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग परेशान दिखे। अधिकांश मतदाताओं का कहना था कि उन्होंने एसआईआर फार्म बीएलओ को दिया था इसके बावजूद उन्हें नोटिस दी गई। मतदाताओं ने एसआईआर कार्य कर रहे कर्मियों व अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया जिसके चलते उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि पूरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 70 हजार 4 सौ 86 मतदाताओं का ब्यौरा असंकलित पाया गया था। इनमें से 48 हजार 8 सौ बांसठ मतदाताओं को नोटिस भेजी गई थी। तहसील परिसर में न्यायालय उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह, तहसीलदार न्यायालय में गणेश सिंह/नायब तहसीलदार न्यायालय में विजय रंजन श्रीवास्तव, चकबंदी कार्यालय में चकबंदी अधिकारी तथा उपनिबंधक कार्यालय में प्रभात सिंह द्वारा सुनवाई की गयी।

## समरसता भोज से मजबूत होता है भाईचाराः सांसद




महोली (सीतापुर)। चड़रा स्थित एक रिजॉर्ट में बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तहरी भोज आयोजित किया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रत्येक वर्म के लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौरहरा सांसद आनन्द भदौरिया व पूर्व विधायक अनुप गुप्ता का सपा कार्यकताओं ने स्वागत किया।

सांसद ने अरुण दीक्षित मोनू राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा की इस भव्य आयोजन के लिए जमकर सराहना की। सांसद ने नववर्ष एवं मकर संक्रांति के शुभकामना संदेश के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और समरसता भोज जैसे कार्यक्रमों से भाईचारे व एकजुटता मजबूत होती है। सांसद ने एसआईआर पर जागरुकता संदेश देते हुए कहा कि गाँवों में बीएलओ मतदाता सूची लिये बैठे रहते हैं। गाँव के लोग उनके पास जाते ही नहीं अगर अभी मतदाता सूची में नाम दर्ज न कराया तो आपको अपनी नागरिकता साबित करनी पड़ेगी। पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में अपनापन बढ़ता है और एक-दूसरे से मिलने का मौका भी मिलता है। अरुण दीक्षित ने कहा इन आयोजनों का उद्देश्य समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, छुआछूत और आपसी भेदभाव जैसी कुरीतियों को समाप्त करना है। इस अवसर पर रमेश शुक्ल, सतीश अग्निहोत्री, माधव दीक्षित, मुकेश मिश्रा, अरविंद शुक्ला, गुलफाम, श्रीकृष्ण यादव, शालू गुप्ता, मनोज त्रिपाठी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कल्चरल वीक कार्यक्रम के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं ने बहाया पसीना



जिला संवाददाता

पाटन, उन्नाव। बाबू जयशंकर गया प्रसाद महाविद्यालय सुमेरपुर छाछी राई खेड़ा में आनंदम स्पोर्ट एंड कल्चरल के अंतर्गत विविध प्रकार की एथलेटिक्स, क्रिकेट, आदि खेलकूद की प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक लोक साहित्य से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

बुधवार को कार्यक्रम के तृतीय दिवस में छात्रों की 5000 मीटर रेस में आदिल चैधरी, प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान उपेंद्र तथा अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्राओं की 3000 मीटर रेस, में स्वाती सिंह प्रथम स्थान व द्वितीय तृतीय स्थान क्रमशः निहारिका यादव एवं प्रिया ने प्राप्त किया। 100 मीटर पुरुष संवर्ग रेस में सत्यम विश्वकर्मा अमन सिंह अमित कुमार ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी श्रृंखला में 100 मीटर महिला वर्ग की रेस में अंशिका देवी अवंतिका एवं आस्था ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात लंबी कूद में बालकों में दीप प्रजापति, रामविलास एवं अमन सिंह ने प्रथम द्वितीय व तृतीय, प्राप्त किया वहीं छात्राओं ने भी लंबी कूद में अपने प्रदर्शन से सभी को हतप्रभ कर दिया अंशिका देवी अवंतिका एवं अंचल ने इसमें भी अपनी प्रशंसनीय प्रतिभा का परिचय दिया और प्रथम द्वितीय द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत ड्राइंग पेंटिंग चित्रकला प्रतियोगिता भी संपन्न हुई जिसमें आकांक्षा साहू एम ए, निधि शर्मा तथा तनु शुक्ला एम ए ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त कर सभी का अपनी कला से मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं स्थानीय जनों ने प्रतिभागी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। महाविद्यालय के पंकज सिंह द्वारा स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक, अध्यक्ष, कार्यालय अधीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह, पंकज सिंह हरि गोविंद शर्मा, योगेश सिंह, अमित मिश्रा, शिवम त्रिपाठी, शिव प्रशांत शुक्ला, सर्वेश शर्मा आदि प्रवक्ता गण उपस्थित रहकर छात्रों का उत्साह वर्धन किया।

## एथलान खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

सोहरामऊ, उन्नाव। सरस्वती मेडिकल कॉलेज, सोहरामऊ में सरसतेज 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के खेलकूद परिषद द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता एथलान का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में चार टीमें स्टालियन, वेन्सडर, फाल्कन एवं टाइटन्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के संकाय खेल प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र यादव एवं डॉ. ऋचा यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव ने हाउस कैप्टनों को मशाल सौंपकर किया।

शुरूआती दौर में संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं पदाधिकारियों ने 100 मीटर दौड़ में भाग लेकर खेलों की शुरूआत की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर दौड़ एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आगामी दिनों में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, टग ऑफ वॉर सहित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता के दौरान दर्शक दीर्घा में संस्थान के कर्मचारी एवं जूनियर छात्र-छात्राओं ने खेलों का भरपूर आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। संस्थान प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि एथलान प्रतियोगिता छात्रों में खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन को सुदृढ़ करेगी।

## तय कार्यक्रम के अनुसार होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

फतेहपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे ने बुधवार को मीडिया से वार्ता में रक्तदान शिविर को लेकर उठे विवाद पर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन पर मिले आश्वासन का हवाला देते हुए कहा कि संस्था अपने पूर्व निर्धारित तिथियों और स्थानों पर ही शिविर आयोजित करेगी। यदि सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन या कोई सरकारी संस्था उसी स्थान पर शिविर लगाना चाहे, तो समय अलग निर्धारित कर सकती है, जिस पर मंडल को कोई आपत्ति नहीं।विवाद का कारण और समन्वय प्रयासप्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि युवा जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह ने हमेशा समन्वय का प्रयास किया, लेकिन संबंधित सरकारी संस्था के कुछ सदस्यों ने बार-बार बाधा उत्पन्न की। रक्तकेंद्र के कर्मचारियों को शिविर की तिथियां और समय पहले से उपलब्ध थे, फिर भी सूचना साझा करने में चूक हुई। विवाद केवल समय को लेकर था, न कि तिथि या स्थान पर। स्थिति तब बिगड़ी जब रक्तकेंद्र कर्मचारी ने सरकारी शिविर निरस्त कर इसे अन्य संस्था से जोड़ने की कोशिश की। गुरमीत सिंह ने पहले विभागाध्यक्ष से बात की, फिर डीएम के पास मामला ले गए।मंडल ने स्पष्ट किया कि लोक विहार कॉलोनी में गुरमीत सिंह का शिविर निर्धारित समय पर होगा। अन्य संस्थाएं समय बढ़ाकर अपना आयोजन कर सकती हैं। रवि प्रकाश दुबे ने चेतावनी दी कि अनावश्यक बाधा होने पर रक्तदाता अन्य रक्तकेंद्रों में दान करने को मजबूर होंगे, जो सामाजिक सेवा में बाधक बनेगा।

## प्रबंधन केंद्र बना शोपीस

सीतापुर। विकासखंड लहरपुर की ग्राम पंचायत रायपुर गंज के ग्राम भवानीपुर में सरकार की महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत बनाया गया एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र आज तक चालू नहीं हो सका है। निर्माण पूरा हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन केंद्र के गेट पर आज भी ताला लटक रहा है। केंद्र के संचालन न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में लोग सड़कों के किनारे, खाली प्लॉटों और नालियों में कूड़ा फेंकने को विवश हैं, जिससे गांव में गंदगी फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर केंद्र समय पर चालू हो जाता तो गांव की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर हो सकती थी। जब इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल फोन नहीं उठा, जिससे जिम्मेदारों की उदासीनता साफ झलकती है। सवाल यह है कि लाखों रुपये की लागत से बना यह केंद्र आखिर किसके इंतजार में बंद पड़ा है? क्या जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देंगे या यह योजना भी कागजों तक ही सिमट कर रह जाएगी।




## आदर्श व्यापार मंडल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

सीतापुर। शहर के नेहरू हाल में बुधवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल सीतापुर द्वारा जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिविर में 107 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया तथा आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित कीं। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम सदर धामिनी एस. दास एवं क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।एसडीएम सदर ने कहा कि ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं, क्योंकि कई लोग आर्थिक या अन्य कारणों से लखनऊ जाकर बड़े अस्पतालों में जांच नहीं करा पाते। क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद ने भी शहर में इस प्रकार के सामाजिक आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने अतिथियों एवं मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों का स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने बताया कि शिविर में ईसीजी, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांच की गईं। विशिष्ट अतिथि भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने संगठन के कार्यों को जनहितकारी बताया। शिविर में ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. महफूज, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित सांडियाल, डॉ. तेजस दीक्षित सहित अन्य चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदीप गुप्ता, विश्ववीर गुप्ता, नरेश अग्रवाल, राजकुमार रस्तोगी, प्रदीप, मुन्ना भईया, अनिल अग्रवाल, सरिता जैन, सीमा जैन, दिपील अरोड़ा, वंदना श्रीवास्तव, संजीव अग्रवाल, अमित गुप्ता, अर्जुन राठौर, उद्योग व्यापार मंडल के भगवती गुप्ता, बृजेश रस्तोगी, सहज गुप्ता, जितेंद्र बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूली वाहनों पर सख्त जांच, 9 का चालान, 3 सीज

सीतापुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य जिले में संचालित सभी स्कूल वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना रहा, ताकि बच्चों को सुरक्षित और नियमबद्ध परिवहन सुविधा मिल सके।अभियान का नेतृत्व एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुवेर्दी ने किया। उनके निर्देशन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों एवं अन्य स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 9 वाहनों का चालान किया गया, जबकि गंभीर अनियमितताओं के चलते 3 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई। निरीक्षण के समय प्रत्येक वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र तथा स्पीड लिमिट डिवाइस की उपलब्धता और कार्यशीलता की जांच की गई। इसके अलावा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, प्रशिक्षण, अनुभव, फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, बीमा एवं अन्य जरूरी दस्तावेजों की भी गहन पड़ताल की गई। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चालक व परिचालकों के चरित्र प्रमाण पत्र भी देखे गए।मामूली कमियां पाए जाने पर वाहन संचालकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए और भविष्य में लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी दी गई। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। इस दौरान पुलिस प्रवर्तन दस्ता भी मौजूद रहा।

## विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के तकिया निगोही में स्थित वृद्धाश्रम में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वृद्धो को उनके अधिकारों के बारे में जानकारियां दी गई और वृद्धो को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार दिनेश कुमार सहायक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार न्यू पीएससी तकिया से डॉ रूपेश कुमार हलदर आदि लोग मौजूद रहे।

## असलहे के बल पर छात्रा का अपहरण ग्रामीणों के साहस से टली बड़ी वारदात

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब स्कूल जा रही एक नाबालिग छात्रा के अपहरण का दिनदहाड़े प्रयास किया गया। घटना ग्राम अर्थलपुर के पास हुई, जहां वैन सवार बदमाशों ने छात्रा को जबरन साइकिल से उतारकर गाड़ी में बैठा लिया। आरोप है कि असलहे के बल पर धमकाते हुए उसे वैन में बंद कर फरार होने की कोशिश की गई। पीड़िता के अनुसार, जैसे ही वैन पिरई नदी पुल के पास पहुंची और आसपास ग्रामीण दिखाई दिए, उसने हिम्मत दिखाते हुए जोर-जोर से चीखना शुरू कर दिया। छात्रा की आवाज सुनते ही ग्रामीण मौके पर दौड़े और वैन को चारों ओर से घेर लिया। खुद को घिरता देख अपहरणकर्ता वैन को सड़क किनारे छोड़कर भाग निकले। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए छात्रा को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे एक बड़ी वारदात टल गई। सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। पीड़िता के पिता ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी। छात्रा ने अपहरण के प्रयास में शामिल दो आरोपियों की पहचान अरमान निवासी मुर्गिहानपुरवा और बंटी निवासी हरिकिशनपुर के रूप में की है। पुलिस ने छोड़ी गई वैन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इमलिया सुल्तानपुर थाना पुलिस के अनुसार, पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और नामजद आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

संक्षेप

## नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत थाना बार के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देते हुये बताया कि 19 जनवरी की रात करीब 11 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री उमा अपनी मां गीताबाई के साथ घर पर सोयी थी और वह रात में खेत पर पानी लगा रहा था। बताया कि 11 बजे रात में उसकी पुत्री घर के बाहर शौच क्रिया के लिए गयी थी, जहां से काफी समय बाद वह वापस नहीं लौटी। इस पर उसके पुत्र ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने काफी तलाश किया, लेकिन पुत्री नहीं मिली। खोजबीन करने पर उसे जानकारी हुयी कि पड़ोस में रहने वाला जयपाल सिंह पुत्र कैलाश लोधी उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है, जिसमें गांव के मूलचंद्र पुत्र भैयालाल लोधी का सहयोग है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2), 87, 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खेत पर जाते समय दबंगों ने की मारपीट

**ललितपुर।** थाना पूराकलां के पठारी ढिमरौला निवासी काशीराम पुत्र सुन्दर अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे जब वह अपने खेत पर जा रहा था। तभी रास्ते में पड़ोस के निवासी सोहन पुत्र चतरू व मुकेश पुत्र खुमान ने उसे गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी. एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1) (द), 3 (1) (ध) व 3 (2) (व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** खांदी स्थित काशीराम कालोनी निवासी पूजा अहिरवार पुत्री राजू ने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी को साढ़े चार बजे उसका भाई महेन्द्र अहिरवार को पड़ोस के रितिक वंशकार पुत्र स्व.बलुआ वंशकार, मोहिनी पत्नी रितिक व सीमा पत्नी बलुआ ने एकराय होकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बकरियों पर वन्य जीव का हमला, दो मरीं

**ललितपुर।** वन रेन्ज गौना के अंतर्गत ग्राम डोंगराकलां में देर रात जंगली जानवर ने देर रात घर में बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में दो बकरियों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में दहशत फैल गयी। गांव वालों का मानना है कि जिस प्रकार से बकरियों को मारकर उनका मांस खाया है, उससे देखकर यही प्रतीत होता है कि यह हमला किसी तेंदुए या लकड़बग्घा ने किया होगा। हालांकि इस पूरे प्रकरण में वन विभाग की ओर से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। घनी आबादी वाले इलाके में इस प्रकार की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। यदि जल्द ही सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो मानव जीवन को भी खतरा हो सकता है।

## 2 लाख का सामान जलकर राख

**बांदा।** घर में बिजली शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लगभग 2 लाख से अधिक की गृहस्थी और नगद रुपए जलकर राख हो गए। बबेरू कस्बा की कुशवाहा कालोनी निवासी भोलादीन कुशवाहा के घर में किराएदार घनश्याम सिंह के कमरे में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। मकान मालकिन ने आग की लपटें देखीं तो आवाज लगाई और फोन लगाकर किराएदार को सूचना दी। पड़ोस के सुशील, फिरोज ने कमरे का किसी तरह से ताला तोड़ा। पड़ोस के एक सबमर्सिबल पंप चलवाकर आग पर किसी तरह से काबू पाया। पीड़ित का आरोप है कि सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची। किराए में रहने वाले पवैया गांव के पंचायत सहायक ने बताया कि सुबह 10 बजे ड्यूटी पर चले गए थे। घर का ताला लगा था कि मकान मालकिन का फोन आया।

इस दौरान पड़ोस के लोग आग बुझाने में लगे थे तभी पुलिस भी मौके पर आ गई। आग से कमरे में रखी गृहस्थी, राशन, कूलर, फ्रिज, इनवर्टर, टीवी, प्रिंटर, लैपटॉप, जेवरात और नगदी जलकर राख हो गई।

# चार आरोपी गिरफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

**स्योहारा, बिजनौर।** जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक डंडा और एक लोहे की नुकीली पत्ती बरामद की है।

जानकारी के अनुसार बीती 02 जनवरी को स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरपुरी निवासी धर्मपाल सिंह पुत्र ध्यान सिंह ने थाना स्योहारा पर तहरीर देकर बताया था कि गांव के ही चार लोगों ने गाली-गलौच करते हुए धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से उस पर व उनके परिजनों पर हमला किया, जिससे उन्हें तथा उनके भाई बाबू व पुखराज को गंभीर चोटें आईं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू की।

विवेचना के दौरान विवेचक उप निरीक्षक राजेश कुमार ने मेडिकल रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 118(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) व क्षेत्राधिकारी धामपुर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस टीम ने मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी कलुआ पुत्र सतवीर सिंह, विजय पुत्र धूम सिंह, दीपांशु पुत्र विजयपाल व भूपेंद्र सिंह पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासीगण ग्राम मुकरपुरी, थाना स्योहारा को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल सरित, हेड कांस्टेबल प्रवेश कुमार व हेड कांस्टेबल मनोज कुमार शामिल रहे।

## तहसील व ब्लॉक में बनेंगे स्थायी हेलीपैड

**बांदा।** जिले की जिन तहसीलों व विकास खंडों में हेलीपैड नहीं है वहां एक स्थाई हेलीपैड बनाया जाएगा। जिससे आपातकालीन स्थिति व वीआईपी आवागमन में प्रशासन को इसके लिए अलग से व्यवस्था न करनी पड़े। शासन के निर्देश के चलते जिला प्रशासन की कवायद शुरू हो गयी है। जिलाधिकारी ने जिन तहसीलों और ब्लाकों में हेलीपैड नहीं है वहां के एसडीएम से स्थाई हेलीपैड बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जनपद के महुआ, तिंदवारी, नरैनी, बिसंडा, जसपुरा व कमासिन ब्लाक में स्थाई हेलीपैड बनाए जाएंगे। हेलीपैड बनाए जाने के लिए सड़क मार्ग जरूरी है, जहां भी हेलीपैड बनेगा वह स्थान मुख्य मार्ग से जुड़ा होना जरूरी है। डीएम जे0 रीभा के निर्देश पर अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माणखंड 2 रूपेश कुमार सोनकर ने पैलानी और बांदा एसडीएम से कहा है कि वह खुले स्थान में जमीन उपलब्ध कराएं। हेलीपैड बनने के स्थान के आस-पास ऊंचे पेड़ और बिजली की लाईन न हों। इसके अलावा रोड कनेक्टिविटी का भी विशेष ख्याल रखा जाए। एसडीएम के निर्देश पर पैलानी तहसीलदार ने जसपुरा में हेलीपैड बनाने के लिए जमीन चिन्हित की जा रही है। हेलीपैड बनाए जाने के लिए बीते दिनों की वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग में निर्देश दिए गये थे।

# एसआईआर से संबंधित दावे और आपत्ति के निस्तारण कार्य में तेजी से कार्य करें: डीएम

जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। उन्होंने इस मौक पर अपील करते हुए कहा कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा एंव युवतियां अपना फॉर्म 6 जरूर भरवाएं और कोई भी पात्र युवा अपना मत पत्र बनवाने से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 6 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियों का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य को पूर्ण रूप से निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है तथा उनके लिए स्थान का निर्धारण भी कर दिया गया है जहां उपस्थित होकर उनके द्वारा दावे और आपत्तियों के निस्तारण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक जिला बिजनौर की आठों विधानसभा




क्षेत्र में फार्म 6-46754 फॉर्म 7-2088 तथा फार्म 8-22333 की संख्या में भरे जा चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि दावे और आपत्ति के निस्तारण के कार्य में तेजी लाएं और आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा युवतियों के फॉर्म 6 जरूर भरवाएं और कोई भी पात्र युवा अपना मत पत्र बनवाने से वंचित न रहे साथ ही दावे और आपत्तियों के निस्तारण के कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए अपने-अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं को क्रियाशील करें ताकि एस आई आर के कार्य में तेजी के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, सपा से अखलाक अहमद उर्फ पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी व काजी आतिफ मौजूद रहे।

## जीआरपी पुलिस ने देवगढ़ ओवरब्रिज के पास से पकड़ा गांजा तस्कर

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** उड़ीसा से गांजा लाकर बेचने वाले एक शातिर बदमाश को जीआरपी पुलिस ने धर दबोचने में सफलता हासिल की है। दर्ज एफआईआर के अनुसार जीआरपी में तैनात उप निरीक्षक लालबहादुर सिंह अपने साथ

- पिट्ठू बैग में भगवा रंग का गमछा, इस्तेमाली कपड़े व गांजा बरामद
- 2 किलो 187 ग्राम अवैध गांजा रखने पर दर्ज की एफआईआर

हे.कां.मोहन सिंह, हे.कां. हरेन्द्र सिंह व हे.कां. भगवान सिंह के साथ रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे थे। वह स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन की जांच कर रहे थे।

इसी बीच उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति देवगढ़ ओवरब्रिज के पास काफी देर से संदिग्धावस्था में बैठा है।

मुखबिर की सूचना पर वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गये, जहां उन्होंने उक्त व्यक्ति के पास अवैध गांजा होने की पुष्टि हुयी। तदोपरान्त उप निरीक्षक ने रेलवे सीओ सलीम खान को सूचना दी। सूचना मिलने पर सीओ रेलवे रात करीब 10 बजे रेलवे स्टेशन ललितपुर पहुंचे, जहां उन्होंने व्यक्ति से पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान पकड़े गये युवक ने बताया कि उसका नाम अजय यादव पुत्र जसवन्त यादव है और वह महानगर झांसी के थाना बबीना अंतर्गत ग्राम जौनपुर के पोस्ट घिसौली का रहने वाला है। जीआरपी पुलिस ने उसके बैग की जांच की तो उसमें खाकी रंग से लिपटे दो पैकेट, इस्तेमाली कपड़े व एक गमछा भगवा रंग का बरामद किया गया।

जीआरपी पुलिस ने पैकेट की जांच की तो उसमें गांजा था, जिसका वजन करने पर पूरा गांजा 2 किलो 187 ग्राम मय टेप के पाया गया। अजय यादव ने बताया कि वह यह गांजा उड़ीसा से लाकर बबीना में बेचता था और वह बबीना जाने के लिए साधन की तलाश में था। जीआरपी पुलिस ने अजय यादव के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कथा आयोजक, भाजपा नेता समर्थकों के बीच मारपीट

जिला संवाददाता

**बांदा।** बीती रात कथा आयोजक प्रवीण सिंह और भाजपा नेता बृजभूषणशरण सिंह के समर्थकों के बीच शहर के होटल रॉयल आर्बिट में मारपीट हुई। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। विवाद शराब के नशे में शुरू हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कथा आयोजक प्रवीण सिंह ने होटल आर्बिट में वीवीआईपी मेहमानों के लिए कुछ कमरे बुक किए थे। घटना की रात बृजभूषणशरण के कुछ सहयोगी कमरों में बैठे हुए थे। इसी दौरान प्रवीण सिंह के सहयोगियों ने पहुंचकर कमरा खाली करने को कहा।

उनका कहना था कि वह कमरा उनके लिए बुक था। जब प्रवीण सिंह के कार्यकर्ता दूसरे कमरे में गये और दरवाजा खटखटाया तो अंदर बैठे लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष एक दूसरे से भिड़ गये और देखते ही देखते लात-घूंसे, थप्पड़ और बेल्ट चलने लगे। पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गयी। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोगों ने बीच-बचाव कर बातचीत का प्रयास किया लेकिन होटल से बाहर निकलने के



बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद शुरू हो गया। इस दौरान बृजभूषणशरण सिंह के काफिले की एक गाड़ी को भी नुकसान हुआ है। घटना के बाद देर रात तक जिला चिकित्सालय में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। आयोजक प्रवीण सिंह का कहना है कि उन्हें पूरे मामले की जानकारी नहीं है। सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने बताया कि 20 जनवरी की देर रात होटल रॉयल आर्बिट से कोतवाली नगर पुलिस को शराब के नशे में दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि घायलों को सामान्य चोटें आई हैं। किसी भी पक्ष से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर निरोधात्मक कार्रवाई की है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एमएम कॉलेज की ओर से आयोजित शिविर में संचारी रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया



**नगीना, बिजनौर।** एम0एम0इंटर कॉलेज नगीना की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना की कस्बा कोटरा की कैंप चतुर्थ दिवस में कार्यक्रम का शुभारंभ कार्य क्रम अधिकारी रामकुमार सिंह गौतम तथा विशेष कार्यक्रम संचारी रोग के अतिथि डॉक्टर माज शमसी, डा0 अनमोल तथा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया तथा कार्यक्रम संयोजक राम कुमार सिंह गौतम ने अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। बुधवार को अतिथियों ने कार्यक्रम अनुसार संचारी रोग के संदर्भ में ग्राम वासियों को तथा सेवक सेविकाओं को जागरूक किया तथा कार्यक्रम में आए सभी मेडिकल स्टाफ ने संचारी रूप के संबंध में बचाव के सभी तरीकों से सेवक सेविकाओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का निरीक्षण कैलाश चंद एवं प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल राजकीय इंटर कॉलेज बेनीपुर कोपा ने किया। कैंप कार्यालय में किए जा रहे कार्यों की प्रयवेक्षण करके सभी कार्य की सराहना की तथा ग्राम कोटरा में एक रैली कार्यक्रम के द्वारा संचारी रोग के संबंध में जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शहजाद अहमद ने किया तथा अध्यापक नर सिंह, मोनिस हिलाल सहायक/सहायका मिथुन कुमार तथा पूनम रानी ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

## गणतंत्र दिवस की रूपरेखा, अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

**बांदा।** जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर बैठक में कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। सुबह 6 बजे सार्वजनिक स्थलों पर महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई, माल्यार्पण की जिम्मेदारी नगर मजिस्ट्रेट, ईओ को सौंपी गयी है। सुबह 7 बजे सर्व धर्म प्रार्थनासभा जामा मस्जिद, बांबेश्वर मंदिर, गुरुद्वारा स्टेशन रोड में होगी। डीएम ने बताया कि 8:30 बजे झंडा अभिवादन, राष्ट्रगान, संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण कर राज्यमंत्री रामकेश निषाद कलक्ट्रेट में ध्वजारोहण करेंगे साथ ही सभी विभागाध्यक्ष कार्यालयों में ध्वजारोहण करेंगे। 9 बजे कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी, एसडीएम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके आश्रितों को सम्मानित करेंगे। 9:15 बजे शहर के मवई बाईपास में मैराथन दौड़ का आयोजन जिला क्रीड़ाधिकारी, एसडीएम, सीओ संभालेंगे। 9:30 बजे पुलिस लाइन में एसपी की अध्यक्षता में पुलिस परेड होगी। 10 बजे शिक्षण संस्थानों में झंडा फहराया जाएगा। 10-30 बजे जिला चिकित्सालय में चश्मा वितरण, जिला अस्पताल, मंडल कारागार में फल व मिष्ठान वितरण होगा। 11 बजे स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता, 11:30 बजे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर व अपरान्ह 3 बजे राजकीय पुस्तकालय में सीडीओ, डीआईओएस, बीएसए की अध्यक्षता में परिचर्चा का आयोजन होगा।

## स्वास्थ्य शिविर लगाकर वाहन चालकों को किया जागरूक




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत एनएचएआई के सहयोग से बीघाखेत टोल प्लाजा पर निरूशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कराकर वाहन चालकों को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात पुलिस ने एनएचएआई के सहयोग से बीघाखेत टोल प्लाजा पर निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कराया गया, जिसमें वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बताया

- बिघाखेत टोल प्लाजा पर एनएचएआई के सहयोग से हुआ आयोजन

गया कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सकें, दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां बैठाकर न चलायें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहन चालक व सहयात्री अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट का प्रयोग करें, माल वाहक वाहनों में इंसानों का परिवहन न करें, बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें, वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें, सड़क पर सदैव अपनी वायीं दिशा में चलें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/ईयर फोन आदि का प्रयोग न करें, लेन ड्राइविंग का पालन करें, सड़क परिवहन के लिए है अनावश्यक रूप से स्टंटबाजी न करें, वाहन के सभी प्रपत्र डिजिलॉकर और एम. परिवहनों एप पर मान्य हैं की जानकारी दी गयी। अंत में सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई व सुरक्षित परिवहन के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान एआरटीओ, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी, परियोजना प्रबंधक प्रदीप कुमार चैधरी, विकास सक्सेना, अभिषेक कुमार सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## कुरआन हिफ्ज करने वाले छात्रों को मदरसा नाबिनान में दस्तार-ए-फजीलत से नवाजा



जिला संवाददाता (vol)

**नगीना, बिजनौर।** मदरसा नाबिनान में समाज सुधार और दस्तार-ए-फजीलत के विषय पर एक सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसे के मोहतमिम मौलाना डॉ0 खलीक अहमद कासमी ने की और संचालन मौलाना हिफ्जुर्रहमान मजाहिरी ने किया। नगर के मोहल्ला चैधरान स्थित मदरसा नाबिनान में बीते आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत मौलाना अब्दुल कादिर कासमी की पवित्र कुरआन की तिलावत से हुई। एहतिशाम (इहतिशाम) ने नात शरीफ पढ़ी। कारी अकदस ने विशेष तराना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मौलाना मुफ्ती मुहम्मद रियासत कासमी, उस्ताद-ए-हदीस, जामा मस्जिद अमरोहा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कुरआन करीम की महानता पर बोलते हुए कहा कि हजरत मुहम्मद ने फरमाया है कि जो व्यक्ति कुरआन का माहिर हो, उसे अच्छे से याद करता हो और सही तरीके से पढ़ता हो, कयामत के दिन उसका उठाया जाना फरिश्तों के साथ होगा। नबी ने यह भी फरमाया कि जो इंसान कुरआन पढ़े और उस पर अमल करे, कयामत के दिन उसके माता-पिता को एक ऐसा ताज पहनाया जाएगा जिसकी रौशनी सूरज की रौशनी से भी ज्यादा तेज होगी। जब यह रौशनी सूरज के घरों में होने से बढ़कर होगी, तो सोचिए उस व्यक्ति का क्या दर्जा होगा जो खुद कुरआन पर अमल करने वाला होगा। मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कुल 11 छात्र शिक्षा पूरी कर चुके हैं। इनमें 6 कारी और 5 हिफ्ज के छात्र शामिल हैं। तजवीद और कारीअत के छात्रों की परीक्षा कारी हम्माद, उस्ताद मदरसा शाही मुरादाबाद ने ली, जबकि हिफ्ज के छात्रों का आखिरी सबक मुफ्ती रियासत ने सुना। हिफ्ज करने वालों में हाफिज मोहम्मद शारिम, हाफिज मोहम्मद मुदस्सिर, हाफिज मोहम्मद फरदीन, हाफिज मोहम्मद मुराद, हाफिज मोहम्मद तनवीर जबकि कारीअत करने वालों में कारी मोहम्मद अली, कारी मोहम्मद जुनैद, कारी मोहम्मद मुस्तक़ीम, कारी मोहम्मद अफजल, कारी मोहम्मद ओवैस और कारी मोहम्मद अब्रजर शामिल रहे। होनहार सभी छात्रों को दस्तार-ए-फजीलत से नवाजा गया। कार्यक्रम में जामा मस्जिद इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम, मौलाना डॉक्टर खलीक अहमद कासमी, मौलाना अब्दुल कादिर, हाफिज शकील, मुफ्ती अबरार, मुफ्ती मुफ्ती कफील समाजसेवी हाजी तंजील आलम, मुफ्ती इलियास, मुफ्ती कफील, मौलाना वकील, मौलाना मुजहिर, मौलाना राशिद, मौलाना असअद, मौलाना तारिक, मुफ्ती शाहिद, मुफ्ती मुजाहिद, मुफ्ती अरशद, मुफ्ती उस्मान, मुफ्ती नईम, कारी जुनैद, चेयरपर्सन पुत्र शहराज खलील सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नागरिक सुरक्षा के दृष्टिगत ब्लैक आउट कर कराया जायेगा मॉक ड्रिल



**महोबा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस के अवसर पर नागरिक सुरक्षा हेतु हवाई हमले के कारण आग लगने व अन्य सुरक्षा संबंधी समस्याओं से बचाव हेतु ब्लैक आउट मॉक अभ्यास कराया जाना है। जिसके संबंध में 21 जनवरी 2026 को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज की अध्यक्षता में समस्त संबंधित विभागों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक के दौरान अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, जनपद रेडक्रॉस सोसाइटी आदि को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉक्टर प्रदीप कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आपदा विशेषज्ञ, चेयरमैन रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद महोबा डॉक्टर अभिषेक सक्सेना, नागरिक सुरक्षा के स्वयं सेवक अंचल सोनी, कमलेशद्विवेदी, नितिन नामदेव, मनीष आदि उपस्थित रहें। ब्लैक आउट मॉक ड्रिल नगर के वीर भूमि डिग्री कॉलेज में शाम 6 बजे कराया जाएगा। जिसमें समस्त सरकारी विभाग, नागरिक सुरक्षा, रेडक्रॉस, युवा नेहरू केन्द्र, भारत स्काउट गाइड, एनसीसी के स्वयं सेवकों की उपस्थिति रहेगी। मॉक अभ्यास के समय उस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज ने बताया कि ब्लैक आउट मॉक अभ्यास नागरिक सुरक्षा के स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा रहा है, ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना हो तो नागरिक सुरक्षा के स्वयं सेवक आपातकाल की स्थिति से जनमानस की सहायता कर सकें।

## बालिका फिसलकर कुएं में गिरी, मौत

**बांदा।** बकरी को बचाने दौड़ी बालिका फिसलकर कुएं में जा गिरी जिससे उसकी डूबकर मौत हो गयी। तिंदवारी थाना के परसौंड़ा गांव में 15 वर्षीय राधा पुत्री रामराज प्रजापति व उसकी बहन साधना घर के बाहर बंधी बकरियों को कमरे के अंदर कर रही थीं। तभी एक बकरी घर के सामने बने कुएं के पास पहुंच गई। बकरी बचाने को राधा दौड़ी तो पैर फिसल जाने से कुएं में गिर गई। जब बहन ने देखा तो आवाज देकर मां और पिता को बताया। मोहल्ले के लोगों को जानकारी होने के बाद पुलिस को जानकारी दी। पुलिस व तहसीलदार सदर विकास पांडेय मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड बुलवाकर शव को बाहर निकलवाया। पिता ने थाने में तहरीर दी है।

# डिग्री कराने और नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पे

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत जगदीश मंदिर के पीछे रहने वाली कु.मान्या सोनी पुत्री अनिल कुमार सोनी ने सीजेएम न्यायालय के समक्ष वाद प्रस्तुत किया है। दायर किये गये वाद में कु.मान्या सोनी ने बताया कि उसके घर से 50 मीटर की दूरी पर रहने वाले दीपक तिवारी से उसके पिता का

- युवती की पुलिस ने नहीं सुनी शिकायत, अब न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मामला

मेलजोल था। आरोप है कि दीपक तिवारी जालसाज व्यक्ति है और उस पर धोखाधड़ी, चैक बाउन्स के अलावा अन्य मुकदमें चल रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि दीपक तिवारी पुत्र कैलाश नारायण तिवारी, वन्दना तिवारी पत्नी दीपक तिवारी, पुत्र संस्कार तिवारी सभी वाटर वर्क्स के सामने गली में रहते हैं। करीब दो तीन वर्ष पहले उक्त लोगों ने घर आकर पढ़ाई करने की बात कहते हुये यूनीवर्सिटी में बीएससी माइको बायलॉजी की पढ़ाई कराने की बात कही और नौकरी भी लगवाने की बात कही। युवती ने बताया कि विश्वास में आयी तो उनसे 4 लाख रुपये किश्तों में अलग-अलग देने की मांग की गयी। इस पर संस्कार के फोन-पे खाते में 29 अगस्त 2023 को 2900 रुपये डलवा लिये और इसी प्रकार दो वर्षो तक विभिन्न तिथियों में लगभग 3.60 लाख रुपये नकद के तौर पर 40 हजार रुपये ले लिये। जिसका फोन-पे पर रिकॉर्ड सुरक्षित है। अंतिम फोन-पे 14 जुलाई 2025 को 14 हजार रुपये का है। रुपये देने के बाद जब उसने नौकरी दिलाने की बात कही तो दीपक तिवारी ने 15-20 दिन में ज्वाइनिंग लैटर देने की बात कही। बताया कि 11 अक्टूबर 2025 की रात करीब 09 बजे वन्दना तिवारी ने फोन करके तुवन मंदिर ग्राउण्ड में बुलाया और जिस पर वह माता-पिता के साथ मंदिर ग्राउण्ड पहुंची, जहां उन्होंने जब मार्कशीट व नौकरी की मांग की तो दीपक तिवारी व उसकी पत्नी वन्दना ने झूठी रिपोर्ट लिखाकर जेल भेजने और रुपये हड़पने की बात कही। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पिता के खिलाफ कोतवाली में एक झूठा शिकायती पत्र भी दे दिया। मामले की सूचना उसने कोतवाली पुलिस को दी व डाक से एसपी को भी शिकायत भेजी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पाकिस्तान की हरकतें

पाकिस्तान की दुम सीधी होने का नाम नहीं ले रही है। कभी वह आतंकियों के जरिए, कभी क्रॉस बॉर्डर फायरिंग, तो कभी ड्रोन भेजकर भारत की सुरक्षा में सेंध लगाता रहता है। ऐसी ही एक हरकत फिर सामने आयी है। जम्मू-कश्मीर में राजौरी, पुंछ और सांबा के इलाकों में, सीमापार से, 8-10 ड्रोन उड़ते देखे गये। सेना तुरंत हरकत में आई और एंटी ड्रोन सिस्टम सक्रिय किया गया, उतनी ही देर में वे गायब हो गए। सीमा पर भारत की सेना हाई अलर्ट की स्थिति में है। हमारे थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को आगाह किया है कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। पाकिस्तान इसके मायने बखूबी जानता है। जनरल द्विवेदी ने यह भी खुलासा किया कि नियंत्रण-रेखा पर 6 और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 2 आतंकी अड्डे सक्रिय देखे गए हैं। उनमें आतंकी गतिविधियां भी देखी गई हैं। यदि पाकिस्तान ने कोई हरकत की, तो इस बार उसका नामोनिशान मिटा दिया जाएगा। यह कोई राजनीतिक बयान नहीं है, बल्कि सेना प्रमुख ने चेतावनी दी है। जनरल ने यह भी बताया कि बीती मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 से अधिक फौजी भी मारे गए थे। हमारी सेना ने पाकिस्तान के 9 लड़ाकू विमान गिराए, 11 एयरबेस तबाह किए और 2 अवॉक्स सिस्टम बर्बाद किए थे। पाकिस्तान का कुल 2.85 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था।



**पाकिस्तान संवाद से सुधरने वाला देश नहीं है। इसलिए यह जरूरी है कि उसकी नापाक हरकतों का जवाब दिया जाये।**

पाकिस्तान कर्जदार देश है। क्या एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकेगा? हमलों में 100 से ज्यादा आतंकी ढेर किए गए और 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया गया। पाकिस्तान को यह विध्वंस आज भी याद होगा। परमाणु हमले की बातें पाकिस्तान के नेता ही करते हैं, जो पूरी तरह ब्लफ है। सिर्फ सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने ही चेतावनी का बयान नहीं दिया है, बल्कि सेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने भी बीते दिनों युद्ध की आशंका जताई थी। उन्हें पाकिस्तानी फौज की अंदरूनी हलचलों के कुछ लीड मिले होंगे, जिनके आधार पर उन्होंने आशंका जताई थी कि पाकिस्तान की तरफ से युद्ध जैसा दुस्साहस किया जा सकता है। बहरहाल हमारी सेनाएं मुस्तैद और सक्रिय हैं, बेशक युद्ध की कैसी भी संभावनाएं बनें। 2025 में कुल 31 आतंकी ढेर किए गए, जिनमें अधिकतर पाकिस्तानी थे। कश्मीर में आज भी जयचंद सक्रिय हैं, लिहाजा उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ऐसे कुल 85 सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त किया है, जिनके आतंकियों के साथ तार जुड़े थे और यह साबित भी हुआ है। देश का दुर्भाग्य और बुनियादी विडंबना रही है कि कुछ तत्व ऐसे सामने आते रहे हैं, जिन्हें पाकिस्तान नाम की खुजली होती रही है। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राजनयिक रहे मणिशंकर अय्यर ने ऑपरेशन सिंदूर को समाप्त करने और पाकिस्तान के साथ संवाद करने की मांग की है। मणिशंकर पुराने पाकिस्तानवादी रहे हैं। वह तो सलमान खुर्शीद के साथ पाकिस्तान मदद मांगने चले गए थे कि प्रधानमंत्री मोदी को हटाना है। हालांकि सियासत में आज वह पूरी तरह अप्रासंगिक हैं और पाकिस्तान की पैरोकारी कर रहे हैं। इस जमात में डॉ. फारूक अब्दुल्ला जैसे नेता भी शामिल हैं। कुछ समाजवादी नेता सवाल करते रहे हैं कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर रोक क्यों दिया गया? सेना को उसका मकसद हासिल करने से क्यों रोका गया? लेकिन उनको समझना चाहिए कि हरेक युद्ध की आर्थिक और मानवीय कीमत होती है, जो बेहद महंगी पड़ती है देश को। युद्ध को लंबा नहीं खींचा जा सकता। युद्ध के लक्ष्य सेना और राजनीतिक नेतृत्व ही जानते हैं और उन्हें ही तय करने देना चाहिए। सवाल है कि आखिर पाकिस्तान में बातचीत किससे की जाए और उससे भारत को हासिल क्या होगा? क्या पाकिस्तान की जन्मजात फितरत बदल सकती है? जवाब है नहीं। इसलिए पाकिस्तान के साथ संवाद नहीं बल्कि सख्ती से पेश आने की रणनीति पर ही चलना होगा। इसलिए पाकिस्तान के साथ अक्रामकता ही सुरक्षा की बेहतर रणनीति है और हमारी सेना यही कर रही है।

## विचार

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।

-आयुर्वेद.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-लोकोक्ति.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।

-मिल्टन.

# भाजपा में युवा कंधों पर बड़ा दायित्व



वीना गौतम

भाजपा के नये अध्यक्ष के तौर पर 20 जनवरी 2026 को नितिन नबीन के नाम की औपचारिक घोषणा के बाद, पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें 'मिलेनियल' बताते हुए कहा कि उनमें युवाओं जैसी ऊर्जा और संगठन का वृहद अनुभव है, जो पार्टी के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगा। नितिन नबीन का जन्म बीजेपी के जन्म से करीब दो महीने बाद यानी 23 मई 1980 को हुआ था। ऐसे में वह 45 वर्ष से कुछ ज्यादा की हो चुकी भाजपा के बारहवें राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, उनसे पहले के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः इस प्रकार हैं-अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे, जना कृष्ण मूर्ति, वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा। हालांकि 45 साल के नितिन नबीन को बीजेपी की कमान मिलने के बाद उनकी कम उम्र की चर्चा काफी हो रही है लेकिन बीजेपी से पहले जनसंघ में भी कम उम्र के अध्यक्ष हुए हैं। अटल बिहारी बाजपेई जब जनसंघ के अध्यक्ष बने थे तब वह 44 साल कुछ दिनों के थे। लेकिन जनसंघ और भाजपा का अध्यक्ष होना एक जैसे महत्व का नहीं है। नितिन नबीन बीजेपी के अध्यक्ष तब बने हैं, जब बीजेपी ऐतिहासिक रूप से बहुत मजबूत है। दुनिया में सबसे ज्यादा करीब 5 करोड़ कार्यकताओं वाली भाजपा की आज 240 लोकसभा सीटें हैं और 21 राज्यों में बीजेपी या उसकी अगुआई वाले गठबंधन एनडीए की सरकारें हैं, राज्यसभा में भी बीजेपी के 99 सांसद हैं।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन के सामने इस साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, पुद्दुचेरी और केरल में विधानसभा चुनाव होंगे। इनमें से असम को छोड़ दें तो किसी भी राज्य में भाजपा के लिए लड़ाई आसान नहीं है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन के सामने इस साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, पुद्दुचेरी और केरल में विधानसभा चुनाव होंगे। इनमें से असम को छोंड दें तो किसी भी राज्य में भाजपा के लिए लड़ाई आसान नहीं है। लेकिन इससे भी ज्यादा भाजपा की चुनौती 2029 के लोकसभा चुनाव होंगे जिसके लिए उन्हें पार्टी को तैयार करना होगा। ये पिछले कई लोकसभा चुनावों से ज्यादा मुश्किल इसलिए होंगे क्योंकि ये चुनाव ऐसे समय में होंगे, जब देश परिसीमन की प्रक्रिया से गुजर रहा होगा, लोकसभा और



विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जा रहा होगा। साथ ही बड़ी तादाद में नए वोटर का सामना करना होगा। ऐसे में नए अध्यक्ष को न केवल बदले हुए राजनीतिक माहौल के अनुरूप पार्टी को तैयार करना होगा बल्कि अर्थव्यवस्था के आगे बढ़ने के बावजूद रोजगार का दिनोंदिन गहराता संकट मोदी सरकार के लिए एंटी इनकंबेंसी का मुश्किल माहौल तैयार करेगा इसमें कोई शक नहीं है। इसी के साथ मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान संसद से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अनुसार, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण उस परिसीमन के बाद लागू होगा, जो इस अधिनियम के लागू होने के बाद कराई जाने वाली पहली जनगणना के आधार पर किया जाएगा। माना जा रहा है कि मोदी सरकार का मकसद 2029 के आम चुनावों में महिला आरक्षण को लागू करने का है।

**भाजपा में पीढ़ी परिवर्तन का दौर**

इस संबंध में सरकार ने जनगणना शुरू करने की अधिसूचना भी जारी कर दी है, यह जनगणना एक मार्च 2027 की स्थिति के मुताबिक देश की जनसंख्या का आकलन प्रस्तुत करेगी इसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया के लिए मंच तैयार हो जाएगा। राजनीतिक चुनौतियों के अलावा नितिन नबीन के सामने एक सबसे कठिन परीक्षा रोजगार संकट और वैश्विक व्यापार में उभरती अनिश्चितताओं के बीच पार्टी, सरकार की विश्वसनीयता को मजबूत बनाने या बनाए रखने की भी होगी। उन्हें अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाने का एक मकसद युवा मतदाता पर फोकस करना भी है और युवाओं की सिर्फ अपने देश में ही नहीं पूरी दुनिया में पहली समस्या या मांग इस समय नौकरी की है। इसीलिये आज बेरोजगारी विपक्ष का नारा भर नहीं है। यह ग्रेजुएट/डिप्लोमा युवाओं की रोजमर्रा की चिंता भी बन चुका है। नितिन नबीन को सबसे पहले यह समझना होगा कि रोजगार पर बहस अब 'सरकारी नौकरी बनाम प्राइवेट नौकरी' तक सीमित नहीं रही।

भारत का बड़ा हिस्सा लो-क्वालिटी जॉब्स, गिग वर्क, ठेकेदारी, और अनियमित आय की तरफ खिसक चुका है। ऐसे में उनके सामने तीन स्तरों पर काम करने की जरुरत होगी। सबसे पहले तो नेरेटिव सेट करने साथ अपेक्षा प्रबंधन की भी व्यवस्था भी करनी होगी क्योंकि आम लोग अब सिर्फ अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, यह सुनने से यकीन नहीं कर लेगा। उसे मेरे घर में नौकरी आयी भी दिखना चाहिए। यह अपेक्षा उन तक संगठनात्मक दबाव के रूप में भी आयेगी; उन्हें पार्टी के सांसद, विधायक, जिला नेतृत्व को रोजगार की स्थानीय समस्याओं (बंदी उद्योग, बंद फैक्ट्रियाँ, भर्ती परीक्षाओं की अनिश्चितता) पर जवाबदेह बनाना होगा। क्योंकि ऐसा न होना राजनीतिक जोखिम साबित होगा और हाल में हमने देखा है कि आस-पड़ोस के देशों में युवाओं की निराशा कितनी तेजी से राजनीतिक गुस्से में बदलती है। यही वजह है कि अध्यक्ष होने के नाते उन्हें हर राज्य चुनाव में रोजगार को केन्द्र-बिंदु बनाना पड़ेगा, वरना यह मुद्दा विपक्ष के हाथ में हथियार बन जाएगा।

रोजगार के साथ साथ वैश्विक व्यापार भी उनके कार्यकाल की एक बड़ी चुनौती होगी। भारत के लिए वैश्विक व्यापार की बदलती हवा जहाँ सप्लाई चेन री-शफल, टैरिफ/प्रोटेक्शनिज्म, और बड़ी शक्तियों के बीच तनाव (अमेरिका-चीन, यूरोप की शर्तें, कार्बन टैक्स जैसी बातें) भारत की निर्यात क्षमता को प्रभावित कर सकती है। वहीं व्यापार में झटका सीधे रोजगार पर चोट करता है–खासकर टेक्सटाइल, लेदर, इंजीनियरिंग गुड्स, आईटी सेवाएँ, ऑटो कंपोनेंट्स जैसे सेक्टरों में। इसलिए उनके सामने दोहरी रणनीति होगी-घरेलू उद्योग तथा निर्यात दोनों को साथ साधना।

यदि आयात सस्ता हुआ तो घरेलू कुटीर उद्योग दबेगा; यदि संरक्षण बहुत बढ़ा तो निर्यात बाजारों में नुकसान होगा। उन्हें स्किलिंग को भी उद्योग से जोड़वाने का प्रयास करना होगा स्किल इंडिया जैसे शब्द तभी असर करेंगे जब लोकल उद्योग में सीधी भर्ती और अप्रेंटिसशिप बढ़े। हालांकि किसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीधे नीति नहीं बनाते, लेकिन वे तय करते हैं कि पार्टी किस मुद्दे को प्राथमिकता देगी। नितिन नबीन को अगले 12-18 महीनों में रोजगार और व्यापार को चुनावी भाषण से निकालकर संगठन की दिनचर्या बनाना होगा–हर राज्य इकाई, हर मोर्चा, हर सांसद को रोजगार-संबंधी फीडबैक और हल के साथ मैदान में उतारना होगा। कुल जमा उनके लिए चुनौती कठिन है। संक्षेप में: बेरोजगारी और वैश्विक व्यापार, दोनों मिलकर एक ही सवाल पूछ रहे हैं–भारत के युवा को स्थिर आय और भविष्य की सुरक्षा कैसे मिले? नितिन नबीन की सबसे बड़ी परीक्षा इसी सवाल के विश्वसनीय उत्तर देने में होगी।

## सोशल मीडिया

मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के राज्य स्थापना दिवस पर, मैं इन खूब सूरत राज्यों की जनता को हार्दिक बधाई। आपकी संस्कृति राष्ट्र की आत्मा को मजबूत करती है। प्रियंका गांधी.



आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर मध्य प्रदेश राज्य विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के साथ शिष्टाचार भेंट हुई। सीएम योगी.



मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे कृषि विभाग ने राज्य के क्लाइमेट के हिसाब से अधिक उपज देने वाली चावल की चार नयी किस्में विकसित की हैं। ममता बनर्जी.



# सर्दियों में बढ़ जाती है गैस और एसीडिटी की समस्या



स्वास्थ्य

डॉ. माजिद अलीम

सर्दी के दिनों में ठंड लगने से, खाने के न पचने से रह-रहकर पेट से गैस निकलती रहती है। इससे पेट में मरोड़ उठती है, कई बार दर्द इस कदर असहनीय हो जाता है कि बार-बार पेट पकड़कर बाथरूम की ओर जाना पड़ता है। वैसे कई लोगों के लिए तो यह हर मौसम की समस्या होती है। लेकिन सर्दी के दिनों में यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है, जिसकी वजह है बार-बार चाय कॉफी पीना, चाय के साथ गर्मागर्म पकौड़े खाना, टमाटर सूप में बटर डालकर पीना आदि। वास्तव में पेट में गैस तब बनती है, जब हमारे शरीर की कोशिकाएं उस भोजन से अपना तालमेल नहीं बिठा पातीं, जिसे हम खाते हैं और अपच की समस्या हो जाती है। बिना पचा भोजन यदि लंबे समय तक पेट में रहता है तो पेट में ज्यादा दर्द होने से गैस निकलना, खट्टी डकारें आना, पेट में दर्द, एसिडिटी, उल्टी आना, सीने में जलन, पेट में मरोड़ जैसी शिकायत होने लगती है। अपच की समस्या, अल्सर, कब्ज, पेट में इंफेक्शन या किसी दूसरी वजह से भी हो सकती है, जो लोग बीमारी के कारण नियमित दवाओं का सेवन करते हैं, पेनकिलर, एंटीबॉयटिक्स या गर्भनिरोधक गोलियों लेने के कारण भी ऐसा होता है। इन तमाम वजहों के अलावा लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतों के कारण भी एसिडिटी या अपच की समस्या होती है। खाना जल्दी-जल्दी खाना, ज्यादा खाना, ज्यादा वसायुक्त भोजन या तनाव के कारण बार-बार खाने, ज्यादा सिगरेट शराब पीना, थकान या ज्यादा तनाव में रहने वालों को भी दूसरों की तुलना में अपच की समस्या ज्यादा होती है। इस तरह अपने खानपान की आदतों में बदलाव करके इस समस्या से हम राहत कैसे पा सकते हैं आइये जानें-

पानी- सर्दी हो या गर्मी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि पानी ही हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखती है। पानी हमें कब्ज से बचाता है और भोजन को वेस्ट में बदलता है। पानी कम पीकर ही हम इस समस्या को और ज्यादा बढ़ने का मौका देते हैं। भोजन के साथ पानी न पीयें। भोजन से 10 मिनट पहले और आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए। जिससे पेट में गैस नहीं बनती। पानी के अलावा प्रतिदिन ताजा जूस पीयें। पेट में गैस बनने की स्थिति में नींबू पानी पीना भी फायदेमंद होता है।

ड्रिंक्स- कैफीनयुक्त ड्रिंक्स जैसे कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी ये सभी हमारी पाचनक्रिया पर बुरा असर डालते हैं और इनकी वजह से अपच की समस्या में इजाफा होता है। कई बार एसिडिटी से बचने के लिए हम इन पेय पदार्थों को लेते हैं लेकिन इससे अपच की समस्या और बढ़ जाती है। कैफीनयुक्त इन ड्रिंक्स को लेने की बजाय हर्बल टी, दूध या सादा पानी अपच की समस्या से काफी हद तक राहत दिलाता है।

रेशेदार भोज्य पदार्थ- रेशेदार भोज्य पदार्थ हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं। मैदे की बजाय गेहूं की ब्रेड, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजारा, मक्की, जौं, बींस, फल और सब्जियों को अपने नियमित आहार में शामिल करें।

प्रो-बायोटिक्स- प्रो-बायोटिक्स ऐसे प्राकृतिक बैक्टीरिया है जो हमारे शरीर में मौजूद होते हैं। उनका लाभ उठाने के लिए ही आजकल बाजार में प्रो-बायोटिक्स दूध, ड्रिंक्स, दही और आइस्क्रीम मिलती है, जिनके सेवन से अपच की समस्या को दूर किया जा सकता है।

वसा- बर्गर, फ्रेंच फ्राइस, ब्रेड पकोड़ा, कचैड़ी, समोसा जैसी तली हुई चीजों में वसा की मात्रा ज्यादा होती है। हमारे शरीर को इन्हें पचाने में मुश्किल होती है, इसलिए इन तली-भुनी चीजों से इस मौसम में दूर रहें। इसकी बजाय लो फैट फूड्स खाने से अपच से होने वाले दर्द से तो बच सकते हैं, साथ ही वजन बढ़ने की समस्या से भी निजात पा सकते हैं।

मसाले- भारतीय खानों में मसालों का काफी मात्रा में इस्तेमाल होता है। ज्यादा मसालेयुक्त खाने से भी अपच की समस्या होती है। इसलिए चाय, काफी और मसाले युक्त खाना सीने में जलन और पेट में गैस का कारण बन सकता है। रोज अपच की समस्या होने पर इन्हें खाने से परहेज रखें और यदि बिना मसाले के खाना खाया जाये तो बात ही क्या है।

जीवनशैली- इन दिनों वही भोजन करें जो आपको आसानी से पच जाये। क्योंकि हमें पता होता है कि हमें किस चीज से परेशानी हो सकती है। अपने मेटाबॉलिज्म, आयु, वजन और काम की शैली के अनुरूप भोजन करना चाहिए ताकि आप फिट रह सकें।

# दया के सागर हैं प्रभु

## अंतर्दृष्टि

साधारण लोग कठिनाइयों को दुर्भाग्य की बात समझते हैं। जिन लोगों ने किसी सम्पन्न परिवर में जन्म लिया है वे तो हर तरह की असुविधा से ही बहुत घबराते हैं और यही अभिलाषा किया करते हैं कि उनकी समस्त आवश्यकताएं बिना किसी दिक्कत के यथा समय पूर्ण होती रहें। अन्य लोग भी ऐसे व्यक्तियों को बड़ा भाग्यवान समझते हैं पर वास्तव में बात ऐसी नहीं है। जिन लोगों ने कभी जीवन की कठोरता के दर्शन नहीं किये हैं, वे अनेक दृष्टियों से कच्चे रह जाते हैं। वहां दुखों और कठिनाइयों की रचना कर दी है। इनका अनुभव हुए बिना मनुष्य अपूर्ण रह जाता है और उसका उचित विकस नहीं हो पाता। भागवान को दया सिन्धु एवं करुणा का सागर कहा जाता है। उनके वाल्सल्य दान और उपकार का कोई अंत नहीं पर इतना महत्व होता तो उस महान प्रभु का अपने बालकों पर कितना स्नेह होगा इसकी कल्पना करना भी सजह नहीं है। चित्रकार अपनी मूर्ति को, किसान अपने खेत को, गड़रिया अपनी भेड़ों को अच्छी उन्नत, विकसित स्थिति में रखना चाहता है। उन्हें अच्छी स्थिति में देखकर प्रसन्न होता है, फिर परमात्मा अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना मनुष्य को अच्छी स्थिति में न रखना चाहे, ऐसा नहीं हो सकता। निश्चय ही प्रभु का यह प्रयत्न निरन्तर रहता है कि हम सब सुखी एवं सुविकसित हों। उनकी दया और करुणा निरन्तर हमारे ऊपर बरसती रहती है। इतना होते हुए भी देखा जाता है कि कितने ही मनुष्य अत्यंत दुखी हैं। उन्हें अनेक प्रकार के कष्ट अभाव सता रहे हैं, भय, पीड़ा, वियोग, त्रास अन्याय एवं अभाव से संत्रस्त हुए कितने ही व्यक्ति बुरी तरह दुख के सागर में गोते लगा रहे हैं। किसी-किसी पर ऐसी आकस्मिक विपत्ति आती है कि देखने वालों का हृदय दहल जाता है। ऐसे अवसरों पर ईश्वर की दयालुता पर संदेह होने लगता है, कई बार तो कष्टों को दैवी कोप, ईश्वरीय निष्ठुरता मान लिया जाता है परन्तु वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। प्रभु एक क्षण भर के लिए भी करुणा रहित नहीं हो सकते। उनकी अनन्त दया का निर्झर एक क्षण के लिए भी नहीं रुक सकता। जिसे हम विपत्ति समझते हैं, वह भी एक प्रकार से उनकी दया ही होती है। माता का अपने बच्चे पर असाधारण प्यार होता है, वह उसे सुखी बनाने के लिए अपनी तरफ से सारे प्रयत्न करती है तो भी उसके कई कार्य ऐसे हैं जो बालक को अप्रिय होते हैं। बालक किसी स्वादिष्ट भोजन को बहुत अधिक खाना चाहता है, माता जानती है अधिक खाने से बीमार हो जायेगा इसलिए वह बच्चे के रूठने, रोने हाथ-पांव पीटने की परवाह नहीं करती।

# वर्चुअल रियलिटी और जमीनी सच

## व्यंग्यलोक

क्या आपको पता है कि वर्चुअल रियलिटी किस बला का नाम है। शायद पता हो भी और न भी हो तो चलिए हिंदी में ही बता देता हूं। बहरहाल, वर्चुअल रियलिटी यानी आभासी वास्तविकता। अर्थात जो और जैसा लगे कि यह वास्तविकता है लेकिन जो और जैसा होकर भी न हो। कभी विकास को आपने देखा है। नाम तो बहुत सुना होगा, एनकाउंटर होते ही देखा-सुना होगा लेकिन इस विकास को शायद देखा नहीं हो, केवल सुना ही सुना हो, फिर भी यहां-वहां वे विकास तो कर ही रहे हैं, विकास हो ही रहा है। यह सब देखने के लिए स्पेशल ग्लासेस चाहिए यानी विशिष्ट प्रकार के चश्मे से ही देखा और दिखाया जा सकता है। जिंदगी में आप अच्छे दिन महसूस करते हैं तो यह वास्तविकता होगी लेकिन जब अपने आप को दुःख-संकटों से घिरा हुआ पाएं और कोई आपके लिए अच्छे दिन लाए जाने का आभास कराए या अच्छे दिन लाने की बात करें तो मानकर चलिए कि यह वर्चुअल रियलिटी है। इसे एक और उदाहरण से समझाता हूं।

मान लीजिए कि आपकी जेब में पन्द्रह लाख रुपए रखे हैं यह तो वास्तविकता है यानी रियलिटी लेकिन आपके बैंक खाते में पन्द्रह लाख आ सकते हैं, यह आभासी वास्तविकता होगी। इस आभासी वास्तविकता से आपके तात्कालिक आनन्द में कई गुना अभिवृद्धि हो सकती है और आप सामने वाले पर फिदा हो सकते हैं और फिर वह जैसा चाहे आपको दूह सकता है। आपको जब अलानी, फलानी, ढिकानी पार्टी द्वारा यह कहा जाता है कि यदि उनकी सरकार बनती है तो आपको तीन सौ यूनिट या चार सौ यूनिट बिजली फ्री देने या फिर फ्री राशन, फ्री गैस, फ्री इलाज, कर्ज माफी, लैपटॉप देंगे तो उनकी ऐसी बातों को आप वर्चुअल रियलिटी मान सकते हैं। यानी आपको भविष्य में कुछ पाने का आभास होगा, कुछ सपने होंगे बंद आंखों के तो कुछ खुली आंखों के। और फिर खुदा न खास्ता अगर बाद में ये मिल भी गए तो दूसरे रास्ते से टैक्स के रूप में वसूल लिए जाएंगे अर्थात कान सीधे तरफ से न पकड़कर उल्टी तरफ से पकड़ने का फार्मूला ही वर्चुअल रियलिटी है।

जनता तो बेचारी गाय समान ही है। जैसे ज्यादा वोट खिंचने के लिए मतदाता को दूहने की कला का विकास हमारे यहां हुआ है, ठीक इसी तरह का चरम विकास तुर्की के किसान ने किया है। उसने अपनी गायों को वर्चुअल रियलिटी (वी आर) गागल्स (हेडसेट) लगाए हैं। इनमें उस किसान ने लोकतंत्र में जनता रूपी गाय को दिखाए जाने वाले सब्जबाग की तरह गायों को हरे-भरे चरागाहों के वीडियो दिखा दिए और उनका तनाव कम कर परिणाम में बढ़ा हुआ दूध दूहकर अपनी बल्ले-बल्ले कर ली। यही सब लोकतंत्र की वर्चुअल रियलिटी है और यह शो बदस्तूर चालू है। **प्रदीप उपाध्याय.**

# आपकी बात

## भारत की सुरक्षा

पड़ोसी देशों में सियासी अस्थिरता भारत के लिए हमेशा सिरदर्द बनी रहती है। श्रीलंका, मालद्वीप, नेपाल जैसे देशों में बदलती सरकार के साथ रिश्तों में होने वाले उतार-चढ़ाव भारत के लिए पहले ही चुनौती पेश करते रहे हैं, अब बांग्लादेश भी इसमें शामिल हो गया है। जिहादी पाकिस्तान, सैन्य शिकंजे में जकड़ा म्यांमार, अस्थिर श्रीलंका और कृतघ्न कम्युनिस्टों के कारण पल-पल बदलता नेपाल, भारत की सुरक्षा और विदेश नीति के लिए पहले से ही बड़ी चुनौती बने हुए थे। शेख हसीना के नेतृत्व वाला बांग्लादेश पूर्वोत्तर में लंबी सीमा साझा करने के बावजूद भारत के लिए कोई बड़ी परेशानी नहीं खड़ा करता था। लेकिन हसीना के तख्तापलट के साथ बांग्लादेश के कट्टरपंथी फुफकारने लगे हैं। भारत के लिए चुनौती पेश करने लगे हैं और हिन्दुओं पर हमले करके परेशान भी कर रहे हैं। बांग्लादेश से अब साफ संकेत हैं कि वहां कट्टरपंथियों और भारत-विरोधी ताकतों का वर्चस्व होगा। आतंकवाद का खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश में भी तालिबान सक्रिय होंगे। वहां के प्रधानमंत्री आवास को आम जनता के लिए इस कदर खोल रखा गया है मानो कोई मेला लगा हो। कुछ युवा चेहरों की अश्लील, असभ्य, विद्रूप मानसिकता सार्वजनिक हुई है, जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ब्रा और अन्य वस्त्रों को सरेआम लहराये हैं। ऐसे युवा कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी छात्र नहीं हो सकते। वे बेशर्म जमात भी हो सकते हैं, लेकिन अपने ही मुल्क का अपमान कर रहे हैं। बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी दोनों ही कट्टरवादी दल हैं और पाकपरस्त भी हैं। अंतरिम सरकार बनने से पहले ही दोनों दलों के करीब 9000 कार्यकर्ताओं को जेलों से रिहा कर दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और उनके पुत्र तारिक रहमान की सरपरस्ती में इन दलों ने आम जनसभा को संबोधित भी किया है। तारिक हत्या के तीन मामलों में उम्रकैद के सजायाफ्ता हैं, लेकिन वह लंदन में स्वनिर्वासन में थे। अभी ढाका लौट कर आए हैं, तो अदालतें फिलहाल खामोश और निष्क्रिय हैं। शेख हसीना की सरकार में मंत्री रहे 10 और अन्य बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल बीएनपी और जमात के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने सौदेबाजी की है कि शेख मुजीब की सियासी विरासत की प्रतीक अवामी लीग पार्टी का नामोनिशां ही मिटा दिया जाये, ताकि 1971 की बगावत की मुकम्मल सजा दी जा सके। हसीना के बांग्लादेश छोड़ कर चले जाने के साथ ही शेख मुजीब की सियासी विरासत तो समाप्त हो गई। पाकिस्तानी गदगद है। ऐसी सूचनाएं भी हैं कि आईएसआई लंदन में तारिक रहमान और जमात के नेतृत्व के साथ 2018 से ही तख्तापलट की साजिश रच रही थी, लेकिन अभी तक नाकाम रही थी। मौजूदा आंदोलन का आवरण छात्रों का था, लेकिन उनकी आड़ में जमात और बीएनपी के साथ आईएसआई और सीआईए ने ही आंदोलन को तख्तापलट तक पहुंचाया।

**धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

## बेहतर सड़कों की जरूरत

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

संक्षेप

## शीघ्र जांची जायेंगी उत्तर पुस्तिकाएं विनय कुमार सिंह

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सुचारू रूप से निर्धारित केंद्रों पर जारी है, जो 29 जनवरी 2026 तक लगभग सम्पन्न हो जाएगी। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन ने संपन्न हुई परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन प्रक्रिया की तैयारी भी शुरू कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए शीघ्र ही प्रक्रिया पर प्रारंभ हो जाएगी। बी. कॉम की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के साथ छोटे प्रश्न पत्रों का भी मूल्यांकन शुरू हो जाएगा। इसकी तैयारी तीव्र गति से चल रही है। मूल्यांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए परीक्षा मूल्यांकन में इस बार वरिष्ठ शिक्षकों को 15 -15 दिनों के लिए पर्यवेक्षक के तौर पर लगाया जाएगा। परीक्षा मूल्यांकन को पारदर्शी बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे एक्टिव रहेंगे इसकी निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा।

# सोलर व सिम बेस्ड सीसीटीवी से सुरक्षित हुए गो-आश्रय स्थल

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अयोध्या जनपद में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिले के सभी 87 गो-आश्रय स्थलों में अब वाई-फाई, सोलर एवं सिम बेस्ड सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी रहे हैं। वाई-फाई एवं सिम आधारित प्रणाली के चलते मोबाइल फोन व ऐप के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग को कहीं से भी आसानी से देखा जा सकता है। सभी कैमरों की स्थापना ग्राम पंचायत निधि से की गई है। सभी 87 गो-आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए अयोध्या विकास भवन में एक केंद्रीय कंट्रोल रूम संचालित किया गया है। यहां 11 विकास खंडों के अलग-अलग ग्रुप

- 87 गो-आश्रय स्थलों में सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी, गोवंश संरक्षण को मिली तकनीकी मजबूती
- विकास भवन कंट्रोल रूम से 87 गो-आश्रयों की पल-पल निगरानी
- अब ऐप से दिखेगी गोशालाओं की लाइव स्थिति, व्यवस्था में आई पारदर्शिता



सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक गो-आश्रय स्थल पर दो-दो कैमरे लगाए गए हैं। एक कैमरा प्रवेश द्वार पर स्थापित किया गया है, जिससे आने-जाने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सके, जबकि दूसरा कैमरा गोशाला के अंदर लगाया गया है, जिसके माध्यम से गोवंशों की स्थिति, भूसा, हरा चारा, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। कैमरे सोलर बेस्ड होने के कारण सूर्य की रोशनी से चार्ज होकर बिना बिजली बाधा के लगातार कार्य कर बनाकर टेलीविजन स्क्रीन पर एक बार में चार-चार कैमरों की लाइव स्थिति देखी जाती है। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी बारी-बारी से सभी गो-आश्रय स्थलों की सतत निगरानी करते हैं और किसी भी कमी के पाए जाने पर तत्काल निवारण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

सीसीटीवी कैमरे 360 डिग्री रोटेशन की क्षमता से युक्त हैं, जिससे गोशाला के अंदर और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी संभव है। स्मार्ट डिटेक्शन सेंसिटिविटी के माध्यम से गतिविधियों का स्वतः पता चलता है। ह्यूमन डिटेक्शन एवं स्मार्ट ट्रैकिंग से केयरटेकर व अन्य मानव गतिविधियों की पहचान कर नोटिफिकेशन और क्लिप क्लाउड स्टोरेज में सुरक्षित होती है। डिटेक्शन एरिया सेटिंग से नाद, बैठने के स्थान, साफ-सफाई व भूसा भंडारण की निगरानी की जा सकती है।

सायरन सेटिंग अवांछनीय गतिविधियों को रोकने में सहायक है। नाइट विजन मोड से रात्रि में भी स्पष्ट दृश्य उपलब्ध होते हैं, जिससे चोरी और गोवंशों के बाहर निकलने की घटनाओं पर रोक लगी है। डिवाइस कॉल सुविधा के माध्यम से ऐप से गोशाला में मौजूद लोगों से सीधे संवाद भी किया जा सकता है। इस प्रणाली से गोशालाओं में पाई जाने वाली कमियों का तुरंत पता चल रहा है। समय पर भूसा, हरा चारा, पानी एवं अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होने से सुरक्षा, स्वच्छता और गोवंशों की देख-रेख में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि जिले के 87 गो-आश्रय स्थलों में अब तक 14 हजार 800 निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी आधारित निगरानी व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है और गो-आश्रयों की व्यवस्थाएं पहले से अधिक प्रभावी और विश्वसनीय हुई हैं। सोलर बेस्ड सिम सीसीटीवी प्रणाली के केंद्रीकृत संचालन से अयोध्या के सभी गो-आश्रय स्थलों की निगरानी अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और दक्ष हो गई है। इससे निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की व्यवस्था मजबूत हुई है और पूरी प्रणाली अब अधिक सुदृढ़ एवं भरोसेमंद बन गई है।

## किसान दिवस पर डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश




**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित डी0आर0डी0ए0 सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे जिला कृषि अधिकारी ने विगत किसान दिवस में कृषकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों की अनुपालन आख्या की जानकारी दी। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये जिन शिकायतों में संतोषजनक निस्तारण न मिलने पर सम्बन्धित अधिकारियों को पुनः दिशा-निर्देश दिये। बैठक मे कृषकों द्वारा धान क्रय, आलू भण्डारण, जायद में मेंथा हेतु नहरों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने की समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को किसानो की समस्याओं के नियमानुसार निस्तारण हेतु निर्देशित किया। बैठक मे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व निरंकार सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत, सिंचाई, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, मण्डी सचिव, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित प्रगतिशील कृषक शामिल रहे।

## एफएमडी टीकाकरण का महाअभियान आज से

**अयोध्या।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. इन्द्र देव ने बताया कि जनपद अयोध्या में खुरपका- मुंहपका (एफएमडी) रोग से पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए एफएमडी टीकाकरण का महाअभियान 22 जनवरी, 2026 से प्रारम्भ किया जा रहा है, जो 10 मार्च 2026 तक चलेगा। यह अभियान राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चलाया जा रहा है। एफएमडी टीकाकरण अभियान सातवें चरण के रूप में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनपद से इस संक्रामक एवं घातक बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। आगामी 22 जनवरी से पूरे जिले में 45 दिनों तक युद्ध स्तर पर टीकाकरण किया जाएगा। इस हेतु जनपद को अब तक कुल 4 लाख 32 हजार एफएमडी वैक्सीन प्राप्त हो चुकी है, जिससे गोवंशीय एवं महिषवंशी पशुओं को सुरक्षा कवच प्रदान किया जा सकेगा। टीकाकरण कार्य पूरी तरह निःशुल्क किया जायेगा। अभियान के दौरान टीकाकरण की टीमें गांव/शहरों की हर गली और हर खूंटे तक पहुंचेंगी। विभाग का लक्ष्य शत-प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करना है, ताकि जनपद के पशुओं को संक्रामक बीमारी से पूरी तरह बचाया जा सके। खुरपका-मुंहपका रोग एक विषाणु जनित और छुआछूत वाली बीमारी है, जो पशुओं से पशुओं में फैलती है और पशुओं को भी गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसे देखते हुए पशुपालकों से अपने समस्त पशुओं के टीकाकरण कराने की अपील की जा रही है।

## वंदे मातरमकी 150वीं वर्षगांठ पर पद यात्रा व जन-जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



**बहराइच।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व, स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान तथा वर्तमान पीढ़ी में राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कमाण्डेन्ट 70वीं वाहिनी एसएसबी लखीमपुर खीरी राजन कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व, सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी निर्देशन में 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल एसएसबी लखीमपुर खीरी की सी समवाय, भरथापुर द्वारा मंगलवार को प्रा.वि. भरथापुर में ह्लवंदे मातरमह्व की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्मरणोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित की गई देशभक्ति पद यात्रा एवं जन-जागरूकता रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, ग्रामवासियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने ह्लवंदे मातरमह्व, ह्लभारत माता की जयह्व, ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व जैसे प्रेरणादायी नारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान के भावपूर्ण गायन के साथ किया गया।

# राम की नगरी में होगी रामदाने की भी खेती

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या में रामदाना की सूखा-रोधी और गर्मी-रोधी किस्मों के विकास पर शोध कार्य जारी है। ह्लक्षमतावान फसल बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परियोजनाह्व के तहत विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक रामदाना की 180 ब्रिडिंग लाइन तैयार की जा रही हैं। फिलहाल शोध में

- कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शोध कार्य में जुटे
- 2027 तक किसानों को मिलेगा उन्नत किस्म का बीज

जोधपुर (राजस्थान) की गुजरात की ल-6 और बेंगलुरु की सुवर्णा जैसी तीन प्रमुख प्रजातियों के प्रजनन द्रव्य का उपयोग किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के डॉ. विक्रम ने बताया कि यह कार्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के सहयोग से किया जा रहा है। डॉ. विक्रम के अनुसार, विश्वविद्यालय में रामदाना की कुल 180 ब्रिड उपलब्ध हैं। शोध के लिए तीन प्रकार की रामदाना फसलें लगाई गई हैं: एक बैंगनी रंग की और दोनों हरे पत्तों वाली। प्रारंभिक अवलोकन में पाया गया है कि बैंगनी रंग की रामदाना किस्म में हरे पत्तों वाली किस्म की तुलना में अधिक सूखा-रोधी क्षमता और पोषक तत्व मौजूद हैं। रामदाना पोषक तत्वों से भरपूर होता है और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है। इसमें मिनरल्स, विटामिन्स, फोलेट, आयरन और सेलेनियम जैसे कई आवश्यक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। डॉ. विक्रम ने बताया कि रामदाना फाइबर, पोटेशियम और मैग्नीशियम से भरपूर होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने और खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को कम करने में सहायक हैं। इसमें मौजूद पोटेशियम रक्त वाहिकाओं को आराम देता है, जिससे धमनियों और रक्त वाहिकाओं पर पड़ने वाला दबाव



कम होता है। फाइटोस्टेरॉल भी हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। डॉक्टर ने कहा कि अगर हम मिलेट्स की तुलना रामदाना से करें तो उससे ज्यादा कहीं या विटामिन से भरपूर है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के किसान इसकी खेती बड़े स्तर पर नहीं कर रहे हैं। मजे की बात तो यह है कि 1995 से विश्वविद्यालय रामदाना की प्रजाति पर शोध कर रहा है लेकिन अभी तक एक भी वैरायटी नहीं निकाल पाया है। फिलहाल डॉ विक्रम का दावा है कि 2027 तक पूर्वांचल के किसानों को उन्नत किस्म के रामदाने के बीज को उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## मानकों का उल्लंघन मिलने पर 2 स्कूली और 2 ओवरलोड वाहन सीज



**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा अनफिट स्कूली वाहनो एवं मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तृतीय सप्ताह 15 से 21 जनवरी विशेष चेकिंग आपरेशन के अन्तर्गत आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने जनपद के विभिन्न मार्गों पर अभियान चलाते हुए दर्जनों वाहनों पर कार्यवाही की। इस दौरान व्यावसायिक एवं स्कूली वाहनों के पत्रावलियों की जांच करते हुए 2 ओवरलोड व 2 स्कूली वाहनों को मानको का उल्लंघन मिलने पर थाने में निरुद्ध किया। तथा अन्य अभियोग में 15 चालान किये। इसके साथ ही चालको को अनफिट वाहनो का संचालन न किये जाने को लेकर जागरुक भी किया।

# स्वास्थ्य मेले में 390 लोगों की हुई जांच




**बहराइच।** जिले के जरवल इलाके में स्थित ग्राम कंजिया स्थित उपकेंद्र पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मोबियस फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग और उम्मीद परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले का उद्देश्य लोगों को निःशुल्क जांच, परामर्श और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में कुल 390 से अधिक लाभार्थी शामिल हुए। स्वास्थ्य मेले में 532 लोगों का पंजीकरण किया गया। 69 दंपतियों को परिवार नियोजन पर परामर्श व साधन उपलब्ध कराए गए। किशोर-किशोरियों की भागीदारी भी उत्साहजनक रही, जहां 35 किशोर-किशोरियों ने स्वास्थ्य सत्रों में हिस्सा लिया। इसके अलावा 66 प्रतिभागियों ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जबकि 37 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। मेले में 167 लाभार्थियों को निःशुल्क दवाएं दी गईं। मेले में उपस्थित आरबीएसके से डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि लड़कियों की शादी की उम्र 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष होना स्वास्थ्य और कानून दोनों दृष्टि से जरूरी है। बाल विवाह अपराध है और इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कम उम्र में गर्भधारण से एनीमिया, प्रसव जटिलताएं, कम वजन के बच्चे और कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि शादी की सही उम्र और दो गर्भावस्था के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने से मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है। पीएफआई टीम से डॉ. सफिया जमीर ने कहा कि परिवार नियोजन केवल बच्चों की संख्या सीमित करने का विषय नहीं, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा की अहम कड़ी है। 20 वर्ष की आयु के बाद गर्भधारण और दो बच्चों के बीच पर्याप्त अंतर से मां को एनीमिया व प्रसव जटिलताओं से बचाव मिलता है और बच्चे का जन्म स्वस्थ होता है। इसके चलते समय से पहले जन्म और नवजात मृत्यु का खतरा भी घटता है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता भी उतनी ही जरूरी है, क्योंकि जब पति-पत्नी मिलकर निर्णय लेते हैं तो साधनों का सही और सुरक्षित उपयोग संभव होता है। उन्होंने लोगों को आधुनिक परिवार नियोजन साधनों जैसे कंडोम, कॉपर-टी, महिला-पुरुष नसबंदी और गर्भनिरोधक गोलियों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि सभी सेवाएं स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं।

## सरायरासी माझा में 60 साल बाद शुरू हुआ सर्वे कार्य, ग्रामीणों में खुशी

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जनपद के पूरा बाजार विकासखंड क्षेत्र की ग्राम सभा सरायरासी के माझा क्षेत्र में दशकों से लंबित राजस्व सर्वे का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। 60 के दशक से लगातार प्रयासों के बावजूद पूर्ववर्ती सरकारों के समय इस क्षेत्र में सर्वे नहीं हो सका था, जिससे ग्रामीणों को आए दिन भूमि संबंधी विवादों का सामना करना पड़ता था। कम्प्यूटराइज्ड खतौनी के अभाव में किसानों को बैंक ऋण लेने में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे वे सरकारी योजनाओं और वित्तीय लाभों से वंचित रह जाते थे। यह स्थिति लंबे समय से किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई थी।

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश के क्रम में बुधवार को ग्राम मांझा सरायरासी जो कि सर्वे प्रक्रिया के अधीन 1984 से विचाराधीन है। उसमें सर्वे प्रक्रिया के अन्तर्गत सर्वे का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें नियत स्थल पर सीमा द्योतक चिन्ह को निर्धारित करते हुए पैमाइश का कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसमें संलग्न ग्राम सभा व सरकारी विभागों को पृथक से नोटिस जारी की गयी है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि सर्वे प्रकिया के समय अपनी-अपनी मेंढ़े दुरूस्त कर लें। इस संबंध में सूचना ग्राम सभा तथा जिले स्तर पर के सार्वजनिक स्थान पर चस्पा की जा रही है। ग्राम मांझा सरायरासी में 1200 से ज्यादा गाटे हैं तथा वर्तमान में अयोध्या के निरंतर विकास के भौगोलिक एवं जनसंख्या के दृष्टिगत काफी परिवर्तन हो गये हैं, जिस कारण सर्वे प्रक्रिया को सूचितापूर्ण रूप से कराया जाना तथा वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत परिष्कृत अभिलेख तैयार किया जाना आवश्यक है।

## क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार महाकुम्भ सेवा मेडल से सम्मानित



**बाराबंकी।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के ऐतिहासिक और सफल आयोजन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उत्कृष्ट और विशिष्ट सेवाओं के लिए जनपद मे नियुक्त क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार को महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सम्मानित किया। तथा सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सहायता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की।

## पुलिस ने 4 बाल श्रमिकों को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/ नोडल अधिकारी ए0एच0टी0यू0 के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बालश्रम रेस्क्यू अभियान चलाया गया जिसमें थाना एएचटी जनपद बहराइच से प्रभारी निरीक्षक श्री प्रहलाद सिंह मय टीम, श्रम विभाग अधिकारी श्री सूरज तिवारी व एनजीओ के साथ थाना दरगाह शरीफ क्षेत्रान्तर्गत कस्बा बक्शीपुरा व चांदमारी में अभियान चलाकर छोटे बड़े प्रतिष्ठान, कारखाने, उद्योगों, दुकानों, निर्माण स्थलों आदि क्षेत्र के निर्माण में बाल भिक्षावृत्ति/ बाल विवाह/ बालश्रम रोकथाम के अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाकर थाना क्षेत्र दरगाह शरीफ से कुल 04 नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया गया एवं नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को इस संबंध में जागरूक किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए, ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

# संगठित हिंदू समर्थ भारत व पंच परिवर्तन से राष्ट्र प्रथम की ओरः राजकिशोर

**रुपईडीहा बहराइच।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा गोकुलपुर में विशाल हिंदू महासम्मेलन के कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया आपको बताते चलें कार्यक्रम में विकुल दहाल अपने मंच से संबोधित करते हुए कहा आपस में कोई भेदभाव नहीं हम सभी हैं सभी हिन्दू एक हैः आपको बताते चलें कि इसी क्रम में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाकर निशुल्क चश्मा एवं दवाई गरीब असहाय लोगों को वितरण किया गया ज्ञातव्य हो कि रूपईडीहा में आयोजित हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर रूपईडीहा नगर के के गोकुलपुर मेला मैदान में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। शताब्दी वर्ष के निमित्त भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन गोकुलपुर के मेला मैदान रूपईडीहा में किया गया जिसकी अध्यक्षता महंत श्री श्री 1008 भगवानदास महाराज महंत श्री राम जानकी मंदिर रुपईडीहा मुख्य अतिथि के रुप में श्री विकुल दहाल जी राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण प्रमुख, नेपाल राष्ट्र मुख्य वक्ता के रूप श्रीमान राजकिशोर




जी भाईसाहब साहब का उपस्थिति रही मातृशक्ति के रूप में डॉ श्वेता जैन जी रही। हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं नगर प्रचारक बलजीत के प्रस्तावना के उद्बोधन के उपरांत हुआ राजकिशोर जी ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ ने पंच परिवर्तन विषय लिया है इसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व-भाव का जागरण एवं नागरिक कर्तव्य प्रमुख है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुटुंब टूट रहे हैं यह दुर्भाग्य का विषय है भारतीय संस्कृति में कुटुंब का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है इसलिए सभी को परिवार में संस्कार देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज विरोधी शक्तियां सामाजिक समरसता का ताना-बाना छिन्न करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, इसके लिए सभी को एकजुट होकर रहना होगा। सनातन धर्म में जातिगत भेदभाव का कहीं पर भी कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी लोग हिंदू हैं सभी के पूर्वज एक हैं। भारत में तलवार और लोभ लालच के बल पर धर्मांतरण हुआ। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति का चिंतन वैश्विक है और सारी वसुधा को हमने अपना परिवार माना है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उदघाटन

**बीकापुर-अयोध्या।** सांई दाता क्रिकेट स्टेडियम मौरावां में चल रहे क्रिकेट टूनामेंट के दूसरे दिन वरिष्ठ सपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय यादव ने मैंच का उद्घाटन किया। जनपद के बीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा मौरावां स्थित सांई दाता क्रिकेट स्टेडियम मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को वरिष्ठ सपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय यादव द्वारा मैंच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री यादव द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उपस्थित जनमानस के बीच खेल की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए जनमानस से खेल के प्रति जागरूक होने एवं गांव देहात से उभरते हुऐ प्रतिभावान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने एवं उनका सम्मान कर उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से जहां शारीरिक और मानसिक लाभ होता है वहीं सामाजिक सम्मान और आर्थिक रूप से मजबूती भी मिलती है। इस अवसर पर क्रिकेट मैच के आयोजक वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व प्रधान मौरावां श्रीकृष्णा यादव अध्यक्ष लल्लू आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

## झारखंड से लापता मासूम भाई बहन की खोज में सहयोग करें आमजनः विराट शिरोमणि



**बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने बताया कि झारखंड के जनपद रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौसीबाड़ी मल्लार कोचा स्थित घर से दो लापता बच्चों अंश आयु 05 वर्ष व अंशिका आयु 04 वर्ष (भाई-बहन) 02 जनवरी 2026 से लापता है।

स्थानीय पुलिस व जिला प्रशासन बच्चों की खोज में प्रयासरत है। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि स्टेट लीगल सर्विस अथारिटी के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा लापता मासूम बच्चों की खोज जैसे नेक कार्य सहयोग करने की अपेक्षा की गयी है। सचिव द्वारा आमजन के साथ साथ मीडिया प्रतिनिधियों से बच्चों की खोज में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गई है।

संक्षेप

## विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन

**गौरीगंज, अमेठी।** बीते कई वर्षों से सुर्खियों में रहने वाले जीएसटी कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ला द्वारा क्षेत्र में गरीब असहाय वा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने के बाद राजनीतिक गलियारे में सुर्खियों में रहे हैं लोगों का मानना है कि इसी माध्यम से यह राजनीतिक दखल भी दे सकते हैं। इसी के साथ ही आगामी 25 जनवरी को उनके आवास पर विधानसभा स्तरीय खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया है जिसको लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है फिलहाल खिचड़ी भोज के आयोजन की विशाल तैयारी चल रही हैं जिसमें भारी भीड़ जुटने की संभावना बताई जा रही है।

## चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायबरेली।** थाना हरचन्दपुर पुलिस ने आज एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। ये सभी आरोपी थाना हरचन्दपुर क्षेत्र के ग्राम ओदर मजरे कासोखास के निवासी हैं और चोरी की वारदात में शामिल थे। पुलिस के अनुसार कृष्ण पुत्र वंशीलाल, निवासी ग्राम ओदर मजरे कासोखास, थाना हरचन्दपुर, संदीप पुत्र श्री कृष्ण, निवासी ग्राम ओदर मजरे कासोखास, थाना हरचन्दपुर, पासी पुत्र रामदास, निवासी ग्राम ओदर मजरे कासोखास, थाना हरचन्दपुर, को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 बोरी गेहूं, परचून का सामान, 75 पैकेट मोहिनी चाय, आधा पोथा बीड़ी, 32 पैकेट क्लीनिक प्लस शैम्पू, 18 पैकेट बजाज ऑल्मण्ड तेल, 02 पैकेट माचिस समेत काफी मात्रा में चोरी का माल बरामद किया है।

## एक्सईएन हत्याकांड में गवाही देने नहीं आये सीओ

**सुल्तानपुर (वीओएल)।** जल निगम के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में तत्कालीन सीओ सिटी प्रशांत सिंह बुधवार को कोर्ट में गवाही देने नहीं आए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि एडीजे द्वितीय राकेश पांडेय ने 29 जनवरी को जिरह के लिए सीओ को तलब किया है। अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 कोतवाली नगर के विनोबापुरी मोहल्ले में किराए के मकान में हत्या कर दी गई थी। मामले में जल निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व एक अन्य आरोपित प्रदीप राम के विरुद्ध कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

## युवती नगदी व जेवरात लेकर लापता, पिता ने दो पर दर्ज कराया केस

**कादीपुर, सुल्तानपुर।** क्षेत्र के एक गांव की युवती घर से नगदी एवं जेवरात लेकर लापता हो गई। युवती के पिता ने मामले में दो लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती मंगलवार को दोपहर घर से कुछ रुपया एवं जेवरात लेकर गायब हो गई है। आरोप है कि एक युवक ने उसे बहला फुसला कर अगवा कर लिया है। युवती के पिता की दी गई तहरीर पर पुलिस ने युवती को अगवा करने के मामले में गोसाईगंज थाने के रतन सिरापुर गांव के दिनेश एवं युवती को अगवा करने की साजिश के आरोप में गोसाईगंज थाने के सरैया गांव के राकेश के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है।

# भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी तहसील

### वकीलों ने एसडीएम व नायब तहसीलदार बछरावां के खिलाफ फूंका बिगुल



जिला संवाददाता (vol)

**महराजगंज, रायबरेली।** नायब तहसीलदार बछरावां के खिलाफ वकीलों की चल रही हड़ताल का संज्ञान एसडीएम द्वारा न लेने पर आज वकीलों ने एसडीएम के खिलाफ भी नारेबाजी की। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी ने बताया कि नायब तहसीलदार के खिलाफ हम अधिवक्ता विगत कई दिनों से हड़ताल पर हैं किंतु एसडीएम द्वारा मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया है जिसके क्रम में आज हम सभी अधिवक्ता आर पार की लड़ाई का ऐलान करते हैं एवं एसडीएम एवं नायब तहसीलदार बछरावां के खिलाफ तब तक हड़ताल पर रहेंगे जब तक इनका स्थानांतरण नहीं हो जाता है।

- जमकर किया नारेबाजी, अदालती काम ठप, सामान्य तिथियां लेके लौटे वादकारी

इस मौके पर अध्यक्ष रामसनेही यादव, महामंत्री पंकज प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद, मनीष तिवारी, ज्योति प्रकाश अवस्थी, सियाराम, सतीश चंद द्विवेदी, राधेश्याम, अमित शुक्ला, अमित श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में अधिकतम मौजूद रहे।

## नीलगाय बनीं किसानों और आमजन के लिए बड़ा संकट

**जगदीशपुर, अमेठी।** विकासखंड क्षेत्र जगदीशपुर में नीलगायों की बढ़ती संख्या अब किसानों और आमजन के लिए गंभीर संकट का रूप ले रही है। खेतों में खड़ी फसलों को चौपट करने से लेकर सड़कों पर जानलेवा हादसों तक नीलगायों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में हालात ऐसे हो गए हैं कि किसान रात-दिन खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं फिर भी उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। क्षेत्र के थौरी, डोमाडीह, टाण्डा दौलतपुर लोनहट, गडारियाडीह, माहेमऊ, इमलीगांव, कैमा, दिछौली, कचनांव, पिछूती, हुसैनगंज कलां, मलांवा, मंगरौरा, सिन्दुरवा, हारीमऊ,सरेसर व बाबूपुर सरैयां सहित आदि गांवों में नीलगायों के झुंड खुलेआम खेतों में घुस रहे हैं। गेहूं, सरसों, चना, मटर व सब्जी सहित अन्य फसलों को नीलगाय कुछ ही घंटों में बर्बाद कर दे रही हैं। किसानों का कहना है कि कई बीघा फसल नष्ट होने के बावजूद उन्हें अब तक किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अधिक खराब होती जा रही है। किसानों के अनुसार फसल सुरक्षा के लिए न तो तारबंदी कर पाना संभव है और न ही नीलगायों को भगाने के पारंपरिक उपाय कारगर साबित हो रहे हैं। रात में खेतों की रखवाली करना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। कई बार नीलगायों से आमने-सामने होने पर किसान घायल हो चुके हैं। नीलगायों की समस्या अब केवल खेतों तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़कों पर भी यह बड़ा खतरा बनती जा रही है। ग्रामीण और मुख्य मार्गों पर अचानक नीलगायों के आने से आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। खासकर रात के समय दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए यह समस्या जानलेवा साबित हो रही है। कई हादसों में लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, वहीं कुछ मामलों में मौत की घटनाएं भी सामने आई हैं।

सबसे गंभीर बात यह है कि सड़क हादसों में जानमाल के नुकसान पर भी किसी तरह की राहत या सहायता नहीं मिल रही है। पीड़ितों को इलाज और वाहन क्षति का पूरा खर्च स्वयं उठाना पड़ रहा है। किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि नीलगाय संरक्षित वन्यजीव की श्रेणी में आती है, जिससे ग्रामीण खुद कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकते। वहीं प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से अब तक इस समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी नीति नहीं बनाई गई है। ग्रामीणों का आरोप है न तो वन विभाग द्वारा नीलगायों के नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जा रहा है और न कृषि विभाग की ओर से फसल सुरक्षा या मुआवजे की कोई ठोस व्यवस्था है।

## छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीकों की दी जानकारी



**महराजगंज, रायबरेली।** सरकार के महत्वपूर्ण अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत स्थानीय कोतवाली की एंटी रोमियो पुलिस टीम ने बुधवार को राजापुर स्थित डीपीआर के पब्लिक में पहुंचकर वहां पढ़ने वाली बालिकाओं के साथ संवाद करते हुए छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनो, एंटी रोमियो स्क्वॉड की भूमिका, और आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए डायल किए जाने वाले महत्वपूर्ण नंबरों जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम ने छात्राओं को आत्म-रक्षा के बुनियादी तरीकों के बारे में भी बताया और उन्हें किसी भी तरह के उत्पीड़न या छेड़खानी की घटना को तुरंत रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं को जागरूक व सशक्त बनने का संदेश दिया गया, ताकि वे निडर होकर शिक्षा पूरी कर सकें और समाज में अपनी भूमिका निभा सकें। जागरुकता टीम में हेड कांस्टेबल शत्रु जीत राय, ज्ञानेंद्र तिवारी, उपनिरीक्षक टीनएन तिवारी, राधेश्याम वर्मा, कांस्टेबल नेहा राठौर सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज त्रिवेदी, रुबी सिंह, सुनीता पाण्डेय, अल्पना सिंह, सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि विभिन्न इंटर कालेजों में अभियान चलाकर मिशन शक्ति के लक्ष्यों को लेकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने का साझा प्रयास किया गया है।

## हर घर जल आकलन कार्यक्रम शुरू,जल जीवन मिशन की 202परियोजनाएं पूरी

**अमेठी।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत इस समय हर घर जल आकलन कार्यक्रम चल रहा है ।जल जीवन मिशन की 202परियोजनाएं पूरी हो गई हैं ।305राजस्व गांवों में हर घर नल सुविधा के अन्तर्गत गृह संयोजन और जलापूर्ति का काम पूरा हो गया है। जनपद में हर घर नल परियोजना के अन्तर्गत 487परियोजनाएं है। इनमें से 202परियोजनाओं का काम शत प्रतिशत पूरा हो चुका है ।211ग्राम पंचायतों के हर परिवार के लोगों को जल निगम की पानी की टंकी से जलापूर्ति मिल रही है। जिले के 945 राजस्व गांवों में से 305गांवों में ओवर हेड टैंकों से जलापूर्ति की जा रही है। अन्य गांवों में पम्प से जलापूर्ति की जा रही है ।रोड रेस्टोरेशन की शिकायतें शून्य हैं। जलापूर्ति की मांग को और पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें आई जी आर एस पोर्टल पर अधिक आ रही हैं। अधिशासी अभियंता,जल निगम, अनिल कुमार का कहना है कि जिले में वेलस्पन, गायत्री और वी टी एल कम्पनियां काम कर रही हैं। पैसे के अभाव में पिछले छः महीने से कार्य प्रभावित था ।अब वित्तीय समस्या काफी कुछ दूर हुई है ।जिन परियोजनाओं पर 80फीसदी तक कार्य हो चुका है, उन्हें 31मार्च के पहले पूर्ण कर लिया जाएगा ।हर घर जल आकलन का काम जारी है ।22राजस्व गांवों के सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय शूटर के मामले में हाईकोर्ट की नकल दाखिल, कार्रवाई समाप्त करने की मांग

सुलतानपुर (वीओएल)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के निजी सचिव विजय गुप्ता द्वारा दर्ज कराए गए पत्र कूटरचना और सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में हाईकोर्ट से अन्तराष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह को मिली राहत के आदेश की नकल सीजेएम कोर्ट नवनीत सिंह की अदालत में अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने दाखिल कर कार्रवाई को समाप्त करने की मांग की है। गौरतलब हो कि हाईकोर्ट ने निचली अदालत में चल रही आपराधिक प्रक्रिया को रद्द कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि 23 नवंबर 2020 को विजय गुप्ता ने प्रतापगढ़ जिले के अंतू थाने क्षेत्र के रायचन्दपुर गांव निवासी अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज वर्तिका सिंह तथा कांग्रेस के पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो के खिलाफ मुसाफिरखाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि रायबरेली जिले की सलोन तहसील में अस्पताल निर्माण के लिए केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री को संदर्भित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से कूटरचित पत्र तैयार किया गया, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो का नाम मुकदमे से हटा दिया था, जबकि अयोध्या जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र के बहबरमऊ गांव निवासी डॉ. रजनीश सिंह को आरोपी बनाया गया।इसके बाद अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज वर्तिका सिंह और डॉ. रजनीश सिंह के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई थी।

## रंजिश को लेकर घर में घुसकर महिला को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** रंजिश को लेकर विपक्षी ने घर में घुसकर एक महिला को मारापीटा। जिससे उसे काफी चोट आई। कोतवाली क्षेत्र के मंगरावा गांव की शर्मिला प्रजापति पत्नी राम जी की विपक्षी से रंजिश चल रही थी। आरोप है कि मंगलवार को सुबह वह अपने घर पर अकेली थी। तभी विपक्षी घर में घुसकर थप्पड़ , लात एवं घूसो से मारापीटा एवं जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया ।प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़िता की दी गई तहरीर पर गांव के ही मनीष के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

# आरेडिका में तीन दिवसीय 'हिंदी नाट्य कार्यशाला' का आयोजन



- प्रतिभागियों को नाट्य विधा के विभिन्न आयामों की गहन जानकारी प्राप्त हुई

**रायबरेली।** आरेडिका के कार्मिकों को नाट्य विधा में पारंगत करने, संवाद अदायगी, भाव-प्रस्तुति, अभिनय तकनीक तथा नाट्य अनुशासन आदि का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा तीन दिवसीय हिंदी नाट्य कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में हिंदी रंगमंच के 25 से अधिक वर्षों का समृद्ध अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित रंगकर्मी अर्पित मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने नाट्य कर्मियों को नाट्य विधा के विविध पक्षों-जैसे मंचीय आचरण, पात्र-निर्माण, स्वर संवाद, भाव इत्यादि पर न केवल सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, बल्कि स्वयं मंच पर अभिनय करके उदाहरण भी प्रस्तुत किए, जिससे प्रतिभागियों को सीखने में विशेष सहूलियत हुई।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य राजभाषा अधिकारी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं दर्शकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ कर्मचारियों की सृजनात्मक क्षमता के विकास के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रयोग को भी सुदृढ़ करती हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को नाट्य विधा के विभिन्न आयामों की गहन जानकारी प्राप्त हुई, जो भविष्य में नाट्य प्रस्तुतियों को अधिक प्रभावी, अनुशासित एवं दर्शक-सापेक्ष बनाने में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही, कार्यशाला ने आरेडिका में सांस्कृतिक चेतना और टीम भावना को भी नई दिशा प्रदान की।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.मदन मोहन मिश्र की पुण्यतिथि बड़े ही भावपूर्ण ढंग से मनी

**रायबरेली।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ पत्रकार पंडित मदन मोहन मिश्र की 32 वीं पुण्यतिथि बड़े ही श्रद्धा एवं आदर के साथ अनिल कुमार मिश्र अध्यक्ष जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के संयोजकत्व में स्थित निवास सत्य नगर में मनाई गई। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला कोऑर्डिनेटर रायबरेली के श्री इंदल रावत जी उपस्थिति रहे। मुख्य अतिथि इंदल रावत जी ने कहा पंडित मदन मोहन मिश्र का व्यक्तित्व एवं कृतित्व अनुकरणीय है पंडित जी कड़ी यातनाओं के बाद भी स्वतंत्रता संग्राम के अपने अभियान से कभी डिगे नहीं। सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में भी आपने अनेकों ऐसे विकास परक कार्य किए जिससे सदियों तक आपको याद किया जाता रहेगा। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ शिक्षक नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पुत्र कमलेश द्विवेदी ने पंडित मदन मोहन मिश्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के अभूतपुर योगदान को देखते हुए कहां कि रायबरेली में उनकी स्मृतियों को स्थापित किया जाना ही उनके प्रति हम सब की श्रद्धांजलि होगी,जिस ओर यहां के जिला प्रशासन, शासन तथा बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं राजनीतिज्ञों को पहल करने की आवश्यकता है ।

# तहसील गौरीगंज में किसान दिवस आयोजित



**अमेठी।** शासन की मंशा के अनुरूप बुधवार को तहसील गौरीगंज सभागार में माह के तृतीय बुधवार को डीएम के निदेर्शानुसार किसान दिवस का आयोजन डीडीओ वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों द्वारा अधिक विद्युत बिल, आवारा पशुओं द्वारा फसल नष्ट करने, डॉक्टर द्वारा फोन ना उठाए जाने, पशु बीमा, टीकाकरण, कृषक भ्रमण की सूचना समस्त किसानों को उपलब्ध न कराने, धान खरीद तथा नियमानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने संबंधी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से उठाया गया, जिनको लेकर मौके पर ही उनके समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

र्यक्रम के दौरान किसानों को शासन द्वारा संचालित नंदिनी योजना, मुख्यमंत्री कोष संवर्धन योजना के साथ-साथ विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों के साथ ही उर्वरक रसायन, खरपतवार नियंत्रण, कीटनाशक के प्रयोग के साथ ही कृषक जिज्ञासाओं व अन्य विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें जैविक व प्राकृतिक खेती के लाभों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नत खेती करने के सुझाव भी दिए गए। कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसल सुरक्षा, कीट व चूहे नियंत्रण, फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद के प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर खेती में नवाचार किया और अच्छा लाभ अर्जित किया। उन्होंने अन्य किसानों से भी इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। किसान दिवस में सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जीके शुक्ला, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नलकूप, विद्युत विभाग के अधिकारीग तथा बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने तीन पर केस दर्ज किया

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत तीन लोगों केस विरुद्ध नामजद के दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के खंडौरा गांव के जान मोहम्मद ने अपनी पुत्री जीनत खातून की शादी 24 जून 2025 को जौनपुर जिले के सरपताहा थाने के खेतापुर गांव के इदरीश के पुत्र फिरोज अहमद के साथ की थी। शादी के बाद लड़की ससुराल गई। आरोप है कि कुछ दिनों के बाद ससुरारीजन दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर 4 अक्टूबर 2025 को लड़की को मारपीट कर उसके जेवरात लेकर घर से निकाल दिया। मायके वाले लड़की के ससुराल जब बात करने गए तो गालियां देते हुए दो-तीन दिन के अंदर बुलेट देने की बात कही। बुलेट न देने पर लड़की न लाने की चेतावनी दी। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पिता जान मोहम्मद की मंगलवार को दी गई तहरीर पर पति फिरोज अहमद, ससुर मोहम्मद इदरीश व सासु तकदीरुल निशा के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

### चोरी के 12 ड्रम केमिकल व तमंचा, कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**अमेठी ।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व एएसपी अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस ने तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान एक पिकअप पर लदे चोरी के केमिकल से भरे 12 ड्रम, के साथ दो अभियुक्तों जीतेन्द्र कुमार पुत्र राज कुमार चौहान निवासी रायपुर मजरे पलिया चंदापुर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी, नीरज पाण्डेय पुत्र चन्द्र नारायण पाण्डेय निवासी जेनपुर थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया।

## रामजी को मन में बसाये रखना... अवध में आये हैं श्रीराम



**सलोन, रायबरेली।** नगर के श्रीराम लीला मैदान में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा अमृत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। सलोन नगर की 501 महिलाएं अपने सिरों पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई। मुख्य बाजारों व गलियों से गुजरती हुई शोभायात्रा रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। जहां विधिविधान से कलश की स्थापन की गई। रामलीला दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष विपिन कौशल ने बताया कि श्री धाम वृन्दावन के कथा व्यास आचार्य प्रद्युम्न जी महाराज के मुखबिन्दु से गुरुवार को श्रीमद भागवत कथा कही जाएगी। इससे पूर्व बुधवार को कलश यात्रा के दौरान भक्तों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भजनों पर भक्त खूब झूमे। रामजी को मन में बसाए रखना.., अवध में आए हैं श्रीराम.., कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम, मेरे रामजी से कह देना जय सिया राम... आदि भजनों ने भाव विभोर कर दिया ।आयोजक श्री रामलीला एंव दुर्गा पूजा कमेटी ने बताया कि भागवत कथा दोपहर दो बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा ।कथा समापन 27 जनवरी और 28 जनवरी को हवन पूजन के बाद प्रसाद का वितरण होगा ।इस अवसर पर चन्द्र शेखर रस्तोगी, गौरव रस्तोगी,मुराली लाल साहू, सुनील साहू,शिवम रस्तोगी, विपिन कौशल, सुभाष जायसवाल, पप्पू साहू, अतुल कौशल, विनय रस्तोगी, पंकज जायसवाल, शंकर वर्मा, अंकित साहू, संदेश अग्रहरि, सार्थक रस्तोगी ,दीपक जायसवाल, दिलीप सैनी, शिव मोहन यादव, विजय कुमार आदि लोग कलश यात्रा में शामिल रहे।

## सड़क सुरक्षा की शिक्षकों को दी गयी ट्रेनिंग

**रायबरेली।** सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों व घटनाओं को रोकने के लिए बुधवार को सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में प्रत्येक ब्लॉक से दो शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी ही बचाव हैं। शिक्षकों को सड़क सुरक्षा संबंधी आदेशात्मक ,चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेतों के माध्यम से अवगत कराया गया कि इन का ध्यान हम लोग सड़क पर चलते समय अवश्य रखें, जिससे कि कम से कम सड़क दुर्घटना हो सकें। सभी को अवगत कराया गया कि आज हमारे देश में प्रतिवर्ष लगभग 175000 मौतें सड़क दुर्घटना में हो रही हैं जो बहुत ही चिंता का विषय है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि हमको सड़क दुर्घटना 50ः काम किया करनी है इस दिशा में शिक्षकों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा क्लब के माध्यम से जागरूक करके उन्हें जिम्मेदार व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। यातायात विभाग से इंस्पेक्टर अरिमर्दन सिंह ने सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया कि यातायात चिन्ह का क्या तात्पर्य है और हम इन को बच्चों को और युवकों को तथा समुदाय को कैसे प्रेरित करते हुए अवगत करा करके सड़क दुर्घटना को कम कर सकते है। एआरटीओ रायबरेली अरविंद कुमार यादव ने विस्तृत रूप से रोड सुरक्षा संबंधी नियमों व हेलमेट तथा सीट बेल्ट कितना हमारे लिए अनिवार्य है उसके संबंध में विस्तृत जानकारी दें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने मानवीय संसाधन की कम से कम क्षति हो इसको हम लोग इस ट्रेनिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक करके काम कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को पूरे उत्साह से प्रशिक्षण में प्रतिभा करने के लिए प्रेरित किया गया।

# भव्यता के साथ हिंदू सम्मेलन संपन्न

जिला संवाददाता (vol)




**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के संत रविदास बस्ती में आरएसएस के द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में बोलते हुए संघ के अवध प्रांत विचारक कौशल किशोर ने कहा कि जीना है तो जग में गरजे ,हिंदू हम सब एक हैं। आरएसएस के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने हिंदू सम्मेलन में कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने जात-पात की भावना को समाप्त करने का आह्वान किया और पंच परिवर्तन - कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार और स्वदेशी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ समाज के बीच पंच परिवर्तन के लक्ष्य को लेकर शताब्दी वर्ष पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों की संघ की साधना ही है कि आज पूरे विश्व में हिंदुत्व की बात प्रमुखता से होती है। उन्होंने प्राचीन सनातन संस्कृति और हिंदू उपासना पद्धति पर भी बल दिया और कहा कि हम सबको इसको अपनाना चाहिए। कौशल किशोर ने हिंदू समाज से एकजुट होकर हिंदुत्व की रक्षा करने का आह्वान किया । कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर बड़ी माला पहनाकर किया गया।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बड़ा मठ डलमऊ के महंत देवेंद्रानंद गिरि ने कहा कि संघ हिंदू सम्मेलनों के माध्यम से हिंदू संस्कृति को जागृत करने का काम कर रहा है। उन्होंने लोगों से समाज में व्याप्त कुरीतियां तलाक ,शराब और दहेज से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या धाम बावन मंदिर से पधारे संत वैदेही वल्लभ शरण जी महाराज ने हिंदू समाज को ललकारते हुए कहा कि पूर्ण परमात्मा की आत्मा ही हिंदू समाज है। सनातन हिंदू समाज विशाल सिंधु है। उन्होंने माता शबरी और निषाद राज की उपमा देते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम को सबसे बड़ा समरसता का पुजारी बताया और कहा कि आज के हिंदुत्व विरोधी उनमें भी दोष निकालते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को जाति-पात से दूर रहना चाहिए बांग्लादेश में जाति नहीं पूछते हैं, केवल हिंदू जानकार मार रहे हैं। अयोध्या से पधारे संत ने दिल्ली में आज भी मुगलों के नाम से प्रदर्शित मार्गों को बदलकर हिंदू महापुरुषों के नाम पर रखने की मांग की। हिंदू सम्मेलन में आरएसएस के अखिल भारतीय अधिकारी अशोक बेरी, पूर्व मंत्री मनोज पांडे, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह और पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के सह प्रांत कार्यवाह संजय सिंह, विभाग संघचालक अमरेश सिंह, जिला प्रचारक अजीत, नगर प्रचारक पुष्पम, जिला कार्यवाह अनंत बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## दबंगों ने वकील की कार को किया क्षतिग्रस्त, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** अधिवक्ता के घर धावा बोलकर धमकी देते हुए चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त करने वाले अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया है। बुधवार को अधिवक्ता। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह के साथ कोतवाली पहुंचकर साथी अधिवक्ता की तहरीर दर्ज करने के मामले में कोतवाल श्याम सुंदर से बात की। मामला 18 जनवरी की रात साढ़े दस बजे का बताया गया है। पीड़ित अधिवक्ता संजय मिश्र निवासी अंदा रायपुर का आरोप है कि बीते 18 जनवरी की रात में कुछ अज्ञात लोग आए और उन्हें धमकी देते हुए चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया। बुधवार को अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह के साथ अधिवक्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर केस दर्ज करने के लिए कहा। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

संक्षेप

## बेटे की तलाश में वृंदावन की गलियां छान रहा अनुराग

**मथुरा।** मोदी नगर से आए अनुराग वत्स वृंदावन में अपने बेटे सौम्य वत्स को तलाश रहे हैं। सौम्य के लिए वे वृंदावन की गली-गली भटक रहे हैं लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चला। सौम्य की मां ऋतु का रो-रोकर बुरा हाल है। न खाना अच्छा लग रहा है न सोना। वे बस चाहते हैं कि उनके पुत्र का किसी तरह से पता लग जाए। सौम्य के पिता अनुराग वत्स ने बताया कि मोदी नगर निवासी 20 वर्षीय सौम्य वत्स जो आरकेजीआईटीएम कालेज में पढ़ता है 15 जनवरी को घर से खाना खाकर कालेज जाना के लिए निकला था। कालेज जाने के बाद से वह घर नहीं लौटा। जब देर हो गई तो घर वालों ने दोस्तों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं लगा। रातभर इंतजार के बाद सभी की सलाह पर मोदीनगर (गाजियाबाद) पुलिस को सूचना दर्ज करा दी। पिता अनुराग वत्स ने बताया सौम्य घर से हरी जाकेट और नीली जींस पहनकर निकला था। सौम्य के घर पर नहीं लौटने पर सौम्य के बड़े भाई विभव ने पुलिस को सूचना दर्ज करायी है। अनुराग ने बताया कि जैसे ही पता चला कि वह वृंदावन में पहुंच गया है तो वे बिना देर किए वृंदावन आ गए। चार दिन से वे बिना कुछ खाए पिए सौम्य की तलाश कर रहे हैं। किसी से कुछ मदद नहीं मिल रही। बहुत परेशान हैं। घर का हर सदस्य बेहद चिंतित है, सौम्य की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता अनुराग ने बताया कि सौम्य मोदी नगर के आरकेजीआईटीएम कालेज में पढ़ता है।

## चांदी कारोबारी के घर से लाखों की चोरी

**मथुरा।** शहर कोतवाली की वृंदावन गेट चौकी क्षेत्र स्थित कुशक गली में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक चांदी कारोबारी के बेटे की शादी के दौरान पीछे से घर में घुसे चोरों ने वारदात को अंजाम दे डाला। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल हुयी है। कुशक गली निवासी सगीर पुत्र नशीर अहमद के बेटे की कल शादी थी, जिसके चलते पूरा परिवार गोकुल रेस्टोरेंट स्थित मुकुंद वैली में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने गया था। बताया गया कि रात्रि करीब 9:30 बजे तक परिजन तैयार होकर घर से निकले थे। जब देर रात लगभग 1 बजे परिजन वापस लौटे, तो दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे का नजारा देखकर सभी के होश उड़ गए। कमरे में रखा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां खुली हुई थीं। यह दृश्य देखते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में पूरे घर की तलाशी ली गई। क्षेत्र में चर्चा है कि जिस मकान में चोरी हुई है, वहां रहने वाले व्यक्ति का चांदी का बड़ा बड़ा कारोबार है। स्थानीय लोगों के अनुसार चोर करीब 10 किलो से अधिक चांदी, सोना और 7 से 8 लाख रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर ले गए। हालांकि पुलिस की प्रारंभिक जांच में लगभग एक लाख रुपये नगद, सोने के टॉप्स और चांदी के कुछ जेवर चोरी होने की बात कही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए थे। छत पर लगे टट्टर की कुंडी खुली मिली है, जिससे यह स्पष्ट होता कि चोरों ने इसी रास्ते से प्रवेश कर वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में वृंदावन गेट चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मकान की निचली मंजिल पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, लेकिन फुटेज में किसी की भी आवाजाही नहीं दिखी। इससे साफ है कि चोरों ने केवल ऊपरी मंजिल को निशाना बनाया और चोरी के बाद छत के रास्ते ही फरार हो गये।

# बांकेबिहारी मंदिर में कुत्ते घूमने का वीडियो वायरल



- गोस्वामी परिवार ने छिड़क गंगाजल
- मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और हाईपावर्ड प्रबंध कमेटी की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

**मथुरा।** वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी मंदिर के द्वारों पर कड़े पहरे के बावजूद अंदर चौक में कुत्ते घुस आए और घूमने लगे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मंदिर के गोस्वामी परिवार की महिलाओं ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही श्रीबाकेबिहारी हाईपावर्ड प्रबंध कमेटी की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए हैं। गोस्वामी महिलाओं ने बुधवार को गंगाजल छिड़क कर मंदिर का शुद्धीकरण किया है।

श्रीबांकेबिहारी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के लिए कदम-कदम पर 150 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। इसके अलावा मंदिर के सभी द्वारों पर पुलिसकर्मियों के साथ निजी एजेंसी के सुरक्षा गार्ड भी तैनात हैं। कड़ी पहरेदारी के बीच सुरक्षा व्यवस्था में चूक हो गई और मंदिर में कुत्ते घुस गए। काले और सफेद रंग के दो कुत्ते मंदिर के चैक में घूमते नजर आए। वहां मौजूद लोगों ने कुत्तों के घूमते हुए का वीडियो बना लिया, जो कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वायरल वीडियो मंगलवार दोपहर का बताया जा रहा है। मंदिर के चौक में कुत्ते घूमने पर मंदिर के सेवायत गोस्वामी परिवार की महिलाएं बुधवार दोपहर को तांबे के कलश में गंगाजल लेकर पहुंचीं। उन्होंने मंदिर के प्रवेश द्वार से लेकर निकास द्वार तक एवं चौक में गंगाजल छिड़क कर शुद्धिकरण किया। मंदिर के सेवायत परिवार की नीलम गोस्वामी एवं यामिनी गोस्वामी ने कहा कि इस तरह की घटना पहले मंदिर में कभी नहीं हुई। मंदिर में कुत्ते घूमने पर प्रांगण में गंगाजल छिड़ककर शुद्धी की गई है। उन्होंने श्रीबांकेबिहारी मंदिर हाई पावर्ड प्रबंध कमेटी की व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कमेटी मंदिर की व्यवस्थाएं न देखकर मंदिर का धन, संपत्ति एवं जमीन को देखने में लगी है। यदि कुत्तों की वजह से मंदिर में भगदड़ मच जाए या वह श्रद्धालुओं को नुकसान पहुंचा दें तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। क्या उसके लिए भी गोस्वामियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। मंदिर प्रांगण में कुत्तों के आने पर गंगाजल छिड़कने वालों में रेनू गोस्वामी, पिंकी गोस्वामी, सुमन, अनुराधा, आशा, मधु, दीपा, राधा, संध्या एवं मीना गोस्वामी आदि उपस्थित रहीं।

## प्राथमिक विद्यालय 'बाद' में स्वास्थ्य शिविर, बीएसए ने परखीं व्यवस्थाएं

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए ब्रज क्षेत्र शिक्षा कायाकल्प न्यास के तत्वाधान में आज प्राथमिक विद्यालय 'बाद' में एक विशाल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। के.डी. मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में विद्यालय के 124 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया गया।

- 124 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया गया

शिक्षा विभाग की मुखिया ने किया सघन निरीक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति ने कैंप का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने न केवल डॉक्टरों की टीम से संवाद किया बल्कि उपलब्ध दवाइयों और मेडिकल किट्स की सघन चेकिंग भी की। बीएसए ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार और डॉक्टरों को अपने अमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनका शारीरिक रूप से स्वस्थ होना भी अनिवार्य है।

के.डी. मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डॉ. अर्पण और उनके सहयोगी डॉक्टरों की टीम ने बच्चों के आंख, नाक, कान, गले, दांत और हीमोग्लोबिन आदि का गहन परीक्षण किया। जांच के दौरान तीन बच्चों की आंखों में समस्या और एक बच्ची के कान में विषम स्थिति पाई गई।

**अभिभावकों को परामर्श:** डॉक्टरों ने तत्काल इन बच्चों के अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। उन्हें आगे के विस्तृत इलाज हेतु के.डी. मेडिकल हॉस्पिटल आने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रधानाध्यापिका नीरज मथुरिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी सीखने की क्षमता (अधिगम) को बढ़ाने में ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर होने वाली इन जांचों से बच्चों में छिपी बीमारियों का समय पर पता चल जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रधानाध्यापिका ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रतन कीर्ति, ब्रज क्षेत्र शिक्षा कायाकल्प न्यास और के.डी. मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर अर्पण व उनकी टीम और अपने विद्यालय के समस्त स्टाफ का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विकास भवन में आयोजित हुआ किसान समाधान दिवस



**फिरोजाबाद।** विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कृषकों को बताया गया कि कृषि विभाग एवं कृषि विभाग से सम्बद्व विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। साथ ही कृषकों को बताया कि जायद सीजन में बोने वाली फसलों जैसे-उर्द, मूंग एवं मक्का की उन्नतशील प्रजातियों का बीज समस्त राजकीय बीज भण्डारों पर समय से उपलब्ध रहेगा। कृषक बन्धु अनुदान पर उपलब्ध बीज को समय से प्राप्त कर बुबाई करें। सीएमओ डॉ. सोमेश गुप्ता द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया कि दिनांक 22.01.2026 से जनपद में पशुपालन विभाग द्वारा खुरपका-मुँहपका टीकाकरण अभियान प्रारम्भ होने जा रहा है, जिसके अन्तर्गत विभागीय टीमों द्वारा ग्रामों में टीकाकरण किया जायेगा, साथ ही ठण्ड से पशुओं को बचाव के लिए ताजा पानी पिलाने का सुझाव दिया। जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक, रमन कान्त द्वारा कृषकों को केसीसी एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा के विषय में विस्तृत रूप से बताया तथा कृषकों को साइबर फ्रॉड से बचने की सलाह दी। प्रभारी केवीके ओमकार यादव के द्वारा कृषकों को आलू फसल में अगेती एवं पछेती झुलसा रोग से बचाव के लिए सिस्टेमिक फंगीसाइड शिमर्ला मिर्च में जड़ गलन एवं तना गलन से बचाव के लिए इमीडा क्लोरोप्रिड तथा फफूदी नाशक प्रयोग करने का सुझाव दिया एवं गेहूँ की फसल में अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए सिंचाई का विशेष ध्यान रखें, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई रवीन्द्र कुमार द्वारा कृषकों को लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे मे बताया गया। उन्होने बताया कि वर्तमान में विकास खण्ड एका जसराना एवं मदनपुर में उथले नलकूप योजना मध्यम गहरे नलकूप, गहरे नलकूप योजना संचालित है। साथ ही वर्षा जल संरक्षण के लिए रूफ-टॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के विषय में जानकारी दी।किसान समाधान दिवस में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, मत्स्य निरीक्षक, उप जिला सहकारी अधिकारी, सहायक अभियन्ता सिंचाई, अवर अभियन्ता नलकूप, प्रभारी के0वी0के, प्रतिनिधि प्रधान दुग्ध, संघ, जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक, उप सम्भागीय अधिकारी विद्युत उप सम्भागीय अधिकारी सिंचाई पीसीएफ प्रबन्धक आदि उपस्थित रहे। साथ ही जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के कृषकों ने किसान समाधान दिवस में प्रतिभाग किया।

## बीएसए ने किया शिकोहाबाद विकास खंड में प्रा.उच्च प्रा.विद्यालयों का निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड शिकोहाबाद के प्राथमिक विद्यालय नगला महुआ उच्च प्रा. विद्यालय रसूलपुर प्राथमिक विद्यालय धौरऊ हिम्मतपुर एवं उच्च प्रा. विद्यालय धौरऊ हिम्मतपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाई गयी कमियों के दृष्टिगत प्राथमिक विद्यालय नगला महुआ के समस्त स्टाफ को कारण बताओ नोटिस निर्गत स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के आदेश निर्गत किया गया है। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निरीक्षण में प्रअ, सअ को विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाये जाने, समुचित सफाई की व्यवस्था किये जाने के निर्देश के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही 24 जनवरी, 2026 से आयोजित होने वाली द्वितीय सत्र परीक्षा व डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से निपुण आंकलन के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

## नौशाद एकेडमी टूंडला ने 92 रनों से जीता मैच

**टूंडला।** हरी शंकर दीक्षित स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार का मैच नौशाद एकेडमी टूंडला और एत्मादपुर के मध्य खेला गया जिसमें टॉस नौशाद एकेडमी के कप्तान ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और पहले खेलते हुए निर्धारित 24.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर 177 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक अमित गर्ग ने सर्वाधिक 94 रन और हर्ष यादव ने 20 रन बनाए एत्मादपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए उमेर और उजैर ने 2-2 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी एत्मादपुर ने सभी विकेट खोकर 85 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक अभय ने 18 व अनिकेत ने 16 रन बनाए नौशाद एकेडमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए हर्ष यादव ने 5 मोहित ने 2 विकेट लिए और नौशाद एकेडमी ने इस मैच को 92 रनों से जीता, मैन ऑफ द मैच हर्ष यादव को दिया गया। मैच की एंपैयरिंग प्रेम सागर और आखिल जावेद ने और कमेंट्री अरविंद ने की आज के मैच के मुख्य अतिथि भाजपा नेता व एलडीबी के अध्यक्ष दीपक चौधरी रहे। इस दौरान आयोजक डी के दीक्षित अजय राज दीक्षित संजीब दीक्षित गुड्डा जावेद अली संजय मेवाती अंकुर गौरव दीपा सैनी अभय सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## युवा प्रतिभा महोत्सव में छात्र-छात्राओं की कबड्डी टीम ने दिखाया दमखम



- महिला कबड्डी का फाइनल वात्सल्य पब्लिक स्कूल गोवर्धन ने जीता

**गोवर्धन।** शहर के प्रतिष्ठित श्री सिद्दी विनायक महाविद्यालय में आयोजित युवा प्रतिभा महोत्सव में दूसरे दिन बुधवार को

छात्र-छात्राओं के वर्ग का कबड्डी मैच का रोमांचक आयोजन हुआ। कबड्डी मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर एवं अध्यात्म पीठ चंद्र सरोवर के पीठाधीश्वर पूर्ण प्रकाश कौशिक द्वारा गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया। साथ ही कबड्डी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथियों ने कहा कि विद्यार्थी जीवन का खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है। आज के समय में खेल जितना स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, उतना ही खेल का महत्व पढ़ाई में भी है। खेल महोत्सव के दूसरे दिन बालक एवं बालिका वर्ग में कबड्डी के मैच कराये गये। जिसमें महिला वर्ग के फाइनल मैच वात्सल्य पब्लिक स्कूल गोवर्धन ने जीता। दीनदयाल इंटर कॉलेज अडींग की टीम उपविजेता रही।

बालिका वर्ग टीम के अन्य मैच कुलदीपक पब्लिक गोवर्धन, रामचन्द्र इंटर कॉलेज, शांतनु बिहारी इंटर कॉलेज, दीनदयाल इंटर, वात्सल्य इंटर कॉलेज व अन्य दर्जनों टीमों के बीच जोरदार कांटे के मुकाबले हुये। आगुंतकों का स्वागत डायरेक्टर नंद किशोर शर्मा एडवोकेट, प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार शर्मा, सचिव श्रीमती मधु शर्मा और सह निदेशक सतीश शर्मा तथा विपुल शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर किया। रेफरी की भूमिका पीटीआई दिलीप यादव ने निभाई। विधि विभागाध्यक्ष भारत उपाध्याय एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कॉलेज में एसआईआर को लेकर एसडीएम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद हाईवे स्थित गांव नौशेरा के समीप बने ओम पीजी कॉलेज मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र का महत्व बताया। वही छात्र-छात्राओं को एसआईआर और फार्म नम्बर 6 की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिरसागंज एसडीएम धर्मवीर भारती रहे। जहां कॉलेज के प्राचार्य डॉ दुर्गेश शर्मा ने मुख्य अतिथि का सोल उड़ा कर और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान एसडीएम ने छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व को बताया वही छात्रों को फॉर्म 6 भर कर वोट बनवाने के बारे जानकारी दी। बताया कि हर छात्र-छात्राओं को मतदान करना जरूरी होता है क्योंकि छात्र-छात्राओं के हाथ में देश का भविष्य है छात्र-छात्राओं का एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। इसलिए लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए उन सभी छात्र/छात्राओं को वोट बनवाना जरूरी है। जिनकी उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष हो गई है। वो अपना वोट अवश्य बनवाले।कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ. दुर्गेश शर्मा, राष्ट्रिय स्वयं सेवा कार्यक्रम अधिकारी डॉ सनातन सिंह ओझा, डॉ. अखलेश कुमार, डॉ. मंजू यादव, डॉ. रतेन्द्र यादव, डॉ. रजनेश कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ सतेन्द्र कुमार, डॉ. अभय प्रताप सिंह, तथा महाविद्यालय के कोर्डिनेटर डॉ. रवि कुमार मौजूद रहे।

## सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का हो रहा कार्य : डीएम



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी रमेश रंजन के प्रयासों से प्रशासन लगातार सर्वोदय के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए जनपद में समाज के सभी वर्गों के उत्थान हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है, बुनियादी सुविधाओं से लेकर शिक्षा स्वास्थ्य आवास रोजगार तक हर क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित किया जा रहे हैं, श्रमिकों के कल्याण हेतु चलाई जा रही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत अब तक 8 हजार से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है, वहीं निर्माण कामगारों को कार्यस्थल पर मृत्यु की दशा में 5 लाख रू0, स्थायी दिव्यंगता पर 3 लाख रू0 और आंशिक दिव्यंगता पर 2 लाख रू0 की भी सहायता दी जा रही है, वहीं पंजीकृत श्रमिकों की दुर्घटना से मृत्यु पर 5 लाख, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख, दिव्यंगता की स्थिति में दो से चार लाख रुपए एवं अंत्येष्टि हेतु 25 हजार रू0 का हित लाभ प्राप्त हो रहा है। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत 2017 से 2025 तक कुल 46675 लाभार्थी थे, जिन्हें 24930.59 लाख का भुगतान किया गया है, इसी तरह वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से 2025 तक कुल 405740 लाभार्थी है, जिन्हें कुल 33289.77 लाख का भुगतान किया गया। इसी तरह दिव्यांग पेंशन योजना अंतर्गत कुल 14401 लाभार्थी थे, जिन्हें 2931.54 लाख का भुगतान किया गया, पेंशन योजनाओं में सभी भुगतान की प्रक्रिया ऑनलाइन डीवीडी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में भेजी गई, जो पूरी तरीके से पारदर्शी है। इसी तरह अन्नदाताओं के उत्थान हेतु शासन एवं प्रशासन सदैव कृत संकल्पित नजर आ रहा है, जिसमें 2017 से 2025 तक जनपद में कुल 255306 किसान सम्मान निधि के लाभार्थी थे, जिन्हें 75666 लाख की राशि का भुगतान किया गया है, इसी तरह किसान ऋण मोचन के तहत 52558 किसान लाभार्थी थे, जिन्हें 18203.22 लाख राशि का भुगतान किया गया। इसी तरह कल्याणकारी योजनाओं से सामाजिक समावेशन को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 227786 लाभार्थियों को लाभांवित किया जा चुका है, जबकि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत जनपद में अब तक 1334454 लोगों के बैंक खातें खोले गए हैं, जबकि 475682 लोगों को अब तक निःशुल्क राशन वितरण किया गया है, जबकि 15891 व्यक्तिगत शौचालय शहरी और 96096 व्यक्तिगत शौचालय ग्रामीण जबकि 543 सामुदायिक शौचालय ग्रामीण का जनपद में निर्माण किया जा चुका है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद में कुल 10797 लाभार्थियों के खातों में 12956.40 लाख की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2514 लाभार्थियों के खाते में वर्ष 2017 से 2025 तक 3016.80 लाख की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है, इसी तरह 640254 कुल नागरिकों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा चुका है, जो उनको मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी रमेश रंजन के प्रयासों से जनहितकारी योजनाएं लगातार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, मुख्यमंत्री का सपना अंतोदय से सर्वोदय तक जनपद में जिलाधिकारी के नेतृत्व में निरंतर पूरा हो रहा है।

## बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आयोजित

**मथुरा।** बौहरे कन्हैयालाल हॉल में बुधवार बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं की बड़ी संख्या मौजूदगी रही। हाल ही में सम्पन्न हुए बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में राघवेन्द्र सिंह ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की थी, जबकि सचिव पद पर मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष राजकृष्ण भारद्वाज, संयुक्त सचिव सुरेन्द्र शर्मा, ऑडिटर देवकीनंदन शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा निर्वाचित हुए थे। आज आयोजित समारोह में अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष सहित चुनाव में विजयी सभी पदाधिकारियों ने विधिवत शपथ ग्रहण की। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति रहें जागरूक : सुनील जैन



**टूंडला।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद का सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवकों द्वारा चयनित ग्राम देवखेडा में डिजिटल इण्डिया जागरूकता अभियान के अन्तर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि सोनू परिहार ने हरी झंडी दिखाकर किया। स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न नारों जैसे आज के समय की यही पुकार डिजिटल शिक्षित हों परिवार। हम सब का है एक ही सपना विकसित बने भारत देश अपना। डिजिटल इण्डिया स्मार्ट इण्डिया आदि व हस्तलिखित स्लोगन तख्तियों के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने का कार्य किया गया। बौद्धिक सत्र में सोनू परिहार ने ग्रामीणों व स्वयंसेवकों को डिजिटल प्लेटफार्म की उपयोगिता के बारे में समझाते हुऐ प्रधानमंत्री के 2047 विजन के बारे में अवगत कराया जिसके अनुसार भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं का डिजिटिलाइजेशन बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन ने कहां की वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने फर्जी कॉल ऑनलाइन ठगी, ओटीपी फ्रॉड सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। स्वयं सेवकों ने गरीबों को वस्त्र वितरण कर सामाजिक सेवा का कार्य किया। इस अवसर पर रिचागुप्ता राजीव शर्मा उपस्थित रहे।

# युवक ने स्वयं पर किये चाकू से ताबड़तोड़ वार

- हालत नाजुक, वीडियो वायरल

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर छाता क्षेत्र में आज सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बसंत तेल कंपनी के सामने एक युवक ने अचानक अपने गले पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर लिए। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। हमले के बाद युवक लहूलुहान हालत में सड़क पर तड़पता नजर आया। इस सनसनीखेज घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक सड़क किनारे खड़ा होकर खुद पर वार कर रहा है। आसपास मौजूद लोगों ने उसे रोकने और समझाने की कई कोशिशें कीं, लेकिन वह नहीं माना। कुछ देर बाद वह जमीन पर गिर पड़ा और फिर दोबारा अपने गले पर वार करने लगा। इस दृश्य को देखकर राहगीरों में भय का माहौल बन गया और लोग इधर-उधर भागते नजर आए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान उसकी हालत बिगड़ने पर उसे मथुरा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। युवक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन वह अपने बारे में कोई जानकारी देने की स्थिति में नहीं है। थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि युवक फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि युवक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे है।

# संस्कृति विवि में सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताएं आयोजित

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं सड़क सुरक्षा क्लब के संयुक्त नेतृत्व में सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, वीडियो रील निर्माण प्रतियोगिता के साथ-साथ सड़क सुरक्षा को लेकर एक नाटक का भी मंचन किया गया।

संस्कृति विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्र कल्याण परिषद के डीन डा. डीएस तोमर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करना कितना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर दिन, लाखों लोग सड़कों पर यात्रा करते हैं, लेकिन सड़क पर होने वाले हादसे अक्सर गंभीर परिणाम ला सकते हैं। सड़क सुरक्षा का अर्थ है उन सभी उपायों को अपनाना जो सड़क पर यात्रा करते समय हमारे जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा कर सकें।




एनएसएस इकाई के कोर्डिनेटर डा. केके पाराशर ने कहा कि सड़क पर चलने वाले वाहनों की संख्या में वृद्धि के साथ, सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सड़क पर चलते समय कुछ महत्वपूर्ण नियमों का पालन करें। जैसे कि, हमेशा सड़क पार करते समय ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना। सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें अपने और दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए। सड़क पर सावधानी बरतने से हम न केवल अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन को भी बचा सकते हैं।

भाषण प्रतियोगिता में अनेक विद्यार्थियों ने बड़-चढ़कर भाग लिया। आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने दिए गए निदेर्शों एवं निर्धारित समय सीमा का पालन करते हुए एक-एक कर अपने भाषण प्रस्तुत किए। तत्पश्चात वीडियो रील्स निर्माण प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई वीडियो रील्स को सभी दर्शकों के समक्ष प्रदर्शित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में छात्र कपिल शर्मा और समित दीक्षित को विजेता घोषित किया गया। इसी प्रकार वीडियो रील निर्माण प्रतियोगिता में छात्र प्रशांत कुमार और कृष्णा विजेता घोषित किए गए। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएट प्रोफेसर नीलम कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## एनसीआरएमयू ने संविदाकर्मी चिकित्सक के अभद्र व्यवहार पर किया विरोध प्रदर्शन

**टूंडला।** रेलवे हॉस्पिटल टूंडला में संविदा पर कार्यरत डॉ.रोहित चक द्वारा रेल कर्मचारियों उनके परिवारजनों के साथ लगातार अभद्र व्यवहार करने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग कर एनसीआरएमयू ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एनसीआरएमयू शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी ने बताया कि रेलवे अस्पताल टूंडला में संविदा पर कार्यरत डा. रोहित चक द्वारा रेल कर्मचारियों उनके परिवारजनों एवं पेंशनरों के साथ लगातार आए-दिन अभद्र असंवेदनशील एवं अमर्यादित व्यवहार किया जा रहा है। रोहित चक द्वारा दवा वितरण के दौरान रेल कर्मचारियों एवं उनके बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इसी दिन एक अत्यंत गंभीर घटना में नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूंडला के मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह के बच्चों द्वारा केवल पर्चे पर तिथि लिखवाने हेतु जब वे अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अविनाश कुमार के पास पहुँचे, तब डा.रोहित चक ने बीच में हस्तक्षेप कर बच्चों के साथ भी अभद्रता कर दी जो निंदनीय एवं अमानवीय है। इसी को लेकर एनसीआरएमयू के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। धरना-प्रदर्शन के पश्चात एसीएमएस डॉ. अविनाश कुमार द्वारा एनसीआरएमयू के प्रतिनिधि मंडल से माफी मांगी तथा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएँ नहीं होंगी। इस मौके पर भारत सिंह यादव, ओमवीर सिंह शाखा मंत्री सरदार सिंह शाखा मंत्री गौरव कुमार के अलावा रेलकर्मी मौजूद रहे।

संक्षेप

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने नयी कुशाक पेश की

बेंगलुरु। स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई कुशाक पेश की है, जो वैल्यू, सेफ्टी, डायनामिक्स को नए सिरे से परिभाषित करती है और यूरोपियन टेक्नोलॉजी को डेमोक्रेटाइज करने की अपनी स्ट्रैटेजी को आगे बढ़ाती है। कुशाक इंडिया 2.0 स्ट्रैटेजी के तहत ब्रांड की पहली कार है और इसने भारत में कंपनी की ग्रोथ में तेजी लाई है। सेगमेंट-फर्स्ट टेक्नोलॉजी जैसे बिल्कुल नए आठ-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, रियर सीट मसाज फंक्शन, और कई नए फीचर्स और स्टैंडर्ड इक्विपमेंट के साथ, नई कुशाक, स्कोडा ऑटो इंडिया की यूरोपियन इंजीनियरिंग को भारतीय सड़कों पर और ज्यादा आसान बनाने की स्ट्रैटेजी को पूरा करती है। स्कोडा में हमारा मिशन यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए उपलब्ध कराना और इसे पूरे भारत में कस्टमर्स के लिए ज्यादा आसान बनाना है। आज, शहरों और इलाकों के बीच की सीमाएं धुंधली हो रही हैं, और उम्मीदें मिल रही हैं। हम इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए ऐसे प्रोडक्ट लॉन्च कर रहे हैं जो इन बदलती कस्टमर पसंद को पूरा करते हैं। आज नई कुशाक के प्रीमियर के साथ, हम अपने पोर्टफोलियो में रियल ऑटोमैटिक्स की क्लास-लीडिंग रेंज रखने की अपनी विरासत को और आगे बढ़ा रहे हैं, जो एक ऐसी एसयूवी दे रही है जिसमें स्टैंडर्ड तौर पर सबसे जरूरी सेफ्टी, कम्फर्ट, डिजाइन और सुविधा वाले फीचर्स हैं, जो हमारी प्रूवन यूरोपियन इंजीनियरिंग की वजह से हैं।

## संजीवनी ने किया पिंक टैग प्रोजेक्ट शुरू

मुंबई। फेडरल बैंक हॉरमिस मेमोरियल फाउंडेशन, नॉलेज पार्टनर टाटा ट्रस्ट्स द्वारा शुरू की गई परिवर्तनकारी पहल संजीवनीः यूनाइटेड अगेंस्ट कैंसर के तीसरे संस्करण में द पिंक टैग प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है। यह एक अनोखी और असरदार व्यवहार परिवर्तन पहल है, जो महिलाओं तक उनके सबसे निजी और व्यक्तिगत पलों में पहुंचती है और उन्हें यह याद दिलाती है कि अपनी देखभाल कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा लिए जरूरी है। भारत में हर चार मिनट में एक महिला को स्तन कैंसर का निदान होता है। हर आठ मिनट में एक महिला इस बीमारी के कारण अपनी जान गंवा देती है। छोटे शहरों और गांवों में, जहां जानकारी की कमी है और सामाजिक झिझक ज्यादा है, वहां स्तन स्वास्थ्य पर बातचीत लगभग नहीं होती। महिलाएं शायद ही कभी अपने लिए समय निकाल पाती हैं। घर के काम, रोजगार और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच उनका खुद का स्वास्थ्य पीछे छूट जाता है। जब तक कोई गंभीर संकट सामने नहीं आता, तब तक उनकी सेहत अनदेखी, टाली हुई और भुला दी जाती है।

## महिला डेयरी किसानों को स्थायी आजीविका देने का लक्ष्य

गोरखपुर। डीवीएआरए क्षेत्रीय ग्रामीण वित्तीय सेवा (डीवीएआरए केजीएफएस) - भारत के वित्तीय समावेशन क्षेत्र में कार्यरत एक प्रमुख एनबीएफसी ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े दूध उत्पादक श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह साझेदारी महिला डेयरी किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। बाजार की अच्छी पहुँच को इष्टतम वित्तीय समाधानों के साथ एकीकृत कर हम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कई और ग्रामीण परिवारों को दीर्घकालिक आय स्थिरता प्राप्त करने में मदद करना चाहते हैं। डीवीएआरए केजीएफएस इस समझौता ज्ञापन के माध्यम सेएसबीजीकेद्वारा प्रतिदिन एकत्रित किए जाने वाले लगभग 80,000 लीटर दूध का उपयोग कर उससे आय अर्जित कर सकेंगे। इससे कंपनी को लगभग 44,000 महिला डेयरी किसानों और अन्य डेयरी किसानों को अपनी वित्तीय सेवाएं प्रदान करने का भी मौका मिलेगा, जिससे उन्हें एक सुदृढ़ और स्थायी आजीविका बनाने में मदद मिलेगी।

## जेनिथ ब्लैक एडिशन के लॉन्च की घोषणा की

बंगलुरु। ऊँचे स्तर की लग्जरी और विशिष्टता को दशार्ने वाले आकर्षक ब्लैक डिजाइन में पैक किया गया जेनिथ ब्लैक एडिशन चुनिंदा प्रेमियों के लिए बारीकी से तैयार किया गया है वन इन मिलियन के लिए। केवल दस लाख बोतलों की उपलब्धता के साथ, यह एडिशन जितना रेयर है उतना ही रिफाइंड भी है। ब्लेंडर्स प्राइड ने ब्लेंडर्स प्राइड जेनिथ ब्लैक एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक लिमिटेड-एडिशन पेशकश है जो बोल्ड ब्लैक सौंदर्य को आइकॉनिक ब्लेंड के साथ जोड़कर एक वास्तव में विशिष्ट अनुभव प्रस्तुत करती है।

# सेंसेक्स में 271 अंकों की गिरावट



मुंबई। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने, कमजोर संकेतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे सत्र में सेंसेक्स 271 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 75 अंक की गिरावट रही।

कारोबारियों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और वित्तीय, बैंकिंग एवं उपभोग से जुड़े शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाए रखा। हालांकि निचले स्तर पर चुनिंदा शेयरों में खरीदारी आने से थोड़ा समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक भारी उतार-चढ़ाव के बाद 270.84 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 81,909.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स।,056.02 अंक टूटकर 81,124.45 तक आ गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत फिसलकर 25,157.50 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक जोखिम कारकों से धारणा बिगड़ने के कारण घरेलू बाजारों में अस्थिरता बनी रही। लेकिन कारोबारी सत्र के अंत में निचले स्तर पर खरीदारी आने से शुरुआती नुकसान की थोड़ी भरपाई हो गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी प्रमुख नुकसान में रहीं। वैश्विक व्यापार एवं भू-राजनीतिक चिंताओं से बाजार में कमजोरी जारी रही। रुपये के डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ जाने से कारोबारी धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से भी दबाव बढ़ा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 2,938.33 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,665.69 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.01 प्रतिशत टूट गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 0.80 प्रतिशत नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद खंड में सर्वाधिक 1.28 प्रतिशत गिरावट रही जबकि पीएसयू बैंक में 1.07 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 1.02 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 0.94 प्रतिशत गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,831 कंपनियां गिरावट के साथ बंद हुईं जबकि।,437 शेयरों में तेजी रही और 137 अन्य अपरिवर्तित रहे। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76 पैसे टूटकर 91.73 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 67 पैसे टूटकर 91.64 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बुधवार को 67 पैसे लुढ़ककर अब तक के सबसे निचले स्तर 91.64 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता और जोखिम लेने की धारणा कमजोर होने के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के दबाव में रुपये में गिरावट आई।

बाजार सूत्रों ने कहा कि रुपया 16 दिसंबर, 2025 को 91.14 के अपने पिछले सबसे निचले स्तर पर पहुंचा था। इस महीने अब तक रुपये में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि इस गिरावट का कारण बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता हो सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड मुद्दे और संभावित शुल्क को लेकर यूरोप में बढ़ते तनाव, साथ ही घरेलू बाजार में नकारात्मक रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को और प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 91.05 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 91.74 के कारोबार के निचले स्तर पर आ गया। कारोबार के अंत में रुपया 91.64 (अस्थायी) के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 67 पैसे कम था। 2025 के बाद यह एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। मंगलवार को, रुपया सात पैसे टूटकर 90.97 पर बंद हुआ था। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं अस्थिर पूंजी के प्रवाह के दबाव का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक कारोबार पर असर डाल रहे हैं। वैश्विक तनाव में ग्रीनलैंड विवाद और वेनेजुएला के तेल भंडार पर अमेरिका का नियंत्रण शामिल है। ग्रीनलैंड विवाद ने अमेरिका-यूरोप संबंधों को खराब किया है और इससे नाटो के टूटने का खतरा है। भारत के लिए, अमेरिका के साथ लंबित व्यापार समझौता एक अहम संतुलनकारी पहलू बना हुआ है, क्योंकि इसके होने से विश्वास और द्विपक्षीय व्यापार बढ़ सकता है। साथ ही, जब तक भू-राजनीतिक जोखिम कम नहीं हो जाता और व्यापार समझौता नहीं हो जाता, तब तक रुपया बाहरी झटकों के प्रति कमजोर बना रह सकता है। हालांकि, मजबूत विदेशीमुद्रा भंडार को देखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक स्थिति को संभाल सकता है।

## राजस्थान मंत्रिमंडल ने पहली सेमीकंडक्टर नीति को मंजूरी दी

जयपुर। राजस्थान मंत्रिमंडल ने राज्य की पहली सेमीकंडक्टर नीति और नई वैमानिकी एवं रक्षा नीति को बुधवार को मंजूरी दी।

अधिकारियों के अनुसार इसका उद्देश्य राज्य में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के साथ ही राजस्थान को वैमानिकी व रक्षा विनिर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बनाना है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के उद्योग और वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के साथ ही राजस्थान को एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बनाने के उद्देश्य से राजस्थान एयरोस्पेस एवं रक्षा नीति का अनुमोदन किया गया है। उनके मुताबिक, एमएसएमई, स्टार्टअप और नवाचार आधारित तंत्र के विकास पर केन्द्रित इस नीति के अंतर्गत राज्य में एयरोस्पेस एवं रक्षा क्षेत्र के विनिर्माण उद्यमों, उपकरण एवं घटक विनिर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं, रखरखाव और मरम्मत समेत अन्य संबंधित इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राजस्थान की पहली राजस्थान सेमीकंडक्टर नीति राज्य को सेमीकंडक्टर विनिर्माण, डिजाइन, पैकेजिंग तथा संबद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में देश का प्रमुख गंतव्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सोने की कीमत करीब 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 3.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना और चांदी नए शिखर पर पहुंच गए। सोने की कीमत करीब 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 3.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर रही।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपये यानी 4.24 प्रतिशत बढ़कर 159,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। मंगलवार को, सोने ने पहली बार देश की राजधानी में 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार किया। स्थानीय सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में भी लगातार नौवें दिन तेजी जारी रही। चांदी की कीमत 11,300 रुपये बढ़कर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 20,400 रुपये बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने और चांदी ने बुधवार को नए रिकॉर्ड उंचाई को छुआ। लगातार सुरक्षित निवेश की मांग बनी रही और सोने और चांदी-समर्थित एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड में मजबूत निवेश के कारण रिकॉर्ड-तोड़ तेजी देखी गई। उन्होंने कहा कि दोनों कीमती धातुओं की घरेलू बाजार में अंतरराष्ट्रीय कीमतों की तुलना में काफी प्रीमियम पर कारोबार हुआ, क्योंकि आपूर्ति की स्थिति तंग थी, निवेश के लिए मजबूत मांग थी और रुपया कमजोर था। इन वजहों से वैश्विक मानक के मुकाबले घरेलू कीमतें उंची बनी हुई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना पहली बार 4,800 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गया। हाजिर कीमत 124.97 डॉलर या 2.62 प्रतिशत बढ़कर 4,888.46 डॉलर प्रति औंस हो गईं।

## बजट में पेश हो सकता है लागत-अनुरूप प्रावधानों वाला विद्युत संशोधन विधेयक

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को कहा कि बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के घाटे को कम करने के लिए लागत-अनुरूप शुल्क की अवधारणा को विद्युत संशोधन विधेयक में शामिल किया गया है। इसे आगामी बजट सत्र में पेश किया जा सकता है।

देश में लंबे समय से कर्ज में डूबी और घाटे में चल रही बिजली वितरण कंपनियों की पृष्ठभूमि में लागत-अनुरूप शुल्क का महत्व बढ़ जाता है। अखिल भारतीय बिजली वितरण कंपनियों के संघ के पहले वार्षिक सम्मेलन ईडीआईसीओएन 2026 को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि बिजली आपूर्ति मूल्य श्रृंखलाउत्पादन, पारेषण एवं वितरण में बिजली वितरण कंपनियां एक अहम कड़ी हैं। विद्युत मंत्री ने कहा कि बिजली वितरण कंपनियां उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष रूप से बी2सी (व्यवसाय-से-उपभोक्ता) सेवाएं प्रदान करती हैं और सेवा गुणवत्ता तथा अन्य मुद्दों पर ग्राहकों की शिकायतें सबसे पहले इन्हीं के पास आती हैं। हम बिजली वितरण कंपनियों के घाटे को कम करने के लिए लागत-अनुरूप शुल्क का प्रावधान ला रहे हैं। इसमें बिजली आपूर्ति से जुड़ी सभी लागतों को शुल्क में शामिल किया जाएगा, जिससे बिजली वितरण कंपनियों के घाटे कम होंगे।

## दावोस सम्मेलन में असम को मिले एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावः हिमंत



दावोस। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में पहली बार हिस्सा ले रहे असम ने अब तक करीब एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव हासिल कर लिए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह वैश्विक मंच पर राज्य की मौजूदगी की केवल शुरुआत है और आने वाले वर्षों में इससे असम को और अधिक निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित डब्ल्यूईएफ बैठक में हिस्सा लेने आए शर्मा ने कहा कि असम या पूर्वोत्तर का कोई भी राज्य पहली बार दावोस आया है और यह अनुभव बेहद ज्ञानवर्धक रहा है जिससे नीतियां तैयार करने और राज्य में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम इस समय देश का सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य है और पिछले पांच वर्षों में राज्य ने लगातार 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है, जबकि अगले वर्ष के लिए लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान है। हम एक छोटी अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के हितों को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने असम में एक बड़े यूरिया संयंत्र और एक रासायनिक परिसर की आधारशिला रखी है। इसके अलावा टाटा सेमीकंडक्टर परियोजना अंतिम चरण में है और अगले दो-तीन महीनों में चिप का उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अब असम पूरी दुनिया को अपनी कहानी बताना चाहता है और दावोस में कई वैश्विक कंपनियों से मुलाकात हुई है। शर्मा ने कहा, हालांकि यह महज शुरुआत है। हमें अगले तीन-चार साल तक यहां आना होगा ताकि असम को लेकर वैश्विक निवेशकों का ध्यान आकृष्ट किया जा सके। उन्होंने कहा, यह दौरा हमें लगभग एक लाख करोड़ रुपये का निवेश दिलाने वाला है, लेकिन यह केवल एक शुरुआत है। हम भविष्य के लिए नींव रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि बड़े भारतीय औद्योगिक समूहों के साथ अंतरराष्ट्रीय निवेशक भी असम की संभावनाओं को समझने के लिए आगे आए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में असम राष्ट्रीय औद्योगिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण निवेश केंद्र के रूप में उभरेगा।

## दिसंबर में खेतिहर, ग्रामीण श्रमिकों की खुदरा मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़ी

नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मजबूती के कारण दिसंबर महीने में खेतिहर और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में क्रमशः 0.04 प्रतिशत और 0.11 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। श्रम मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक (सीपीआई-एल) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण श्रमिक (सीपीआई-आरएल) के रूप में मापी जाने वाली खुदरा मुद्रास्फीति में नवंबर के दौरान क्रमशः 0.66 प्रतिशत और 0.47 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। दिसंबर 2025 में खेतिहर श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति में 1.80 प्रतिशत और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में 1.73 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। नवंबर में इन दोनों श्रेणियों में क्रमशः 2.95 प्रतिशत और 2.70 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। दिसंबर महीने में कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 0.28 अंक घटकर 137.12 पर आ गया, जबकि ग्रामीण श्रमिकों के लिए सूचकांक 0.27 अंक गिरकर 137.03 पर रहा। पिछले महीने खाद्य सूचकांक में कृषि श्रमिकों (एएल) और ग्रामीण श्रमिकों (आरएल) दोनों श्रेणियों में 0.70-0.70 अंकों की गिरावट आई।

## कच्चे तेल का वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 30 रुपये की गिरावट के साथ 6,487 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 30 रुपये या 0.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,487 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 14,494 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने जमा सौदों की कटान करने से कच्चातेल वायदा कीमतों में गिरावट आई। कच्चा तेल 1.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59.57 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

पेज एक का शेष

### बांग्लादेश को

एक और दिन का समय दिया गया है। इस विवाद की शुरूआत मुंबई इंडियंस द्वारा बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से रिलीज करने के बाद हुई। इसके बाद सुरक्षा और टीम माहौल को लेकर बांग्लादेश में नए स्वर उभरे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत यात्रा पर सुरक्षा आशंका जताते हुए कहा कि टीम को श्रीलंका में खेलना चाहिए। उनकी मांग यह थी कि बांग्लादेश को ग्रुप सी से हटाकर ग्रुप बी में भेजा जाए, क्योंकि ग्रुप बी के मैच श्रीलंका में खेले जा रहे हैं।

मौजूदा शेड्यूल में बांग्लादेश अपने लीग मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेलेगा। बांग्लादेश टीम का पहला मुकाबला सात फरवरी को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा। इसके बाद टीम अपने दो और ग्रुप मैच कोलकाता में खेलेगी और अंतिम मैच मुंबई में होगा। इस बीच, बोर्ड अधिकारियों के बयान भी विवाद में घी डालने जैसे साबित हुए। नजरुल इस्लाम ने इस मामले पर अपने ही खिलाड़ियों को घेर लिया, जिससे वहां के खिलाड़ी नाराज हो गए और अपने ही बोर्ड के खिलाफ बगावत शुरू कर दी। हालांकि, बीसीबी के हस्तक्षेप के बाद और नजरुल के एक पद से इस्तीफे के बाद मामला कुछ शांत हुआ। हालांकि, बीसीबी की अकड़ नहीं गई और वह अभी भी अपनी मांग पर अड़ा हुआ है। नतीजतन, मीडिया में अटकलों का सिलसिला और तेज हो गया। बुधवार को एक रिपोर्ट सामने आई जिसमें कहा गया कि अगर बांग्लादेश भाग नहीं लेता है, तो स्कॉटलैंड को विश्व कप में मौका मिल सकता है। यह पहला मौका नहीं है जब ऐसा विकल्प देखा जा रहा है। साल 2009 में जब जिम्बाब्वे ने इंग्लैंड में हुए टी20 विश्व कप से हटने का निर्णय लिया था, तब स्कॉटलैंड को शामिल किया गया था। यदि बांग्लादेश अंतिम समय तक भारत जाने से इनकार करता है, तो उसकी जगह रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। आईसीसी फिलहाल बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अंतिम फैसले का इंतजार कर रहा है।

### लोकतंत्र की

के नियमों-परिनियमों का अवलोकन-प्रशिक्षण ले ले तो उसे अपने सदन संचालन में काफी आसानी होगी। सीएम ने कहा कि सतीश महाना ने 2022 में विधानसभा अध्यक्ष का दायित्व संभाला तो मैंने उनसे कहा कि प्रश्नकाल में 20 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध होते हैं, लेकिन सवा घंटे के प्रश्नकाल में केवल दो-तीन सदस्य ही बोल पाते हैं। क्या हम भी इसे संसद की तर्ज पर आगे बढ़ा सकते हैं। इस पर उन्होंने तत्काल नियमावली में परिवर्तन किया। अब सवा घंटे में 20 तारांकित प्रश्न और हर प्रश्न के साथ दो-तीन अनुपूरक प्रश्न भी पूछ लिए जाते हैं। प्रश्न करने वाले और उत्तर देने वाले मंत्रीगण, दोनों पूरी तैयारी के साथ आते हैं। सदन में अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों की सहभागिता दिखती है। संसद हमारे लिए प्रेरणा बनी। हमारे पास सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था के रूप में संसद है। यदि हम कुछ कर रहे हैं तो संसद ही उसका आधार बनती है, उसके प्रति श्रद्धा हर भारतवासी का दायित्व है। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री के वक्तव्य भारत लोकतंत्र की जननी है का जिक्र किया, फिर कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे कि ग्राम स्वराज की परिकल्पना को गांवों ने साकार किया। देश में रूपरंग, खानपान, वेशभूषा अलग हो सकते हैं, लेकिन पूरा भारत एक भाव-एक भंगिमा के साथ बोलता और सोचता है। उसकी आस्था एक होती है। संसद उस आस्था को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। संसद को आदर्श के रूप में बढ़ाएंगे तो विधायिका और मजबूत-सशक्त होगी। सीएम योगी ने सम्मेलन में पारित हुए छह महत्वपूर्ण प्रस्तावों को अभिनंदनीय बताया और कहा कि प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव में आगामी 25 वर्ष की कार्ययोजना बनाने को कहा। विजन 2047- विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के संकल्प के साथ हम आगे बढ़े हैं। सीएम ने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश पर सत्तापक्ष व विपक्ष के 300 से अधिक सदस्य 24 घंटे तक चलने वाली चर्चा के सहभागी बने। चर्चा का शुभारंभ करने के बाद मैं कुछ देर बैठा रहा, फिर अन्य प्रशासकीय कार्यों व बैठकों के लिए जाना पड़ा। रात 11 बजे मैं फिर सदन में आया तो भी यहां बोलने की होड़ दिखी। बहुत अच्छे सुझाव आए। हर व्यक्ति के अनुभव का लाभ अत्यंत प्रभावी होता है। विधानसभा-परिषद में लोगों ने विकास के बारे में मुद्दों को रखा और विकसित भारत के लिए अपनी जिम्मेदारी का भी जिक्र किया। विकसित भारत केवल भारत सरकार, प्रधानमंत्री का ही कार्य नहीं है, हम भी कैसे इस अभियान के सारथी-सिपाही बन सकते हैं, इस पर भी चर्चा हुई। पीठासीन अधिकारियों के इस सम्मेलन में भी इस प्रस्ताव को पारित करते हुए, प्रभावी ढंग से इसको आगे बढ़ाने के लक्ष्य के साथ विकसित भारत की परिकल्पना को साकार बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों को सार्थक गति प्रदान की है। सीएम ने कहा कि यूपी में सदन की कार्यवाही की प्रशंसा की। कहा, यहां कार्यवाही अत्यंत सुगमता से चलती है। सीएम ने वर्ष में कम से कम 30 बैठकों का प्रस्ताव पारित किए जाने को भी सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि यह संसद और विधानसभा के लिए ही नहीं, बल्कि नगर निकायों, ग्राम पंचायतों, जिला पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों के लिए भी प्रेरणा है। जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि विकास की धुरी बनते हैं। तकनीक के इस युग में हम खुद को पीछे नहीं छोड़ सकते। जब सरकार के सामने यह बात आई कि ई-विधान होना है तो हमने कहा कि तत्काल इसे लागू कीजिए।

### जल्द ही

बढ़ाने और लोकतांत्रिक शासन को मजबूत करने के लिए विधायी संस्थाओं में सदस्यों में क्षमता निर्माण और तीसरा सबसे आवश्यक, जनता के प्रति सदस्यों की जवाबदेही। इन तीनों विषयों पर चर्चा के बाद 6 संकल्प लिए गए। पहला संकल्प के तौर पर सभी राज्यों की विधानसभाएं 2047 तक विकसित भारत लक्ष्य की प्राप्ति करें और इसके लिए सभी विधानमंडलों में अपने राज्य के साथ-साथ देश के विकास पर चर्चा हो। दूसरा संकल्पः राज्य के विधानमंडलों में न्यूनतम 30 दिनों की बैठकें हों, ताकि हम रचनात्मक व प्रभावी रूप से इन लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता के प्रति उत्तरदायी बना सकें। तीसरा संकल्पः भारत के विधायी निकायों में बेहतर कार्य संचालन हो, इसके लिए प्रौद्योगिकी व एआई का उपयोग किया जाए ताकि जनता व जन प्रतिनिधियों के बीच सम्पर्क स्थापित हो। साथ ही सबकी सार्थक रूप से सहभागिता सुनिश्चित हो। टेक्नोलॉजी के वर्तमान और आने वाले भविष्य को देखते हुए इसका प्रयोग ज्यादा से ज्यादा किया जाए। लेकिन, एआई के प्रयोग में पूरी सावधानी, जवाबदेही, विश्वसनीयता व नैतिकता भी होनी चाहिए। चौथा संकल्पःजितनी लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं, जैसे पंचायत, नगर निगम, विधानसभा, लोकसभा समेत सभी संस्थाएं, सभी जगह अच्छा संवाद हो, इसके लिए आदर्श नेतृत्व स्थापित हो। पांचवा संकल्पः विधानमंडलों के अंदर प्रभावी, सार्थक, तथ्यपूर्ण, ज्ञानपूर्वक चचाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विधायकों की कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग हो। सभी विधानमंडलों में रिसर्च विंग हों, पुरानी बहसें डिजिटलाइज्ड की जाएं और लाइब्रेरी डिजिटल हों। छठा संकल्पः विधायी निकायों के कार्य संचालन का वस्तुनिष्ठ मानकों के आधार पर मूल्यांकन और तुलनात्मक आकलन करने के लिए एक नेशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स बनेगा। गठित की गई कमेटी मानक तय करेगी, जिसके आधार पर विधायी निकायों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता होगी। ओम बिरला ने बताया कि सम्मेलन के दौरान यह चर्चा भी हुई कि सभी पीठासीन अधिकारी निष्पक्ष, निर्विवाद हों और सबसे साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़ें। 2015 में भी जब उत्तर प्रदेश में यह सम्मेलन हुआ था, तब यहां संकल्प लिया गया था कि प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग हो, पेपरलेस विधानसभाएं हों।

### जनभागीदारी से

करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं गरिमा, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव एक साथ पूरे प्रदेश में मनाया जा सके। बैठक में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर आधारित विशेष प्रदर्शनी और शिल्प मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की विकास यात्रा, नवाचार, बुनियादी ढांचे, उद्योग, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

### सांस्कृतिक विघटन

की रक्षा की है और वैचारिक भ्रम के समय समाज को सही दिशा देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि गीता प्रेस पिछले सौ वर्षों से सनातन संस्कृति, धर्मग्रंथों और भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता, रामचरितमानस, उपनिषद, पुराण और अन्य ग्रंथों का शुद्ध, सुलभ और किफायती प्रकाशन कर गीता प्रेस ने भारतीय जनमानस को आत्मिक रूप से जागृत किया है। मुख्यमंत्री ने गीता प्रेस को भारत की सांस्कृतिक आत्मा का संवाहक बताया। गृह मंत्री ने कहा कि गीता प्रेस द्वारा पिछले 100 वर्षों में किए गए सांस्कृतिक, वैचारिक और आध्यात्मिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कल्याण पत्रिका केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है। गृह मंत्री ने कहा कि बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी गीता प्रेस अपने उद्देश्य से नहीं डिगा और कल्याण के माध्यम से भारतीय संस्कृति की रक्षा का कार्य किया। जब समाज वैचारिक भ्रम और सांस्कृतिक विघटन के दौर से गुजर रहा था, तब गीता प्रेस ने धर्म, सदाचार और आध्यात्मिक चेतना के माध्यम से राष्ट्र को दिशा देने का काम किया।

### सही दिशा में

मृत देश थे, लेकिन अब हम फिर से जीवित हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूरोप के कुछ स्थान तो पहचाने भी नहीं जा सकते; मुझे यूरोप से प्यार है, लेकिन यह सही रास्ते पर नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश ग्रीनलैंड को बचा नहीं सकता सिवाय अमेरिका के।

### जाड़े में जलवाते

मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को कोई परेशानी न हो, इस निमित्त अपनी इस कोशिश कोबरकरार रखेंगे। सेवा भाव में कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।




# भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रन से हराया

## पहला टी-20: अभिषेक ने 84 रन बनाये, चक्रवर्ती-दुबे को 2-2 विकेट; ग्लेन फिलिप्स ने 78 रन बनाये

एजेंसी

नागपुर। अक्षर पटेल की उसी उंगली पर बॉल लगी है, जिससे वे गेंद टर्न कराते हैं। वे वर्ल्ड कप खेलने वाली भारतीय टीम के उपकप्तान हैं। भारत ने न्यूजीलैंड को पहले टी-20 में 48 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बुधवार को नागपुर में पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 238 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम 190 रन ही बना सकी। अभिषेक शर्मा ने 84 रन बनाए, वहीं वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे को 2-2 विकेट मिले। वीसीए स्टेडियम में भारत से रिंकू सिंह ने 44, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 32 और हार्दिक पंड्या ने 25 रन बनाए। अर्शदीप सिंह, हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला। न्यूजीलैंड से जैकब डफी और काइल जैमिसन ने 2-2 विकेट लिए। बैटिंग में टीम से मार्क चापमन ने 39 रन बनाए। दूसरा टी-20 रायपुर में 23 जनवरी को खेला जाएगा। भारत ने टी-20 सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 239 रन का टारगेट दिया है। जवाब में न्यूजीलैंड ने 8 ओवर में 3 विकेट पर 61 रन बना लिए हैं। ग्लेन फिलिप्स और मार्क चैपमैन क्रीज पर हैं। वरुण चक्रवर्ती ने टिम रॉबिन्सन (21 रन) को शिवम दुबे के हाथों कैच कराया। अर्शदीप सिंह ने डेवोन कॉन्वे (जीरो) को विकेटकीपर संजू सैमसन और हार्दिक पंड्या ने दूसरे ओवर में रचिन रवींद्र (एक रन) को अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। बुधवार को नागपुर में टॉस हारकर बैटिंग कर रही टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 238 रन बनाए।

यह न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड 234 रन का था। जो अहमदाबाद में 2023 में बना था। भारतीय टीम से रिंकू सिंह ने 20 बॉल पर नाबाद 44 रन बनाए। जबकि ओपनर अभिषेक शर्मा ने 35 बॉल पर 84 रनों की पारी खेली। जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 32 रन बनाए। न्यूजीलैंड से काइल जैमिसन और जैकब डफी को 2-2 विकेट मिले। क्रिस्टियन क्लार्क, ईश सोढ़ी और मिचेल सैंटनर को एक-एक विकेट मिला। 8वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा रिव्यू भी गंवा दिया है। अक्षर पटेल की तीसरी बॉल चैपमैन के पैड पर लगी। फील्ड अंपायर ने एक बार फिर भारतीय खिलाड़ियों की अपील को नकार दिया। ऐसे में कप्तान सूर्या ने रिव्यू मांगा, लेकिन फैसला नहीं बदला। यहां भारत को दूसरा रिव्यू भी गंवाना पड़ा। 52 रन पर न्यूजीलैंड के टॉप-3 बैटर्स पवेलियन लौट गए हैं। 7वां ओवर डाल रहे वरुण चक्रवर्ती ने टिम रॉबिन्सन (21 रन) को शिवम दुबे के हाथों कैच कराया। वरुण को पहले ही ओवर में विकेट मिला है। 239 रन चेज कर रही न्यूजीलैंड की शुरूआत भारत से खराब रही है। टीम ने एक रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। यहां से रॉबिन्सन और फिलिप्स की जोड़ी ने स्कोर 50 रन तक पहुंचाया।

शुरूआती दो ओवर में 4 रन देने वाली अर्शदीप और पंड्या की जोड़ी ने तीसरे और चौथे ओवर में 29 रन खर्च कर दिए। अर्शदीप ने तीसरे ओवर में 12 रन दिए। जबकि पंड्या ने चौथे ओवर में 17 रन खर्च कर दिए। न्यूजीलैंड ने एक रन पर दूसरा विकेट गंवा दिया है। हार्दिक पंड्या ने दूसरे ओवर की तीसरी बॉल पर रचिन रवींद्र को अभिषेक शर्मा के हाथों कैच करा दिया। रचिन एक रन ही बना सके। पिछले ओवर में अर्शदीप ने डेवोन कॉन्वे को पवेलियन भेजा था। अर्शदीप सिंह ने पारी के पहले ओवर में विकेट हासिल किया। उन्होंने ओवर की दूसरी बॉल पर डेवोन कॉन्वे को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। कॉन्वे खाता भी नहीं खोल सके। इसी ओवर की 5वीं बॉल पर भारत ने एक रिव्यू भी गंवा दिया। अर्शदीप की बॉल टिम रॉबिन्सन के पैड पर लगी और छइह मांगा गया, लेकिन फील्ड अंपायर ने इनकार कर दिया। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में डेरिल मिचेल की बॉल पर 21 रन बने। इस ओवर में रिंकू सिंह ने 2 छक्के और दो चौके लगाए। इसी के साथ भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ा स्कोर बना डाला है। 18वें ओवर की 5वीं बॉल पर भारतीय टीम ने 7वां विकेट गंवा दिया। यहां पर अक्षर पटेल (5 रन) को डेब्यू मैच खेल रहे क्रिस्टियन क्लार्क ने डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर की चौथी बॉल पर भारत ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर हार्दिक पंड्या 25 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें जैकब डफी ने मार्क चैपमैन के हाथों कैच कराया। उन्हें दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने ईशान किशन (8 रन) को भी पवेलियन भेजा। 14वें ओवर की चौथी बॉल पर भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर शिवम दुबे 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमिसन ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। उन्हें दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने संजू सैमसन (10 रन) को भी आउट किया। 13वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हार्दिक पंड्या ने क्रिस्टियन क्लार्क की दूसरी बॉल पर एक रन लेकर टीम का 150वां रन बनाया। अभिषेक शर्मा ने 12वां ओवर डाल रहे ईश सोढ़ी की बॉल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने पहली और दूसरी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। वे ओवर की आखिरी बॉल पर 84 रन बनाकर आउट हो गए और 16 रन से शतक बनाने से चूक गए। इसी ओवर में अभिषेक ने टी-20 करियर के 5 हजार रन भी पूरे कर लिए। 11वें ओवर की चौथी बॉल पर भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 32 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टिम रॉबिन्सन के हाथों कैच कराया। सैंटनर ने 99 रनों की पार्टनरशिप को ब्रेक किया। सूर्या लगातार 23वीं पारी में फिफ्टी नहीं लगा सके हैं। 9वें ओवर में टीम इंडिया ने अपने 100 रन भी पूरे कर लिए।




# 50 मी राइफल 3पी ट्रायल्स में तिलोत्तमा का दबदबा, मनु और ऐश्वर्य भी जीते



नयी दिल्ली। तिलोत्तमा सेन ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी) में लगातार दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के टी। फाइनल में दमदार जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मंगलवार को टी।

में तीसरे स्थान पर रहने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित टी2 में पहला स्थान हासिल किया। तिलोत्तमा ने बुधवार को फाइनल में फिर संयमित प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर राइफल 3पी में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने 35 शॉट्स में 361.5 अंक हासिल किए जो रेलवे की आयुषी पोद्दार (358.4 अंक) से 3.1 अंक अधिक थे। आयुषी दूसरे स्थान पर रहीं। सुरभि भारद्वाज रापोले 348.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। टी। में तीसरे स्थान पर रहने वाली मनीनी कौशिक 336.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं। मनु भाकर ने ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए हुए टी। फाइनल में 37 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा की विभूति भाटिया 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं जबकि कर्नाटक की दिव्या टीएस ने 28 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। तेजस्विनी सिंह शूट-ऑफ में विभूति से हारने के बाद 26 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं। पुरुषों के टी2 फाइनल में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 359.7 अंक के साथ जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले 357.7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि पूर्व 10 मीटर विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल 347.5 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। टी। विजेता नीरज कुमार 336.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। पुरुष और महिला वर्ग की 10 मीटर एयर राइफल टी। फाइनल मुकाबले कल खेले जाएंगे। इसके साथ ही पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के टी2 फाइनल भी आयोजित होंगे।

## संक्षेप

### लिजेले ली पर डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिये जुर्माना

वडोदरा। दिल्ली कैपिटल्स की विकेटकीपर लिजेले ली पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिये बुधवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया। डब्ल्यूपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा, ली ने आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण के अनादर को लेकर है। इसके लिये मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है। यह घटना दिल्ली की पारी के 11वें ओवर की थी जब ली को तीसरे अंपायर के रिव्यू के बाद 46 के स्कोर पर स्टम्प आउट करार दिया गया। फैसले से नाखुश ली ने बाद में पुरस्कार समारोह में कहा विकेटकीपर ने अच्छा काम किया लेकिन मुझे इसके बारे में इतना ही कहना है। दिल्ली ने मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराया।

### राष्ट्रीय कॉन्क्लेव सेतु 2026 का आयोजन ग्वालियर में

नयी दिल्ली। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्क्लेव सेतु 2026 की मेजबानी करेगा जिसमें प्रशासक, कोच और शिक्षाविद् भारत में खेल शिक्षा और ट्रेनिंग के भविष्य पर मंथन करने के लिए एकत्र होंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया, यह कॉन्क्लेव देशभर के नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों, खेल प्रशासकों, कोच, खेल वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के हितधारकों को एक मंच पर लाने के लिए आयोजित किया जा रहा है ताकि भारत में खेल शिक्षा और ट्रेनिंग के भविष्य पर विचार-विमर्श किया जा सके। इस कार्यक्रम का आयोजन एलएनआईपीई की कुलपति प्रोफेसर कल्पना शर्मा द्वारा किया जा रहा है। इसमें वरिष्ठ अधिकारी, खेल विश्वविद्यालयों के कुलपति, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि और विशेषज्ञ भाग लेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया, सेतु 2026 राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का उद्देश्य खेल विज्ञान, कोचिंग, कौशल विकास और अकादमिक शिक्षा को एकीकृत ढांचे में समाहित कर एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार खेल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है जिससे राष्ट्रीय खेल विकास को गति मिल सके।

# एरिना व कोको आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में



एजेंसी

मेलबर्न। दुनिया की शीर्ष तीन महिला टेनिस खिलाड़ियों में से दो एरिना सबालेंका और कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। वहीं पुरूष वर्ग में कार्लोस अल्काराज भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त और दो बार की विजेता सबालेंका ने चीन की बाइ झोउशुआन को 6-3, 6-1 से हराया। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त गाफ ने ओल्गा डानिलोविच को 6- 2, 6 -2 से मात दी। अल्काराज ने जर्मनी के यानिक हंफमैन को 7- 6, 6-3, 6-2 से हराया। सबालेंका का सामना अब अनास्तासिया पोपापोवा से होगा जिन्होंने 28वीं वरीयता प्राप्त और पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू को 7-6, 6-2 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने पोलैंड की लिंडा क्लिमोविकोवा को 7-5, 6 -1 से मात दी। तुर्की की जेनेप सोंमेज ने अन्ना बोंडर को 6-2, 6 -4 से हराया। पुरूष वर्ग में 11वीं वरीयता प्राप्त और 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन दानिल मेदवेदेव ने क्वेटिन हालिस को 6 - 7, 6-3, 6 .4, 6 . 2 से हराया जबकि 13वीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने जैमी फारिया को 6-4, 6-3, 4-6, 7-5 से मात दी। 19वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने थियागो आगस्टिन को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। वहीं दूसरी ओर भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरानसन ने बुधवार को यहां सीधे सेटों में आसान जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

भांबरी और गोरानसन की दसवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कोर्ट नंबर 13 पर 57 मिनट तक चले मुकाबले में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और कूज़ हेविट को 6-3, 6-4 से हराया। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया। अगर प्रतिशत के आंकड़ों पर गौर करें तो भांबरी और गोरानसन ने अपनी पहली सर्विस पर 97 प्रतिशत अंक जीते। दूसरी सर्विस पर अंक हासिल करने में भी उनका प्रदर्शन उतना ही प्रभावशाली रहा, जिसमें उन्होंने 91 प्रतिशत अंक जीते। भांबरी और गोरानसन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को दो बार तोड़ा और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया, जिससे वे पूरे समय नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे। निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार प्रुच्य इसारो मंगलवार को पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार से सीधे सेटों में हारकर पुरुष युगल प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे।

### सिंधू, श्रीकांत इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

जकार्ता। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत अपने अपने मुकाबले जीतकर इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने जापान की मनामी सुइजू को 53 मिनट में 22 . 20, 21 . 18 से हराया। वहीं विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने एक घंटे 12 मिनट तक चले मैच में दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी कोकी वातानाबे को 21 . 15, 21 . 23, 24 . 22 से शिकस्त दी। श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपै के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा जिन्होंने आयरलैंड के एन एंगुयेन को 21 . 14, 21 . 15 से हराया। किरण जार्ज को पहले दौर में इंडोनेशिया के एक जाकी उबेदिल्लाह के हाथों 17 . 21, 14 . 21 से पराजय का सामना करना पड़ा। महिला एकल में आकर्षि कश्यप भी पहले दौर में जूली डावाल जाकोबसेन से 21 . 8, 20 . 22, 17 . 21 से हार गई। मिश्रित युगल में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब रोहन कपूर और रूत्विका गाडे के अलावा ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी पहले दौर में हार गई।

# रणजी ट्रॉफी में शुभमन गिल पर होगी नजर



एजेंसी

राजकोट। भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल गुरुवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मैच में खेलने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के हाथों वनडे श्रृंखला में भारत की 1-2 से अप्रत्याशित हार के बाद गिल सीधे राजकोट पहुंच गए थे जहां उनका राष्ट्रीय टीम के साथी और सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है।

इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि महाराष्ट्र उससे तीन अंक पीछे है। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी जो अपने घरेलू मैदान पर हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय मैचों से लौट रहे सिराज कप्तान के रूप में जी राहुल सिंह की जगह लेंगे। वह ग्रुप डी में 42 बार के चैंपियन मुंबई के खिलाफ हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। यह इस सत्र में उनका पहला रणजी मैच भी होगा। मुंबई पांच मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। उसकी टीम अजिंक्य रहाणे के बिना खेलेगी, जिन्होंने खुद को अनुपलब्ध घोषित कर दिया है। इस सत्र के शुरुआत में उन्होंने कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया था। मुंबई की टीम शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में खेलना जारी रखेगी। इन दोनों के अलावा जम्मू और कश्मीर ही ग्रुप से ऐसी टीम है जो अब भी नॉकआउट में पहुंचने की दौड़ में बनी हुई है। केएल राहुल भी अलूर में मध्य प्रदेश के खिलाफ कर्नाटक की टीम को मजबूती प्रदान करेंगे, जिससे ग्रुप बी के शीर्ष पर काबिज टीम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की संभावना और बढ़ जाएगी। नीतीश कुमार रेड्डी अनंतपुर में विजय हजारे ट्रॉफी चैंपियन विदर्भ के खिलाफ आंध्र प्रदेश की तरफ से खेलेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रीलंका से पहले चोटिल होने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ज षभ पंत दिल्ली की तरफ से रणजी ट्रॉफी मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन पर हैं। ग्रुप सी में 23 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज बंगाल कोलकाता के बाहरी इलाके में स्थित कल्याणी स्टेडियम में दूसरे स्थान पर काबिज सेना की मेजबानी करेगा। बंगाल इस मुकाबले में चार अंकों की बढ़त के साथ उतरेगा। रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में दो दौर के मैच खेले जाएंगे इसके बाद क्वार्टर फाइनल होंगे जो छह फरवरी से खेले जाएंगे। टी20 विश्व कप के साथ ही नॉकआउट चरण के मैच आयोजित किए जाएंगे। फाइनल 24 से 28 फरवरी के बीच खेला जाएगा। चारों एलीट ग्रुप में से प्रत्येक में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हटा दिया।

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इस तरह उसने भारतीय सरजमीं पर पहली बार वनडे श्रृंखला जीतकर 37 साल का इंतजार खत्म किया था। मिचेल ने इस श्रृंखला में दो शतक लगाए और 34 वर्षीय यह बल्लेबाज मात्र 54वीं पारी में सबसे तेज नौ वनडे शतक पूरे करने वाले चौथे पुरुष खिलाड़ी बन गए। केवल इमाम-उल-हक (48), हाशिम अमला (52) और क्विंटन डिकॉक (53) ही उनसे आगे हैं। हैमिल्टन में जन्मे मिचेल अपने करियर की शीर्ष फॉर्म में हैं। उन्होंने तीन मैच की श्रृंखला में कुल 352 रन बनाए। किसी तीन मैच की वनडे श्रृंखला में यह न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं और कुल मिलाकर यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे आगे केवल पाकिस्तान के बाबर आजम (2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 360 रन) और भारत के शुभमन गिल (2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 360 रन) हैं। आईसीसी ने एक बयान में कहा 845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली (795 अंक) की जगह ली है जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बाद इब्राहिम जदरान, रोहित शर्मा, शुभमन गिल और बाबर आजम मौजूद हैं। यह दूसरी बार है जब मिचेल ने वनडे क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले वह पिछले साल नवंबर में सिर्फ तीन दिन के लिए शीर्ष पर रहे थे जिसके बाद रोहित शर्मा ने उन्हें पछाड़ दिया था। भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेले गए वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स (पांच शतक) के बाद मिचेल (चार शतक) दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं।




### यूरोप में क्रिकेट के लिए नये द्वार खोलेगी ईटीपीएल : स्टीव वॉ

नागपुर। स्टीव वॉ ने अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर को अलविदा कहने के बाद पिछले दो दशकों में कई व्यवसायिक उद्यमों में हाथ आजमाया है, लेकिन यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग में एक फ्रेंचाइजी का मालिक बनकर उन्होंने एक ऐसी चुनौती को स्वीकार किया है जिसका बड़ा मकसद यूरोपीय महाद्वीप में क्रिकेट का विस्तार करना है। पहला ईटीपीएल उस क्षेत्र में खेल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जिसे लंबे समय से क्रिकेट के मामले में पिछड़ा हुआ माना जाता रहा है। इस लीग में आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्ड सक्रिय रूप से शामिल होंगे, जबकि इसके मालिकों में दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई हॉकी ओलंपियन जेमी ड्वायेर, न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज काइल मिल्स और शानदार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल शामिल हैं। एम्सटर्डम फ्लेम्स फ्रेंचाइजी के मालिक वॉ के लिये इसमें शामिल होने का फैसला रणनीतिक और व्यक्तिगत दोनों था। उन्होंने बातचीत में कहा मेरे लिए, यूरोप क्रिकेट का आखिरी मोर्चा है और इसीलिए मैं इसमें शामिल हूं।

# गुजरात जाइंट्स पर यूपी वारियर्स का पलड़ा भारी




एजेंसी

वडोदरा। खराब फॉर्म से जूझ रही गुजरात जाइंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में बृहस्पतिवार को यूपी वारियर्स का पलड़ा भारी होगा जबकि प्लेआफ के बाकी दो स्थानों के लिये मुकाबला कड़ा हो गया है। पूर्व चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू पांचों मैच जीतकर क्वालीफाई कर चुकी है जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर सभी के लिये रास्ते खुले रखे हैं। मुंबई, यूपी , दिल्ली और गुजरात के चार अंक हैं लेकिन नेट रनरेट के आधार पर वारियर्स गुजरात से ऊपर हैं। गुजरात लगातार तीन हार के बाद सबसे नीचे है लेकिन पहले चरण में उसने यूपी वारियर्स को हराया था। सत्र के पहले मैच में गुजरात ने 207 रन बनाने के बाद वारियर्स को आठ विकेट पर 197 रन रोक दिया था।

इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को चार रन से हराया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट पर 192 रन बनाने के बावजूद गुजरात को हार झेलनी पड़ी। आरसीबी के खिलाफ 183 रन के लक्ष्य के जवाब में टीम 150 रन ही बना सकी और पिछले मैच में इसी टीम के खिलाफ 179 रन के लक्ष्य के जवाब में आठ विकेट पर 117 रन ही बना पाई। सीनियर बल्लेबाजों के खराब फॉर्म ने उसकी मुश्किलें बढा दी है। आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी पांच पारियों में 95 रन ही बना सकी है। सोफी डेवाइन ने पिछले तीन मैचों में आठ, आठ और 0 रन बनाये हैं। अनुष्का शर्मा अभी तक लय हासिल नहीं कर पाई हैं।

अधिकांश दारोमदार कप्तान एशले गार्डनर पर रहा है जिन्होंने दो अर्धशतक बनाये हैं। दूसरी ओर यूपी ने खराब शुरूआत के बाद अपने गेंदबाजों के दम पर शानदार वापसी की है। गुजरात, आरसीबी और दिल्ली से पहले तीन मैच हारने के बाद उसने पांच विकेट पर 161 रन बनाने के बावजूद मुंबई इंडियंस को हराया। इसके बाद इसी टीम पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूपी के गेंदबाजों क्रांति गौड़, शिखा पांडे और डिएंड्रा डोटिन ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, दीप्ति शर्मा और आशा शोभना ने उनका बखूबी साथ निभाया। दीप्ति का बतौर बल्लेबाज खराब फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। बल्लेबाजी में हालांकि मैग लैनिंग और फीबी लिचफील्ड फॉर्म में हैं। मैच का समय : शाम 7.30 से।

# तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : वैष्णव

## भारत के लिए चुनौती प्रति व्यक्ति आय को ऊंचे स्तर तक ले जाना है



दावोस। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारत आने वाले कुछ वर्षों में निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वहीं अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि यह 2028 या उससे भी पहले संभव है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के एक सत्र में यहां वैष्णव ने कहा कि चिंता का एकमात्र विषय अमीर देशों में कर्ज का पहाड़ और उनका भारत पर संभावित असर क्या होगा है। गोपीनाथ ने कहा कि भारत के लिए चुनौती तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना नहीं है बल्कि प्रति व्यक्ति आय को ऊंचे स्तर तक ले जाना है।

वैष्णव ने कहा कि पिछले एक दशक में देश में परिवर्तनकारी बदलाव हुआ है जो सुविचारित, स्पष्ट रूप से परिभाषित और बेहतर क्रियान्वयन पर आधारित है। उन्होंने बताया कि यह चार स्तंभों भौतिक, डिजिटल एवं सामाजिक अवसंरचना में सार्वजनिक निवेश, समावेशी विकास, विनिर्माण एवं नवाचार और प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर टिका है। वैष्णव ने कहा, इन सभी को प्रौद्योगिकी मंच के साथ जोड़कर हमने ऐसा ढांचा तैयार किया है जिससे अगले पांच वर्ष में भारत छह से आठ प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि, दो से चार प्रतिशत की महंगाई और 10-13 प्रतिशत की बाजार मूल्य आधारित वृद्धि हासिल करेगा। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री तथा सरकार की प्राथमिकता गरीबों की सुरक्षा है और इसी कारण 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। वैष्णव ने हालांकि वैश्विक स्तर पर विकसित देशों के कर्ज को लेकर चिंता जताई और कहा कि यदि बड़े पैमाने पर बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल होती है तो उसका असर भारत पर भी पड़ सकता है। गोपीनाथ ने कहा कि भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कोई संदेह नहीं है और यह कुछ वर्षों की ही बात है। हालांकि यह इस बात पर निर्भर है कि कोई बड़ी आपदा न हो। उन्होंने कहा कि मौजूदा अनुमानों के आधार पर भारत 2028 तक यह मुकाम हासिल कर सकता है और यह इससे पहले भी हो सकता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों में संशोधन किस आधार पर होता है। गोपीनाथ ने साथ ही कहा कि भारत में बड़े सुधार हुए हैं। भौतिक एवं डिजिटल अवसंरचना प्रभावशाली है और कर सुधार अहम रहे हैं। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को पाने के लिए प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना और सुधारों की निरंतर गति बनाए रखना जरूरी है। गोपीनाथ ने भूमि अधिग्रहण, न्यायिक सुधार, श्रम बाजार की जटिलताओं और कौशल विकास को भारत की विकास यात्रा की प्रमुख चुनौतियां बताया। उद्योगपति सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारत एक मजबूत स्थिति में है और निश्चित रूप से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। व्यापार जगत को सक्षम माहौल, प्रतिबद्ध सरकार और स्थिरता की जरूरत होती है जो वर्तमान में उपलब्ध है। उन्होंने वैश्विक प्रतिस्पर्धा को एक बड़ी चुनौती बताया और कहा कि भारत को अपने घरेलू बाजार एवं व्यापार समझौतों के जरिये वृद्धि के नए रास्ते तलाशने होंगे। गोपीनाथ ने प्रदूषण को भी भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि इसका अर्थव्यवस्था और मानव जीवन पर भारी बोझ है और इससे युद्धस्तर पर निपटना जरूरी है। अमेरिका के उंचे शुल्कों के भारत की वृद्धि पर असर से जुड़े सवाल पर वैष्णव ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत वृहत आर्थिक एवं सूक्ष्म आर्थिक बुनियाद पर टिकी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में भी मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादक नए बाजार तलाश रहे हैं और निर्यात में वृद्धि हुई है।

# बिहार की सभी बंद चीनी मिलें चालू कराई जायेंगी : चौधरी



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा कि राज्य की सभी बंद चीनी मिलें चालू कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि बिहार के लोगों को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में काम मिले, इसके लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने दावा किया कि बिहार में देश का सबसे बेहतर औद्योगिक नीति लागू की गई है। यहां उद्योग लगाने के लिए सरकार एक रुपए में जमीन उपलब्ध करा रही है और 15 दिनों में कर्ज मंजूर किया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य में सेमीकंडक्टर तक के कारखाने लग रहे हैं। वे समृद्धि यात्रा के दौरान सारण जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में घर-घर बिजली पहुंचाने का सपना साकार हुआ है। एक समय था जब बिहार के शहरों में भी मुश्किल से पांच घंटे बिजली मिलती थी, लेकिन आज गांवों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में एक करोड़ 90 लाख परिवारों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे लगभग एक करोड़ 70 लाख परिवारों का बिजली बिल शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़कों का व्यापक जाल बिछा है। गांव-गांव ही नहीं, बल्कि गली-गली तक सड़कों का निर्माण कराया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही सारण में एयरपोर्ट का भी निर्माण कराया जाएगा, जिससे सारण और आसपास के जिलों की संपर्क सुविधा बेहतर होगी और व्यापार व पर्यटन को नई गति मिलेगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए युवा कौशल विभाग का गठन किया गया है और बिहार के युवाओं को कौशलयुक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख सरकारी नौकरी और रोजगार दिए गए हैं। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ सरकारी नौकरी और रोजगार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

संक्षेप

## जीप-स्कूल वैन की भिड़ंत में छात्रा की मौत, 11 बच्चे घायल

बैतूल। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बुधवार को जीप और स्कूल वैन की आमने-सामने की भिड़ंत में एक छात्रा की मौत हो गई और 11 बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर भैंसदेही थाना क्षेत्र के ग्राम गुदगांव में हुआ। भैंसदेही के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) भूपेंद्र सिंह मौर्य ने बताया कि निजी स्कूल की वैन पूर्णा नदी के पास गैस गोदाम के सामने दुर्घटनाग्रस्त हो गई और फिर सामने से आ रही जीप ने वैन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में केजी-2 की छात्रा हर्षिता पाटनकर (पांच) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 बच्चे घायल हो गए। मौर्य ने बताया कि गंभीर रूप से घायल वैन चालक सहित चार बच्चों को जिला अस्पताल, बैतूल भेजा गया है। उनके मुताबिक, वैन में ग्राम राजनी, ठेमगांव और गुदगांव के बच्चे सवार थे। अन्य घायल बच्चों को भैंसदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के अनुमंडलपदाधिकारी, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारी अस्पताल पहुंचे और घायलों के उपचार का जायजा लिया।

## नेपाल में पांच मार्च को होने वाले चुनाव में चार पूर्व प्रधानमंत्री भी आजमायेंगे किस्मत

काठमांडू। नेपाल में जेन जेड के विरोध प्रदर्शनों के महीनों बाद पांच मार्च को कराए जा रहे आम चुनाव में चार पूर्व प्रधानमंत्री भी अपनी किस्मत आजमाएंगे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष और जेन-जेड आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री पद छोड़ने को मजबूर हुए के पी शर्मा ओली ने आगामी चुनाव के लिए झापा-5 सीट से नामांकन दाखिल किया है। वहीं, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल प्रचंड रुकुम पूर्व से किस्मत आजमा रहे हैं। दो अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के माधव कुमार नेपाल और प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी के बाबूराम भट्टराई ने क्रमशः रौतहट-1 और गोरखा-2 निर्वाचन क्षेत्रों से नामांकन दाखिल किया है।

हालांकि, दो अन्य पूर्व प्रधानमंत्री नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता झाला नाथ खनाल इस दौड़ में शामिल नहीं हैं। नेपाल में जेन-जेड युवाओं के नेतृत्व वाले हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद ओली ने नौ सितंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

## द्रमुक सरकार को हटाने के लिए प्रतिबद्ध है राजग



चेन्नई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) तमिलनाडु में लोगों, तमिल संस्कृति और गौरव पर हमला करने वाली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार को हटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

चेन्नई में टीटीवी दिनाकरन की पार्टी अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) के फिर से गठबंधन में शामिल होने के कुछ मिनट बाद, गोयल ने कहा कि राजग मिलकर काम करेगा और तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन को हराएगा। दिनाकरन के राजग में फिर से शामिल होने पर टिप्पणी करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा मैं सम्मानित और प्रसन्न हूं, व्यक्तिगत रूप से बहुत खुश हूं कि मेरे अच्छे दोस्त और वरिष्ठ नेता, और मेरे भाई दिनाकरन जी ने राजग परिवार में वापस आने का फैसला किया है। वह (दिनाकरन) 2004-2007 के दौरान मेरे पिता के साथ राज्यसभा में कार्यरत थे, और तब से मैंने उनके अच्छे काम, उनकी लोकप्रियता और उनके नेतृत्व कौशल को देखा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन और वानती श्रीनिवासन सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों भी मौजूद थे। एएमएमके के शामिल होने पर गोयल ने कहा, मेरे बड़े भाई और अन्नाद्रमुक के नेता ई के पलानीस्वामी, मेरे भाई और अच्छे दोस्त अंबुमणि रामदास (पीएमके), राजग में मेरे अन्य सहयोगी जी के वासन (तमिल मनीला कांग्रेस), हम सभी इस भ्रष्ट द्रमुक सरकार को हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, यह अक्षम द्रमुक सरकार, जो तमिलनाडु के लोगों, तमिल संस्कृति और तमिल गौरव पर हमला कर रही है, जिससे हम बहुत आहत हैं।

## राष्ट्रपति पुतिन बृहस्पतिवार को ट्रंप के विशेष दूत विटकॉफ से मुलाकात करेंगे : क्रेमलिन

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बृहस्पतिवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात करेंगे। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

दावोस में मंगलवार को यूक्रेन मामलों पर रूस के विशेष दूत किरिल दिमित्रीयेव और विटकॉफ तथा राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के बीच दो घंटे तक हुई बेहद ठोस वार्ता की खबरों के बीच, अमेरिकी दूत राष्ट्रपति पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को रवाना हो रहे हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने सरकारी समाचार एजेंसी तास को बताया, जी हां, हमें कल ऐसी बैठक की उम्मीद है। यह राष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल है। इससे पहले, विटकॉफ ने चैनल सीएनबीसी को बताया था कि वह बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। विटकॉफ मॉस्को रवाना होने से पहले बुधवार रात को स्विट्जरलैंड में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे।

## भारत और स्पेन को आतंकवाद के खिलाफ समन्वय करना होगा: राष्ट्रपति



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को रेखांकित किया कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा बने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और स्पेन का साझा रुख है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों से मिलकर लड़ने के लिए दोनों देशों को संसाधनों और क्षमताओं को साझा करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी स्पेन के विदेश मामलों, यूरोपीय संघ से सहयोग मामलों के मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस के साथ राष्ट्रपति भवन में हुई मुलकात के दौरान की। उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन के बीच संबंध सदियों पुराने हैं, जो व्यापार, संस्कृति और लोकतंत्र और बहुलतावाद के साझा मूल्यों से समृद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि बहुपक्षवाद के प्रबल समर्थक होने के नाते, भारत और स्पेन को संयुक्त राष्ट्र और जी20 जैसे बहुपक्षीय मंचों पर मिलकर काम करना चाहिए ताकि विश्व भर में शांति, समृद्धि और स्थिरता के अपने साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सके। राष्ट्रपति मुर्मू ने रेखांकित किया कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बने आतंकवाद का मुकाबला करने के मामले में भारत और स्पेन का साझा रुख है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों और प्रकारों से लड़ने के लिए दोनों देशों को अपने संसाधनों और क्षमताओं को समन्वयित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों पर प्रकाश डाला और व्यापार एवं निवेश के बढ़ते अवसरों का उल्लेख किया। राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक राष्ट्राध्यक्ष ने कहा कि इंजीनियरिंग, रेलवे, नवीकरणीय ऊर्जा, शहरी सेवाओं और रक्षा एयरोस्पेस में स्पेन की मजबूत स्थिति भारत की विकास प्राथमिकताओं की पूरक हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने भरोसा जताया कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे। यूरोपीय संघ भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, और वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 135 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यूरोप और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं।

## ट्रंप की धमकियां यूरोप की सुरक्षा व समृद्धि के लिए खतरा: कोस्टा

ब्रसेल्स। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और उसके (ग्रीनलैंड) समर्थकों पर शुल्क लगाने की धमकियां दिया जाना यूरोप की सुरक्षा, समृद्धि और सिद्धांतों के लिए एक चुनौती है। यूरोपीय संघ के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि अटलांटिक पार से संबंधों की वर्तमान स्थिति में इन तीनों आयामों की परीक्षा हो रही है। उन्होंने बृहस्पतिवार को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के 27 देशों के नेताओं के एक आपातकालीन शिखर सम्मेलन से आह्वान किया है। आर्कटिक क्षेत्र के खनिज संपदा से समृद्ध इस द्वीप पर कब्जा करने का ट्रंप के दृढ़ संकल्प (जिसे वे सुरक्षा जरूरत बताते हैं) ने यूरोप और कनाडा जैसे सहयोगियों के बीच अमेरिका के प्रति भरोसे को कम कर दिया है। डेनमार्क ने ग्रीनलैंड, जो एक अर्ध-स्वायत्त डेनिश क्षेत्र है, में एक सैन्य टोही बल भेजकर ट्रंप को नाराज कर दिया है। कई यूरोपीय देशों के कुछ सैनिक भी इसमें शामिल हुए और डेनमार्क वहां दीर्घकालिक सैन्य उपस्थिति पर विचार कर रहा है। कोस्टा ने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अंतरराष्ट्रीय कानून, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय संप्रभुता के सिद्धांतों पर एकजुट हैं, जिसे इस गुट ने रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा करने में भी रेखांकित किया है तथा यह सिद्धांत अब ग्रीनलैंड में खतरे में पड़ गया है। फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ के सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डेनमार्क और ग्रीनलैंड ही अपने भविष्य का फैसला कर सकते हैं।




इंटरटेनमेंट...

## धुरंधर 2 में विक्की कौशल की एंट्री!



मुंबई। एक्टर विक्की कौशल फिल्म धुरंधर 2 का हिस्सा बनने जा रहे हैं। वह फिल्म में एक एक्सटेंडेड कैमियो करेंगे। फिल्म में वह डायरेक्टर आदित्य धर की ही फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक के अपने रोल मेजर विहान शेरगिल को फिर से निभाते नजर आएंगे।

यह दावा मिड-डे की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि धर इस फिल्म में कौन-कौन से बड़े सितारे जोड़ रहे हैं, इस पर चुप्पी बनाए हुए हैं। वह 'धुरंधर यूनिवर्स' बनाना चाहते हैं। इसी वजह से उन्होंने अलग समय की कहानी होने के बावजूद उरी की कहानी को फिल्म में जोड़ा है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि विक्की और रणवीर सिंह के किरदार आमने-सामने आएंगे या नहीं। विक्की के कैमियो में कुछ एक्शन सीन भी होंगे। विक्की ने अपने हिस्से की शूटिंग पिछले साल ही कर ली थी। सूत्र ने यह भी कहा कि विक्की, आदित्य धर के पसंदीदा एक्टर्स में से एक हैं और भविष्य में फिल्म के स्पिन-ऑफ की भी प्लानिंग है।

उरी के बाद दोनों फिल्म द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा में साथ काम करने वाले थे, लेकिन ज्यादा बजट के कारण वह फिल्म बंद हो गई थी। विक्की कौशल को मेजर विहान के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था। विक्की कौशल को मेजर विहान के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

धुरंधर 2: द रिवेंज ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर का सीक्वल है और 2026 की सबसे बड़ी फिल्मों में गिनी जा रही है। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी। हाल ही में टीजर को ज्यादा हिंसा के कारण 'अ' सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म का टीजर 23 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म बॉर्डर 2 के साथ सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा।

❍ रिपोर्ट में दावा-एक्सटेंडेड कैमियो में मेजर विहान शेरगिल के रोल में दिखेंगे एक्टर

## बॉर्डर 2 को लेकर ट्रोलिंग पर वरुण ने किया रिएक्ट



मुंबई। एक्टर वरुण धवन को उनकी फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने ट्रोल किया। मंगलवार को इस पर रिएक्शन देते हुए वरुण ने कहा कि उन्हें इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता।

उनका भरोसा अच्छी फिल्म बनाने में है। बॉर्डर 2 का गाना 'घर कब आओगे' रिलीज होने के बाद वरुण की एक्टिंग और उनकी स्माईल वाले रिएक्शन को लेकर सोशल मीडिया पर मीम्स बनाए गए। हालांकि, फिल्म का ट्रेलर आने के बाद कई लोगों ने उनकी तारीफ भी की। मंगलवार को फिल्म बॉर्डर 2 से जुड़े इवेंट ब्रेव्स ऑफ द सॉइल ट्रिब्यूट ट्रेलर लॉन्च के दौरान जब यह पूछा गया कि जब टीजर लॉन्च हुआ था, तब आपको लेकर शोर (ट्रोलिंग) था, जो अब धीरे-धीरे कम हो रहा है, आप इसे कैसे देखते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं मानता हूं कि शोर को बंद करके अपने काम को बोलने देना चाहिए। ये सब चलता रहता है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इसके लिए काम नहीं करता।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने सलमान को जारी किया नोटिस

मुंबई। दिल्ली हाईकोर्ट ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस एक चीन स्थित अक वॉयस जनरेशन प्लेटफॉर्म की याचिका पर दिया गया, जो 11 दिसंबर 2025 के अंतरिम आदेश को हटाने की मांग कर रहा है। उस आदेश में सलमान की आवाज, नाम, तस्वीर और पहचान के बिना अनुमति व्यवसायिक इस्तेमाल पर रोक लगाई गई थी।? बता दें कि सलमान खान ने अपनी पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा के लिए मुकदमा दायर किया था, ताकि कोई उनकी ब्रांड वैल्यू का गलत फायदा न उठाए। जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने सुनवाई के दौरान सलमान की ओर से वकील निजाम पाशा को पेश किया।

## फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर रिलीज



मुंबई। फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म ओ रोमियो का ट्रेलर बुधवार को रिलीज कर दिया गया। साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है, जबकि फिल्म में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, अरुणा ईरानी, फरीदा जलाल और अविनाश तिवारी जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर देखने के बाद कहा जा सकता है कि यह सिर्फ एक लव स्टोरी नहीं, बल्कि जुनून, त्याग की भी कहानी भी है। ट्रेलर में प्यार, धोखा, बदला और हिंसा के गहरे रंग दिखाई देते हैं। शाहिद कपूर एक इंटेंस और खतरनाक किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी एक मजबूत और इमोशनल किरदार निभा रही हैं। ट्रेलर के डायलॉग जैसे 'हम आपके हैं कौन? माधुरी दीक्षित, 'जब कहूंगा, नाचना पड़ेगा, 'उस्तरा से पंगा नहीं लेने का' और 'शरीर से आत्मा काट के ले जाता है' ने ध्यान खींचा है। ट्रेलर में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की इंटेंस केमिस्ट्री दिख रही है। फिल्म में फरीदा जलाल शाहिद की दादी की भूमिका निभा रही हैं। तृप्ति ने शाहिद की तारीफ की आज फिल्म के पोस्टर और ट्रेलर लॉन्च इवेंट का आयोजन भी हुआ।

इवेंट में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी और नाना पाटेकर मौजूद रहे। इवेंट के दौरान तृप्ति डिमरी ने शाहिद कपूर के साथ काम करने के अनुभव को शेयर करते हुए उन्हें शानदार और बेहद सपोर्टिव को-स्टार बताया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के जरिए शाहिद के साथ काम करने का उनका सपना पूरा हुआ है। इवेंट में शाहिद ब्लैक आउटफिट में, जबकि तृप्ति सफेद ड्रेस में पहुंची। नाना पाटेकर इवेंट में कुर्ता और गले में सफेद गमछा पहने हुए पहुंचे। इवेंट में अविनाश तिवारी बेहद स्टाइलिश नजर आए, जबकि विशाल भारद्वाज सिंपल और एलिगेंट दिखाई दिए। इवेंट में अविनाश तिवारी बेहद स्टाइलिश नजर आए, जबकि विशाल भारद्वाज सिंपल और एलिगेंट दिखाई दिए।

❍ शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की दिखी इंटेंस केमिस्ट्री नाना पाटेकर के किरदार ने भी खींचा ध्यान

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com
C M Y K